आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* विश्व खाद्य दिवस

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 274 | उज्जैन, शुक्रवार 16 अक्टूबर, 2026 | आश्विन शुक्ल 6 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

भारत पर 100% टैरिफ लगेगा या नहीं,10 दिन में फैसला

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत पर 100% टैरिफ लगाने को लेकर करीब 10 दिन में फैसला ले सकते हैं। यह बात अमेरिकी दूत सर्जियो गोर ने ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में कही। गोर ने कहा कि भारत को प्रतिबंधों से छूट मिलेगी या नहीं, यह भी ट्रम्प ही तय करेंगे। अमेरिकी संसद ने 16 सितंबर को रूस से तेल-गैस खरीदने वाले देशों पर 100% टैरिफ लगाने का बिल पास किया था। ट्रम्प ने भी 18 सितंबर को इस कानून को मंजूरी दे दी है, लेकिन किसी देश पर प्रतिबंध नहीं लगाया है।

पाकिस्तान में स्कूल की छत गिरने से 35 की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के पेशावर में गुरुवार को एक प्राइवेट स्कूल की छत गिरने से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 35 हो गया है। इनमें 34 छात्र और एक महिला टीचर शामिल हैं। सभी बच्चों की उम्र 13 साल या उससे कम है। हादसे के बाद निजी स्कूल के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह हादसा दीर कॉलोनी इलाके में हुआ। इसमें 40 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। उनके इलाज के लिए अस्पताल में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में डॉक्टरों और दूसरे कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

नेहा बोरा बांग्लादेश जैसा आंदोलन चाहती हैं : भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा ने आयशा अध्यक्ष नेहा बोरा के बांग्लादेश के जेन-जी आंदोलन पर दिए बयान को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधा है। भाजपा नेता प्रदीप भंडारी ने आरोप लगाया कि नेहा बोरा के शब्दों के पीछे राहुल गांधी की सोच है। भंडारी ने कहा- राहुल गांधी ने एक मार्च के दौरान नेहा बोरा को आंदोलन के चेहरे के तौर पर पेश किया था। वही नेहा बोरा चाहती हैं कि जो बांग्लादेश में हुआ, भारत में भी बिल्कुल वैसा ही हो। ये शब्द भले ही नेहा बोरा के हैं, लेकिन इनके पीछे के विचार राहुल गांधी के हैं। दरअसल, नेहा बोरा ने दो दिन पहले बांग्लादेश के सोशलिस्ट स्टूडेंट्स फ्रंट को उनके छठे सेंट्रल कॉन्फ्रेंस के लिए बधाई देते हुए एक वीडियो मैसेज भेजा था।

एक्टर इमरान खान को भारत छोड़ने का नोटिस



28 अक्टूबर तक की मोहलत, आरोप- भारतीय नागरिक नहीं, ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल हुए थे

मुंबई। एक्टर इमरान खान को मुंबई पुलिस ने नोटिस जारी कर 28 अक्टूबर तक भारत छोड़ने का निर्देश दिया है। इमरान 10 अक्टूबर को मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन में शामिल हुए थे। इसके बाद मुंबई पुलिस ने इमरान खान को हिरासत में भी लिया था। वे 22-23 जुलाई को नीट पेपर लीक के विरोध में हुए कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में भी शामिल हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान भारतीय नहीं, अमेरिकी नागरिक हैं और विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए थे। इस मामले में उनके खिलाफ इमिग्रेशन एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। इमरान का जन्म अमेरिका के विस्कॉन्सिन में हुआ था। जन्म से ही उनके पास अमेरिका की नागरिकता और अमेरिकी पासपोर्ट है। वे कानूनी रूप से भारत के नागरिक नहीं हैं। भारत में रहने और काम करने के लिए वे ओवरसीज सिटीजनशिप ऑफ इंडिया कार्ड का इस्तेमाल करते हैं। भारत में विदेशी नागरिकों के प्रवेश, रहने और गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट, 2025 लागू है।

नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली** : 1 नवंबर से फोन-स्क्रीन पर कॉलर का नाम दिखाना जरूरी, जिस आईडी से सिम खरीदी, वही नाम डिस्प्ले होगा, फर्जी कॉल पहचानने में मदद मिलेगी।
- **नई दिल्ली** : पीएम मोदी एशियन गेम्स मेडलिस्ट से मिले, कहा- महिला हॉकी में 44 साल का इंतजार खत्म हुआ, इनकी सफलता, देश की सफलता।
- **वाशिंटन** : यूरोप ने रूस से 30 लाख करोड़ का तेल-गैस खरीदा, इस साल भी इम्पोर्ट जारी, 2025 में भारत की रिफाइनरी पर प्रतिबंध लगाए थे।
- **तेहरान**: चीन की मदद से मिसाइल बना रहे हूती विद्रोही, डिजाइन ईरान में तैयार हुआ, सऊदी के अलावा इजराइल को भी निशाना बना सकते हैं।
- **वाराणसी**: अवैध पटाखा फैक्टरी में धमाका, तीन मंजिला मकान ढहा, दूसरा भी क्षतिग्रस्त, पत्नी और दो बेटों समेत 6 दबे।
- **नई दिल्ली** : एल. मुरुगन का मोदी कैबिनेट से इस्तीफा, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी।

मोहन सरकार की तरफ से भ्रष्टाचारियों को खुली छूट?

उज्जैन में भ्रष्टाचारियों का नंगा नाच

लोक निर्माण विभाग अब फिर प्रभारों को लेकर सवालों के घेरे में बागोले, पटेल और यादव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

- अधीक्षण यंत्री से प्रभारी मुख्य अभियंता बने बागोले
- कार्यपालन यंत्री से अधीक्षण यंत्री बने पटेल और सहायक यंत्री से कार्यपालन यंत्री के प्रभार तक पहुंचे यादव की पदस्थापना पर उठे सवाल
- शासन के नियमों को दरकिनार कर उपयंत्री को कार्यपालन यंत्री का प्रभार देने का आरोप
- पुराने कार्यकाल और वर्तमान पदस्थापना की जांच की मांग

लोक निर्माण विभाग उज्जैन में अधिकारियों को प्रभार सौंपने की व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। विभाग में अधिकारियों की पदस्थापना और पदोन्नति के बीच प्रभार की सीढ़ियां चढ़ने वाले अधिकारियों की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि सिंहस्थ 2016 के दौरान भी योगेंद्र बागोले, गणेश पटेल और अजय यादव इसी विभाग में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत थे। उस समय विभागीय कार्यों में भारी भ्रष्टाचार होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। अब सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच एक बार फिर इसी तिकड़ी के नाम चर्चा में हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या पिछले कार्यकाल की जिम्मेदारियों और कार्यों की निष्पक्ष समीक्षा की गई है?

पदों के प्रभार और पदस्थापना पर सवाल

विभागीय पदों पर प्रभार की व्यवस्था को लेकर सामने आए विवरण के अनुसार, योगेंद्र बागोले अधीक्षण यंत्री के पद से प्रभारी मुख्य अभियंता बने, गणेश पटेल कार्यपालन यंत्री से प्रभारी अधीक्षण यंत्री के पद तक पहुंचे, जबकि अजय यादव सहायक यंत्री के पद से कार्यपालन यंत्री का प्रभार संभालने तक पहुंच गए। इन पदस्थापनाओं की प्रक्रिया और इनके लिए अपनाए गए मानदंडों की समीक्षा की मांग की जा रही है।

सवाल केवल अधिकारियों के पदों तक पहुंचने का नहीं, बल्कि यह भी है कि महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों और सार्वजनिक धन से जुड़ी परियोजनाओं की जिम्मेदारी सौंपते समय शासन के निर्धारित नियमों तथा अधिकारियों की सेवा संबंधी स्थिति का कितना ध्यान रखा गया।





नियमों की व्याख्या और आदेश की वैधता की जांच जरूरी

- मामले में यह दावा किया जा रहा है कि निर्धारित व्यवस्था के तहत कार्यपालन यंत्री का प्रभार वरिष्ठ कार्यपालन यंत्री, संबंधित संभाग के वरिष्ठतम पात्र अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी अथवा मुख्य अभियंता कार्यालय से संबद्ध कार्यपालन यंत्री को दिया जा सकता है। साथ ही, उपयंत्री को इस पद का प्रभार देने पर भी आपत्ति उठाई जा रही है।
- ऐसे में यह स्पष्ट होना जरूरी है कि संबंधित शासनादेश और प्रचलित सेवा नियम इस विशेष परिस्थिति में किस प्रकार लागू होते हैं। केवल पदनाम के आधार पर किसी आदेश को नियमविरुद्ध घोषित करना पर्याप्त नहीं होगा। यह भी जांचना होगा कि स्थानीय व्यवस्था के लिए कोई विशेष प्रावधान था या नहीं, आदेश जारी करने वाले अधिकारी को कितने अधिकार प्राप्त थे और क्या किसी सक्षम प्राधिकारी की अनुमति ली गई थी।
- यदि नियमों के विपरीत प्रभार दिया गया है, तो यह प्रशासनिक जवाबदेही का गंभीर मामला होगा। वहीं, यदि विभाग के पास इसके समर्थन में वैध नियम या सक्षम प्राधिकारी की अनुमति है, तो उसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

उपयंत्री को कार्यपालन यंत्री का प्रभार देने का मामला

वर्तमान विवाद का प्रमुख बिंदु उपयंत्री अजय यादव को लोक निर्माण विभाग, भवन एवं पथ, संभाग उज्जैन के कार्यपालन यंत्री का प्रभार सौंपने से जुड़ा है। उपलब्ध कराए गए आदेश के अनुसार, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी कार्यपालन यंत्री गौतम अहिरवार का स्थानांतरण प्रमुख अभियंता कार्यालय, भोपाल किया गया था। इसके बाद शासन द्वारा उनके स्थान पर किसी अन्य अधिकारी की पदस्थापना नहीं किए जाने का उल्लेख करते हुए स्थानीय व्यवस्था के तहत अजय यादव को अतिरिक्त कार्य के रूप में कार्यपालन यंत्री का प्रभार सौंपा गया। बताया गया है कि मुख्य अभियंता योगेंद्र बागोले के आदेश क्रमांक 60/स्थापना/2025-26, उज्जैन, दिनांक 22 जून 2026 के माध्यम से यह व्यवस्था की गई। आदेश में इसे अस्थायी प्रभार बताते हुए कहा गया कि शासन अथवा वरिष्ठ कार्यालय से नया आदेश जारी होने पर वर्तमान व्यवस्था स्वतः समाप्त मानी जाएगी। यहीं सबसे महत्वपूर्ण सवाल खड़ा होता है कि क्या उपयंत्री को इस पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने के लिए लागू नियमों के अंतर्गत पर्याप्त अधिकार और परिस्थितियां मौजूद थीं? क्या वरिष्ठ अधिकारियों की उपलब्धता, पात्रता और वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार किया गया था? इन सवालों का जवाब विभागीय आदेशों और शासन के नियमों की जांच से ही सामने आ सकता है।

सरकार और विभाग के सामने तीन बड़े सवाल

पहला, अजय यादव को कार्यपालन यंत्री का प्रभार सौंपने के लिए किन नियमों और अधिकारों का आधार लिया गया? दूसरा, क्या संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कोई विभागीय जांच, सतर्कता कार्रवाई अथवा गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत लंबित है? यदि है, तो क्या प्रभार देने से पहले नियमानुसार उसका परीक्षण किया गया? तीसरा, सिंहस्थ 2016 के दौरान कराए गए कार्यों की गुणवत्ता, लागत, भुगतान और कथित अनियमितताओं की स्वतंत्र समीक्षा क्यों न कराई जाए, ताकि पुराने आरोपों की वास्तविकता सामने आ सके?

शासन के पत्र में क्या हैं निर्देश?

लोक निर्माण विभाग में प्रभार सौंपने के संबंध में मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग मंत्रालय के पत्र क्रमांक 17-ऋ-2004/स्थापना/19, भोपाल, दिनांक 22 जुलाई 2004 का हवाला दिया जा रहा है। इस पत्र के अनुसार, प्रभार देने से पहले संबंधित अधिकारी के विरुद्ध प्रचलित विभागीय जांच, लोकायुक्त, आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू), मुख्य तकनीकी परीक्षक (सीटीई) अथवा अन्य सतर्कता संस्थाओं की कार्रवाई और गंभीर वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित शिकायतों की स्थिति पर विचार किया जाना चाहिए। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपते समय संबंधित अधिकारी की सेवा संबंधी स्थिति और उसके विरुद्ध लंबित मामलों को नजरअंदाज न किया जाए। हालांकि, इस मामले में उक्त पत्र की प्रयोज्यता, वर्तमान नियमों और संबंधित अधिकारियों की वास्तविक विभागीय स्थिति की आधिकारिक पुष्टि होना आवश्यक है।

सिंहस्थ 2016 के कार्यों की समीक्षा की मांग- सिंहस्थ 2016 के दौरान भी इन अधिकारियों के महत्वपूर्ण पदों पर रहने और उस समय के निर्माण कार्यों में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों को देखते हुए पुराने कार्यों की समीक्षा की मांग उठ रही है। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि के लिए उस अवधि के टेंडर, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच, भुगतान अभिलेख, तकनीकी स्वीकृतियां, ऑडिट रिपोर्ट और किसी भी पूर्व जांच के निष्कर्षों की पड़ताल जरूरी है। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों में लोक निर्माण विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है। सड़क, भवन और अन्य बुनियादी ढांचे पर होने वाला खर्च सीधे सार्वजनिक धन से जुड़ा है। ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारियों, पात्रता और कार्यकाल को लेकर उठ रहे सवालों का समय रहते निराकरण होना चाहिए, ताकि आगामी आयोजन के कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेहा बोरा के बोलते ही हंगामा

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके और अक्सअ अध्यक्ष नेहा बोरा ने गुरुवार को दिल्ली में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें नेहा के बोलने से पहले कुछ लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। दीपके ने कहा- सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए तिरंगा फहराना भी अपराध बना दिया है। सीनियर एडवोकेट प्रशांत भूषण और एक्टर प्रकाश राज भी प्रेस कॉन्फ्रेंस शामिल हुए। प्रशांत भूषण ने कहा- सरकार की बर्बरता जारी रही, तो सरकार बदलनी होगी।

सुप्रीम कोर्ट तक मार्च पर राहुल गांधी को नोटिस

नई दिल्ली। 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट तक विपक्ष के मार्च मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कोई भी कोर्ट को डरा-धमकाकर दबाव में नहीं ला सकता। ऐसी कोशिशें बेकार हैं। इन पर कोई ध्यान नहीं देता। उन्होंने कहा- हमें पता कि कोर्ट के बाहर क्या कहा जा रहा है और कोर्ट के अंदर क्या कहा जा रहा है। हम किसी काल्पनिक दुनिया में नहीं जी रहे हैं। हमें हर बात की जानकारी है। सीजेआई ने राहुल का नाम लिए बिना यह भी कहा कि याचिकाकर्ताओं में से एक के आचरण पर सवाल करेंगे और उसे सफाई देनी होगी।

कोर्ट का आदेश- सीजेपी प्रोटेस्ट का सीसीटीवी सुरक्षित रखें

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सीजेपी प्रदर्शन के दौरान मेट्रो स्टेशन और इंटरनेट बंद करने और जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाने के मामले पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा- हम 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर हुई पुलिस कार्रवाई पर केंद्र को नोटिस जारी कर रहे हैं। उन्हें इसका जवाब देना होगा। इसके साथ ही कोर्ट ने जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल से हटाने के फैसले पर भी सरकार को नोटिस दिया है। कोर्ट ने 10 अक्टूबर को सीजेपी प्रदर्शन पर कहा कि उस दिन के सभी सीसीटीवी फुटेज संभालकर रखे जाएं।

मनीष सिंह के समय हुआ था कीचड़ स्नान

शनिश्चरी अमावस्या पर श्रद्धालुओं के स्नान की व्यवस्था नहीं कर पाया वह सरकार का मीडिया प्रबंधन देख रहा

कमलनाथ सरकार में झटके में हटाए गए थे, इनके कर्म का दंड संभागायुक्त ओझा को भी भुगतना पड़ा था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिस प्रमोटी आईएएस एवं तत्कालीन कलेक्टर मनीषसिंह के कारण उज्जैन में धर्मप्राण जनता को 5 जनवरी 2019 को त्रिवेणी घाट पर शनिश्चरी अमावस्या का स्नान कीचड़ में करना पड़ा था, आज वहीं मध्यप्रदेश सरकार का मीडिया विभाग संचालित कर रहे हैं। यही नहीं रोज सुबह प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं उज्जैन के बेटे को ब्रिफिंग करते हैं। ये ब्रिफिंग रोज करीब 15 मिनिट से अधिक समय की रहती है।

अपनी मनमानी एवं हठधर्मिता के लिए पहचाने जाने वाले मनीषसिंह के कार्य में जनता की समस्या की प्राथमिकता गौण होती है। उज्जैन के अपने कलेक्टर कार्यकाल में भी उनकी यही कार्यशैली रही है। यही कारण रहा कि तत्कालीन कमलनाथ की कांग्रेस सरकार ने धर्मप्राण जनता की अवहेलना पर मनीषसिंह को यहां से रातों-रात तबादला कर सचिवालय में उपसचिव बना दिया था। मालवा की कहावत के अनुरूप इनके कर्मों का दंड तत्कालीन सौम्य स्वभावी संभागायुक्त एम बी ओझा को भी भुगतना पड़ा था।

प्रशासनिक फेरबदल नाम दिया गया- कलेक्टर मनीष सिंह के स्नान व्यवस्था में पूरी तरह फैल होने से तत्कालीन दौर में ताजी बनी सरकार की मीडिया में जमकर किरकिरी हुई थी। सरकार ने स्नान व्यवस्था में फैल होने के बावजूद मनीषसिंह सहित तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने व्यवस्था में फैल होने के बावजूद ऑफिशियल रिकॉर्ड में भले ही प्रशासनिक फेरबदल लिखा है, लेकिन ग्राउंड पर शनिश्चरी अमावस्या पर शिप्रा में स्नान की पानी की व्यवस्था न कर पाना ही वो मुद्दा था जिस पर कांग्रेस सरकार ने तुरंत एक्शन लेकर तत्कालीन कलेक्टर मनीषसिंह और कमिश्नर एमबी ओझा दोनों को हटा दिया था।

20 दिनी सरकार को संभालना पड़ी थी बात- करीब 15 साल बाद प्रदेश में सरकार के रूप में वजूद में आई कांग्रेस सरकार को मात्र 20 दिन ही हुए थे और उज्जैन में धर्मप्राण जनता को त्रिवेणी पर कीचड़ स्नान करने की नौबत तत्कालीन कलेक्टर मनीष सिंह की उदासीनता एवं आमजन के प्रति अवहेलना के कारण बनी थी। ऐसे में सरकार ने विपक्ष और जनता की किरकिरी से बचने के लिए एक साथ दो अधिकारियों को हटाकर जनता में विश्वास कायम करने की पहल की थी।

यह था मामला

मध्यप्रदेश में वर्ष 2003 में कांग्रेस के हाथ से सत्ता जाती रही थी। मुश्किलों के बाद करीब 15 वर्ष उपरांत प्रदेश में कांग्रेस ने अल्प बहुमत प्राप्त किया और 17 दिसंबर 2018 को सरकार बनाई थी। 5 जनवरी 2019, शनिवार- शनिश्चरी अमावस्या का त्रिवेणी संगम पर स्नान था। शिप्रा में पानी के अभाव के चलते कीचड़ के पानी में धर्मप्राण जनता को स्नान करना पड़ा था। यहां की जाने वाली व्यवस्थाओं को भी अंजाम नहीं दिया गया था। सनातनधर्मियों का यह ऐसा अपमान था जिस पर जमकर प्रतिक्रिया हुई थी और कांग्रेस की सरकार को आते ही बदनामी का दाग लगा था। इसके ठीक 8-10 दिन बाद 15 जनवरी 2019 को मकर संक्रांति थी। मीडिया में सरकार को जमकर किरकिरी सहना पड़ी थी। यहां तक कि कांग्रेस के जिम्मेदार मुंह छिपाते फिरे थे। धर्मनगरी में सनातनधर्मियों की ऐसी दुर्गति कभी नहीं हुई थी जैसी मनीषसिंह ने की थी। प्रशासनिक रिपोर्ट कहती है कि शनिश्चरी अमावस्या पर पानी न होने से किरकिरी होने के बाद, कांग्रेस की नई सरकार ने मकर संक्रांति पर 2.35 एमसीएम नर्मदा का पानी शिप्रा में छुड़वाकर व्यवस्था सुधारी थी।

तात्कालिक मुद्दा स्नान का ही बना

निरंकुशता के आदी मनीषसिंह ने उज्जैन में भी यही परिपाटी अपना रखी थी। शनिश्चरी अमावस्या पर उज्जैन में लाखों श्रद्धालु शिप्रा स्नान के लिए आए थे। शिप्रा के त्रिवेणी घाट पर पानी बहुत कम था और जो था वो गंदा / मटमैला था - स्नान लायक नहीं था। ऐसे हालातों में ही श्रद्धालुओं को स्नान करना पडा था। नर्मदा-शिप्रा लिंक से पानी छोड़ने की व्यवस्था प्रशासन ने नहीं की थी, इससे श्रद्धालु नाराज हुए, मीडिया में कांग्रेस की नई सरकार की काफी किरकिरी हुई। बाद में नए कलेक्टर शशांक मिश्रा ने आकर मकर संक्रांति स्नान की व्यवस्था के लिए नर्मदा का पानी लाने के साथ ही घाटों पर पर्याप्त प्रबंध श्रद्धालुओं के लिए किए थे और श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर सरकार की छबि को संभाला था। तत्कालीन दौर में Times Now की रिपोर्ट के मुताबिक -The authority swung into action after the new Congress government faced a lot of flak on the occasion of Shanichari Amavasya as there was not enough water in the river and devotees were unhappy... Some of the officials, including the District Collector, had to face action"

अधिकारियों के निजी बंगले किराए पर, सरकारी आवासों पर क्यों कब्जा?

लोक निर्माण विभाग में सरकारी आवासों के आवंटन और रिनोवेशन पर उठे सवाल, प्रभारी कार्यपालन यंत्री अजय यादव के मामले की जांच की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लोक निर्माण विभाग में सरकारी आवासों के आवंटन और उनके रखरखाव पर खर्च होने वाली सरकारी राशि को लेकर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि विभाग में पदस्थ कुछ अधिकारी अपने निजी मकानों को किराए पर देकर सरकारी बंगलों का आवंटन करा रहे हैं। ऐसे में सवाल यह है कि जब अधिकारियों के पास स्वयं के आवास उपलब्ध हैं, तो उन्हें सरकारी बंगले आवंटित करने की आवश्यकता और औचित्य क्या है? क्या विभाग में सरकारी आवासों के आवंटन के लिए निर्धारित नियमों का पालन किया जा रहा है?

मामला लोक निर्माण विभाग भवन/पथ, उज्जैन उप संभाग से जुड़ा है। यहां प्रभारी कार्यपालन यंत्री अजय यादव को बंगला नंबर एफ-6 आवंटित किए जाने और उसके रिनोवेशन के लिए लाखों रुपये की स्वीकृति कराए जाने को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि अजय यादव का निर्माण नगर क्षेत्र में निजी बंगला है, जिसे किराए पर दिया गया है। इसके बावजूद उन्होंने सरकारी आवास का आवंटन करा लिया। अब सरकारी बंगले में मरम्मत और रिनोवेशन के नाम पर खर्च किए जाने की प्रक्रिया भी सवालों के घेरे में है।







विभाग में अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों की स्थिति भी जांच के दायरे में आए

विभाग में बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी पदस्थ हैं। ऐसे में यह भी जांच की जानी चाहिए कि कितने अधिकारियों-कर्मचारियों के पास स्वयं के मकान हैं, कितने लोगों ने अपने निजी आवास किराए पर दे रखे हैं और कितने सरकारी आवासों में रह रहे हैं। साथ ही, सरकारी आवासों के आवंटन की प्रक्रिया, पात्रता, किराया और रखरखाव पर होने वाले खर्च का परीक्षण भी किया जाना चाहिए। यदि सरकारी आवासों का आवंटन निर्धारित नियमों के विपरीत हुआ है या मरम्मत के नाम पर अनावश्यक राशि स्वीकृत कराई गई है, तो जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। वहीं, यदि सभी प्रक्रियाएं नियमों के अनुरूप हैं, तो विभाग को दस्तावेजों के माध्यम से स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

मुख्य अभियंता से जांच की मांग- बंगला नंबर एफ-6 में पूर्व में कराए गए विशेष मरम्मत कार्यों, वर्तमान रिनोवेशन प्रस्ताव, स्वीकृत बजट, आवंटन आदेश और प्रभारी कार्यपालन यंत्री के निजी आवास से संबंधित तथ्यों की जांच की मांग उठ रही है। मुख्य अभियंता को यह परीक्षण करना चाहिए कि सरकारी धन से प्रस्तावित कार्य आवश्यक हैं या नहीं और क्या उनके लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया गया है। सरकारी आवास अधिकारियों की सुविधा के साथ विभागीय व्यवस्था का हिस्सा हैं, लेकिन उनके आवंटन और रखरखाव में पारदर्शिता भी उतनी ही जरूरी है। अब देखना होगा कि विभाग इन सवालों पर रिकॉर्ड के आधार पर क्या जवाब देता है और मामले में जांच के लिए कोई कदम उठाया जाता है या नहीं।

एफ-6 बंगले पर पहले भी खर्च हो चुकी है राशि- विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बंगला नंबर एफ-6 में पहले भी विशेष मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। अब इसी बंगले का आवंटन प्रभारी कार्यपालन यंत्री अजय यादव के नाम होने के बाद रिनोवेशन के लिए लाखों रुपये की स्वीकृति कराए जाने की बात सामने आई है। ऐसे में यह जांच का विषय है कि पूर्व में कराए गए मरम्मत कार्यों की स्थिति क्या है, वर्तमान में प्रस्तावित रिनोवेशन की जरूरत क्यों पड़ी और इसके लिए तैयार किए गए प्राक्कलन में किन कार्यों को शामिल किया गया है। यदि हाल ही में मरम्मत पर राशि खर्च की गई थी, तो दोबारा बड़े बजट की आवश्यकता का तकनीकी और वित्तीय औचित्य भी स्पष्ट होना चाहिए।

निजी बंगला किराए पर, सरकारी आवास का आवंटन क्यों?

उठाए जा रहे सवालों के अनुसार, अजय यादव का निजी बंगला किराए पर दिया गया है, जबकि उन्होंने विभागीय सरकारी आवास का आवंटन करा लिया। इस मामले में मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर बंगले का आवंटन कराने की बात भी सामने आई है। यहां प्रमुख सवाल यह है कि क्या निजी आवास होने की स्थिति में सरकारी बंगले के आवंटन पर कोई प्रतिबंध लागू होता है? यदि ऐसा कोई नियम है, तो क्या उसका पालन किया गया? और यदि आवंटन नियमों के अनुरूप हुआ है, तो उसके आधार और पात्रता का विवरण सार्वजनिक किया जाना चाहिए। निजी मकान होने मात्र से सरकारी आवास का आवंटन स्वतः अवैध नहीं माना जा सकता। इसकी वैधता संबंधित विभाग के आवंटन नियमों, पात्रता और सक्षम अधिकारी की स्वीकृति पर निर्भर करेगी। इसलिए मामले में दस्तावेजों के आधार पर जांच जरूरी है।

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

पानी का प्रबंध, व्यवस्था का अभाव

धर्मनगरी में एक समय था जब आबादी के मान से मात्र मोक्षदायिनी उत्तरवाहिनी के गऊघाट प्लांट से ही शहर की आपूर्ति हो जाती थी। समय बदला मोक्षदायिनी सिकुढ़ गई और बढ़ती आबादी को देखते हुए गंभीर पर बिमारी का इलाज खोज लिया गया। करीब 40 साल बेहतर सहारा मिला। बीच में गंभीर को भी अमलावदा बीका का सहारा लेना पड़ा। कीचड़ से पानी निकालने के लिए मड पंप लाना पड़ा। पाइप-लाइन से पानी लाकर डेम में डालना पडा। वक्त के साथ बहुत कुछ बदला नर्मदा को उज्जैन लाकर छोड़ दिया गया। योजना महंगी है लेकिन सहारा कैसा भी हो उससे उम्मीद बराबर रहती है। वक्त-वक्त पर जब भी पानी की परेशानी आई अब नर्मदा ने सहारा दिया है और दे रही है। यहां तक कि उससे जुड़े निगम के लोग वॉल्व भी गंभीर के नाले में खोल रहे हैं। इस बार गंभीर में पानी नहीं जुटा तो कोई चिंता का विषय नहीं है। नर्मदा से पानी पाइप-लाइन से पहुंच जाएगा। मोक्षदायिनी में नहीं है तो भी नर्मदा लाइन के पाइंट से पानी पहुंचा दिया जाएगा। हाल ही में स्नान के लिए पानी आ ही गया। समस्या पानी प्रबंधन की नहीं है। उसकी उपलब्धता ऐसे नहीं तो वैसे हो जाएगी, इतने विकल्प की स्थिति में व्यवस्था सामने है। समस्या वितरण व्यवस्था की समस्या में ज्यादा है। प्लांट से लेकर टंकी और वहां से घरों के कनेक्शन तक में पानी की सप्लाय निर्बाध रूप से जैसे होना चाहिए वैसी नहीं हो रही है। कभी पानी मटमैला तो कभी बदबूदार। इस पर बराबर आमजन सवाल खड़े कर रहे हैं लेकिन हर बार जो जवाब आता है वह समस्या के निदान का नहीं मात्र बचाव का ही अधिक रहता है। खुसूर-फुसूर है कि गंभीर के साथ विकल्प में नर्मदा और अब महाआयोजन को देखते हुए सेवरखेड़ी में पुनः मोक्षदायिनी में एक बड़ी संचय योजना। इसके तहत अगर शहर को दो भागों में भी बांट दिया गया तो जल तो काफी होगा। वितरण प्रबंधन की व्यवस्था में समस्याओं के निदान की स्थिति पर अब अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। टेंकर चलवाने की अपेक्षा पाइप लाइन से ही जल वितरण व्यवस्था किफायती है। टेंकर व्यवस्था को सीधे से ही नकारा जाना चाहिए। लाइन वितरण व्यवस्था को दुरूस्त किया जाना चाहिए। शहर में लाइनों का ब्लू मैप तैयार किया जाना चाहिए। उनकी दुरूस्ती पर युद्ध स्तर से काम किया जाना चाहिए। आए दिन शहर के कभी इस भाग तो कभी उस भाग की जल वितरण व्यवस्था प्रभावित करने की बजाय व्यवस्था को इतना सुदृढ़ बनाया जाना चाहिए कि किसी भी बड़े संधारण के काम में मात्र टंकी क्षेत्र ही प्रभावित हो।

नैनो न्यूज

- **स्वर्णकार समाज** महिला संगठन ने किया एक दिवसीय गरबा रास, धर्मशाला ट्रस्ट अध्यक्ष राकेश सोनी ने की आरती, आयोजन में मातृशक्ति रही उपस्थित
- **36 जोड़ों** ने की श्री मणिभद्र वीर महापूजन एवं विधान, अरविंद नगर जैन मंदिर पर आलौकिक चातुर्मास में गूंजे जिनशासन के रक्षक देव की महिमा के जयकारे
- **सकल सिंधी** समाज के गरबा महोत्सव में झूमीं एंकर रितिका मेहरा और मॉडल नेहा कपूर, आज गरबा प्रांगण में शिरकत करेंगी तारक मेहता फेम बबीता
- **अलख उज्जयिनी** की गरबा आराधना में पहुंचे गणमान्य, सांस्कृतिक भव्यता को सराहा, सिंहस्थ प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल सहित कई विशिष्ट अतिथि हुए शामिल
- **राष्ट्र सेविका** समिति के 90 वर्ष पूरे होने पर आज होगा प्रकट कार्यक्रम, अखिल भारतीय प्रमुख कार्यवाहिका अन्नदानम सीता अक्का करेंगी संबोधित
- **शारदीय नवरात्रि** में 18 अक्टूबर को अष्टमी और 19 को मनेगी नवमी, सप्तमी दो दिन होने से बनी थी भ्रम की स्थिति, 20 को मनाया जाएगा दशहरा
- **कांग्रेस** को शिप्रा और महाकाल के श्राप से मुक्त कराएं दिग्विजय, सनातन स्वाभिमान यात्रा से पहले आचार्य सत्यम ने लिखा खुला पत्र
- **बरकतउल्ला** विवि के कुलगुरु बने डॉ. डीडी बेदिया, विक्रम विवि शिक्षक संघ ने किया सम्मान, प्रभारी कुलगुरु डॉ. शर्मा बोले- विवि में डॉ. बेदिया की 19 वर्षों की यात्रा और योगदान सराहनीय
- **आज लगेगा** निःशुल्क महा-स्वास्थ्य शिविर, सुपर स्पेशलिस्ट देंगे परामर्श, हड्डी, किडनी, कैंसर और दंत रोगों का होगा मुफ्त चेकअप, कैंसर मरीजों को मिलेगा आयुष्मान योजना का लाभ
- महा स्वास्थ्य शिविर में 127 मरीजों का हुआ निःशुल्क चेकअप, दीपज्योति संस्था उठाएगी युवक के किडनी ट्रांसप्लांट का खर्च, तेजनकर हॉस्पिटल में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने दी सेवाएं, कैंसर मरीजों के लिए आयुष्मान योजना का लाभ
- **एपीजे** अब्दुल कलाम की जयंती पर निर्धन बस्तियों में बांटी गईं पट्टी-पहाड़े
- **आज निकलेगी** चुनरी यात्रा, चामुंडा माता मंदिर से होगा शुरू, कन्या पूजन कर नारी शक्ति एवं सनातन संस्कृति का दिया जाएगा संदेश
- **स्केटिंग** में खिलाड़ियों का उत्साह सराहनीय है : सोलंकी, उज्जैन में रोलर स्केटिंग स्पर्धा में खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन
- **निःशुल्क** मानसिक परीक्षण एवं चिकित्सा परामर्श शिविर में 56 दिव्यांगजन लाभान्वित

दैनिक अवंतिका की पूर्व घोषणा अनुसार ही नर्मदा का जल व्यवस्था के तहत लाया गया

गंभीर डेम और गऊघाट प्लांट तक पहुंचा मां नर्मदा का जल

नियमित पेयजल आपूर्ति की दिशा में नगर सरकार ने बढ़ाए कदम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धर्मनगरी में प्रतिदिन जलप्रदाय की स्थिति कायम रखने के लिए नर्मदा का सहारा लिया गया है। गुरूवार से एक बार फिर से मां रेवा नर्मदा का जल गंभीर डेम स्थित इंटकवेल एवं गऊघाट फिल्टर प्लांट तक पहुंचना शुरू हो गया है। इसके चलते उज्जैन की पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने में मदद मिलेगी।

हाल ही में जिला प्रशासन ने शनिश्चरी अमावस्या स्नान के लिए त्रिवेणी बैराज में नर्मदा से करीब डेढ़ एमसीएम पानी लिया था। त्रिवेणी श्मसान के पास स्थित नर्मदा के पाइंट से यह पानी बैराज में पहुंचा था। इस पानी से पूरा बैराज लबालब हो गया था। इसी के पानी से शनिश्चरी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने फव्वारा स्नान किया था। यह पानी अब भी त्रिवेणी बैराज में भरा हुआ है। इसके उपयोग को लेकर अब भी संशय की स्थिति है। उसके पीछे कारण यह है कि शिप्रा के अगले बैराज गऊघाट एवं भूखीमाता बैराज के साथ ही आगे तक बाढ न आने के कारण गंदगी जमा है। ऐसे में त्रिवेणी बैराज का पानी छोड़े जाने पर वह भी जमा प्रदूषित पानी में मिल जाएगा। जिसका उपयोग सिंचाई या फिर नदी की सफाई के लिए ही किया जा सकेगा।



महापौर बोले- सौगात की बात

महापौर मुकेश टटवाल ने निरीक्षण के दौरान कहा कि यह शहर के लिए एक सौगात की बात है कि यहाँ पर एक जो जल है माँ नर्मदा जी का पावन जल हमारे आज गऊघाट के हमारा जो प्लांट है वहाँ पाइप लाइन के माध्यम से आज यहाँ पर आया है और हमारे जो गंभीर डैम है वहाँ भी माँ नर्मदा जी का जल प्राप्त हमको हो गया है हमारे उज्जैन शहर वासियों को हम हमारे पेयजल व्यवस्था को लेकर के व्यवस्था कर सके उनको हम लगातार दे सके इसके लिए आज नर्मदा जी का हम लोगों को पानी प्राप्त हुआ है।

प्रतिदिन 180 एमएलडी पानी मिलेगा

निर्धारित व्यवस्था के अनुसार प्रतिदिन 180 एमएलडी नर्मदा जल इंटकवेल में पहुंचेगा। जिसमें नर्मदा के जल को गंभीर बांध एवं गऊघाट प्लांट में छोड़ा जाएगा। गंभीर डेम स्थित इंटकवेल तक मां नर्मदा का जल पहुंच चुका है। इसके साथ ही गंभीर डेम में टैपिंग कर भूखी माता तक टी-कनेक्शन के माध्यम से गऊघाट फिल्टर प्लांट तक भी नर्मदा जल पहुंचाया गया है। इस व्यवस्था से शहर की पेयजल आपूर्ति को बनाए रखने में सहायता मिलेगी और उपभोक्ताओं को बराबर जल प्रदाय किया जा सकेगा। गुरुवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा जल कार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा के साथ गऊघाट फिल्टर प्लांट पहुंचकर नर्मदा जल की आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया।

दैनिक अवंतिका ने पूर्व घोषित किया था

गंभीर डेम में बराबर घटती जल राशि को लेकर आमजन एवं मीडिया में बराबर चिंता का मुद्दा बना हुआ था। इसे लेकर दैनिक अवंतिका ने कई बार पाठकों को अवगत करवाया था कि अब चिंता जैसी कोई बात नहीं है। वर्तमान दौर में कई सारे विकल्प सामने हैं। नर्मदा जल निगम की गंभीर के पास लाइन के साथ शिप्रा में भी लाइन है। यही नहीं भूखी माता के पास भी टी कनेक्शन नर्मदा की लाइन में है जिसे ओपन किया जा सकता है। त्रिवेणी पर नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की पाईप लाईन है। शहर की प्यास बुझाने के लिए अब कालांतर में 2008 की तरह अमलावदा बीका से पाईप लाईन बिछाकर पानी लाने जैसी स्थिति नहीं बनने वाली है। ये बात अलग है कि नर्मदा से लाए जाने वाला जल काफी महंगा है। इसे सोच समझकर ही उपयोग किया जाना चाहिए।

निर्माण कार्यों के बीच जूझता शहर...

रास्ते बंद, रेंगती गाड़ियां, परेशान लोग

आगर रोड पर रोज जाम जान जोखिम में डालकर निकल रहे लोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आगर रोड, हरीफाटक, फजलपुरा, तोपखाना सहित कई क्षेत्र के मार्ग की यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई है। आगर रोड पर एलिवेटेड ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है मार्ग की सड़क के बीच का हिस्सा निर्माण कार्य के लिए चद्दर लगाकर बंद कर दिया है। सड़क के दोनों तरफ बचे हुए हिस्से में वाहनों की आवाजाही हो रही है।

एलिवेटेड ब्रिज के निर्माण के लिए सड़क का काफी भाग बंदकर रखा है ऐसे में लोगों को यहां से निकलने में काफी परेशानी हो रही है। सुबह से शाम तक इस मार्ग पर वाहन रेंगते हुए निकलते हैं और दोनों तरफ वाहनों का लंबा जाम लग जाता है। आगर रोड पर ब्रिज निर्माण के लिए लगे संसाधन भी सड़क पर ही खड़े हो जाते हैं ऐसे में जब तक यह संसाधन नहीं हटते तब तक लोगों को निकलने के लिए जगह नहीं मिलती है प्रतिदिन आगर रोड पर जाम की स्थिति देखी जा सकती है।





बीमा चौराहे से बियाबानी तक का मार्ग बंद- बीमा चौराहे से बियाबानी चौराहे पर भी सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है यहां पर भी कई दिनों से व्यवस्था बिगड़ी हुई है मार्ग बंद होने की वजह से लोगों को घूम कर जाना पड़ रहा है। इसके अलावा तोपखाना क्षेत्र में सीवरेज लाइन बिछाने के लिए सड़क पर गड्ढे खोदे गए हैं लेकिन यहां का कार्य भी काफी धीमी गति से चल रहा है। मार्ग बंद होने की वजह से लोगों को यहां आने के बाद अपने गंतव्य पर जाने के लिए भटकना पड़ रहा है और निकलने के लिए रास्ता ढूंढना पड़ रहा है वही संकरी गलियों का उपयोग करना पड़ रहा है।

तंग गलियों में फंस रहे वाहन

संकरी गलियों से निकलना भी कई बार वाहन चालकों को भारी पड़ जाता है रास्ता बंद होने की वजह से गलियों से बड़े वाहन भी निकलने की कोशिश करते हैं। लेकिन तंग गलियों में आकर बड़े वाहन फस जाते हैं इसके अलावा हरी फाटक से महाकाल चौराहे तक भी यही आलम है यहां पर भी सड़क चौड़ीकरण के कार्य की वजह से बैरिकेट्स लगाकर मार्ग बंदकर रखा है वर्तमान में शहर के कई मुख्य मार्ग ऐसे हैं जो सड़क चौड़ीकरण की वजह से बंद है। लेकिन इन सब के बीच कोई वैकल्पिक मार्ग तैयार नहीं किया गया है जिससे कि लोगों को आने-जाने में परेशानी ना हो।

राष्ट्रीय मल्लखम्ब पदक विजेता खिलाड़ियों ने जिला खेल अधिकारी देवड़ा से की भेंट



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय स्तरीय मल्लखम्ब प्रतियोगिता में पदक हासिल कर उज्जैन का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों ने जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग, उज्जैन के अधिकारी विजेंद्र देवड़ा से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर संस्था सचिव व कोच संतोष सोलंकी एवं संस्था उपाध्यक्ष सपना माली उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय स्तरीय मल्लखम्ब प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ी वेदांश कोठार ने रोप मल्लखम्ब की व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक (सिल्वर मेडल) प्राप्त किया। साथ ही टीम चैंपियनशिप में भी रजत पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, खिलाड़ी आरोही बारोड ने टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) प्राप्त कर उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

उज्जैन की चार्वी मरमट ने इटली की पडोवा यूनिवर्सिटी से प्राप्त की स्नातकोत्तर की डिग्री

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन की प्रतिभाशाली छात्रा चार्वी मरमट ने इटली की प्रतिष्ठित पडोवा यूनिवर्सिटी से फूड एंड हेल्थ विषय में द्विवर्षीय पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण कर स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से परिवारजनों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है।

चार्वी, उज्जैन के जिला चिकित्सालय में पदस्थ अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. महेश मरमट की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा की यात्रा में इससे पूर्व हंगरी सरकार की प्रतिष्ठित स्टाइपेंडियम हंगेरिकम स्कॉलरशिप के लिए चयनित होकर हंगरी की डेब्रीसन यूनिवर्सिटी से लाइफ साइंसेस विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त की थी। इसके पश्चात इटली में उच्च शिक्षा प्राप्त कर उन्होंने अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ा है।

चार्वी की रुचि फूड एंड हेल्थ के क्षेत्र में शोध एवं अनुसंधान कार्य करने में है। वे संबंधित विषय में आगे शोध कर अपने ज्ञान और विशेषज्ञता का उपयोग देश एवं समाज की सेवा में करना चाहती हैं।

चार्वी की इस उपलब्धि पर उनके परिवारजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और शोध के क्षेत्र में सफलता की कामना की है।



पांच साल से रखरखाव पर कर कई लाख का खर्च सामने आया, चौकीदारों ने रखवाली की

12 करोड़ का गेहूं सड़ा, रखवाली में खर्च हुए 25 लाख रुपये

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दो बार टेंडर किए लेकिन नहीं मिला खरीददार इस बीच गेंहू सडांध मारने लगा

वर्ष 2020-21 के दौरान समर्थन मूल्य पर खरीदा गया करीब 12 करोड का गेंहू पिपल्या मोलू में पड़ा-पड़ा ही सड़ गया है। गेंहू से सडांध आने लगी है और हवा-पानी से पर्याप्त बचाव न हो पाने के कारण यह स्थिति बनी है। करीब 67 हजार कुंटल गेहूं को बेचने के लिए दो बार टेंडर किए गए लेकिन खरीददार के अभाव में गेंहू पड़ा रहा। इसकी निगरानी पर ही पिछले 5 सालों में 25 लाख से ज्यादा के व्यय की बात सामने आ रही है।

वर्ष 2020-21 में समर्थन मुल्य पर गेंहू की खरीदी की गई थी। उसी के तहत ग्राम पिपलिया मोलू में खरीदी कर गेंहू रखा गया था। यह गांव उन्हेल-नागदा के बीच में आता है। करीब पौने 13 करोड़ की लागत का करीब 67 हजार क्विंटल गेंहू खरीद कर यहां रखा गया था। सूत्रों के अनुसार खरीदी के उपरांत वेयर हाउस में जगह नहीं होने के कारण गेंहू को ओपन केप में रखा था। इसके बाद खरीदी खत्म हो गई। मगर ओपन केप में रखे इस गेहूं का परिवहन कराने के लिए वेयर हाउस कॉपोर्रेशन के तात्कालीन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। स्टेट सिविल सप्लाई के अफसरों ने भी इसे सिरे से नजरअंदाज किया। इस तरह 5 साल से अधिक समय से ऐसे ही पड़ा रहा। ग्रामीणों की माने तो कई बार खराब मौसम में भी फटी बरसाती में गेंहू रहा और बारिश होने पर भीगा और धीरे-धीरे सड़ता रहा।



ऐसे सड़ा गेंहू

खरीदी के बाद गेंहू को पिपल्या मोलू में ही पड़ा रहने दिया गया। अधिकारी चाहते तो समयानुकुल इसका उठाव करवाकर इसे बचा सकते थे लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसके लिए नागरिक आपूर्ति निगम को पत्र भी दिए गए लेकिन ऐसा नहीं किया गया और करोड़ों का गेंहू दाव पर लगा दिया गया।

रखरखाब पर लाखों खर्च दो बार बेचने का प्रयास

सूत्रों के अनुसार इस गेंहू के रखरखाव के लिए मात्र बरसाती एक सहारा थी और चौकीदार ही थे। दो चौकीदारों के भरोसे यह व्यवस्था चल रही थी। पिछले 5 सालों में बरसाती और चौकीदारों के नाम पर बराबर खर्च किया जाता रहा है। यह करीब लाखों में बताया जा रहा है। इस गेंहू को बेचने के लिए दो बार टेंडर किए जाने की जानकारी भी सामने आ रही है लेकिन खरीददार का अभाव दोनों बार रहा है। नागरिक आपूर्ति निगम सैम्पल परीक्षण कर इसे खपाने में लगा है। खपाने के लिए कैटल फीड, पोल्ट्री या खाद आदि के लिए कैटेगरी बनाने की तैयारी कर रहा है।

अपनी ड्यूटी से ज्यादा मोबाइल चलाने और आराम फरमाने में व्यस्त

चौराहों पर यातायात सुधारने को तैनात ट्रेनी जवान, जिम्मेदारी छोड़ मोबाइल में मशगूल, जाम से जूझता शहर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को सुधारने और प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक नियंत्रण के लिए पुलिस कप्तान ने पीटीएस के प्रशिक्षु युवक-युवतियों को मैदान में उतारा है। उम्मीद थी कि इनकी तैनाती से यातायात व्यवस्था में कसावट आएगी, जाम से राहत मिलेगी और वाहन चालकों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया जा सकेगा। लेकिन जमीनी तस्वीर कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। जिन चौराहों पर ट्रैफिक संभालने के लिए इनकी तैनाती की गई है, वहीं ये अपनी ड्यूटी से ज्यादा मोबाइल चलाने और आराम फरमाने में व्यस्त नजर आ रहे हैं।

महाकाल लोक जैसे अत्यधिक व्यस्त क्षेत्र में महिला प्रशिक्षु पुलिसकर्मी कुर्सी पर बैठकर मोबाइल में इस कदर मशगूल दिखाई देती हैं कि आसपास यातायात की स्थिति कैसी है, इससे उन्हें कोई विशेष सरोकार नजर नहीं आता। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की आवाजाही से भरे इस क्षेत्र में यातायात नियंत्रण के लिए सतर्कता और सक्रियता की जरूरत है, लेकिन मौके पर दिखाई देने वाली लापरवाही व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है।

आगर रोड स्थित गाड़ी अड्डा चौराहे पर भी कमोबेश यही स्थिति दिखाई देती है। समीप स्थित भैरव मंदिर के चबूतरे पर जवान आराम से बैठकर एंड्रॉयड फोन चलाते नजर आते हैं। दूसरी ओर, सड़क पर यातायात का दबाव बढ़े, वाहन फंसें या जाम की स्थिति बने, तो उसे नियंत्रित करने के लिए उनकी सक्रियता कितनी दिखाई देती है, यह सवाल बना हुआ है।

टावर चौक और तीन बत्ती चौराहे पर भी ऐसी ही स्थिति सामने आने की बात कही जा रही है। शहर के ये महत्वपूर्ण यातायात पाइंट हैं, जहां थोड़ी-सी लापरवाही भी वाहनों की लंबी कतार और अव्यवस्था का कारण बन सकती है। ऐसे स्थानों पर तैनात जवानों से अपेक्षा रहती है कि वे लगातार यातायात पर नजर रखें, जरूरत पड़ने पर वाहनों को दिशा दें और जाम की स्थिति बनने से पहले उसे नियंत्रित करने का प्रयास करें। लेकिन यदि ड्यूटी के दौरान ध्यान सड़क के बजाय मोबाइल स्क्रीन पर लगा रहे, तो यातायात सुधारने की मंशा कैसे पूरी होगी?



प्रशिक्षण के नाम पर तैनाती, फिर जवाबदेही किसकी?

प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों को मैदान में उतारने का उद्देश्य केवल उनकी उपस्थिति दर्ज कराना नहीं, बल्कि उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में काम करने, अनुशासन सीखने और जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार करना भी है। प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी और मार्गदर्शन सबसे अधिक जरूरी होता है। यदि प्रशिक्षु निर्धारित पाइंट पर सक्रिय रहने के बजाय आराम करते या मोबाइल चलाते दिखाई दें, तो यह केवल उनकी व्यक्तिगत कार्यशैली का मामला नहीं रह जाता, बल्कि प्रशिक्षण की निगरानी और ड्यूटी व्यवस्था पर भी सवाल उठाता है। गौर करने वाली बात यह है कि इन युवक-युवतियों का प्रशिक्षण अभी पूरा भी नहीं हुआ है। ऐसे में ड्यूटी के दौरान अनुशासन और कर्तव्य के प्रति गंभीरता विकसित करना जरूरी है। आज यदि यातायात के बीच जिम्मेदारी निभाने के बजाय मोबाइल को प्राथमिकता दी जा रही है, तो संबंधित अधिकारियों को यह देखना होगा कि प्रशिक्षुओं को ड्यूटी की वास्तविक जिम्मेदारियों से कितना परिचित कराया जा रहा है।

जाम से परेशान जनता, जवाबदेही तय करेगा विभाग?

उज्जैन धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है। महाकाल लोक सहित प्रमुख मार्गों और चौराहों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों की आवाजाही रहती है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को सुचारु रखना केवल विभागीय औपचारिकता नहीं, बल्कि आमजन की सुविधा और सुरक्षा से जुड़ी जिम्मेदारी है। यदि यातायात सुधारने के उद्देश्य से की गई तैनाती का अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहा है, तो पुलिस विभाग को मौके पर निगरानी बढ़ाने, ड्यूटी की नियमित जांच करने और लापरवाही मिलने पर उचित कार्रवाई करने की जरूरत है। आखिरकार, चौराहों पर पुलिसकर्मियों की मौजूदगी तभी सार्थक है, जब उसका लाभ जनता को मिले।
सवाल सीधा है—जब शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात संभालने के लिए जवान तैनात हैं, तो फिर जाम और अव्यवस्था से जनता को राहत क्यों नहीं मिल रही? क्या ड्यूटी के दौरान मोबाइल चलाना भी प्रशिक्षण का हिस्सा है, या फिर जिम्मेदारी निभाने का पाठ पढ़ाने के लिए विभाग को अब अलग से कवायद करनी पड़ेगी?

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

पैराक्वेट डाइक्लोराइड के उपयोग पर लगाया प्रतिबन्ध

इंदौर। राज्य शासन ने पैराक्वेट डाइक्लोराइड नामक कीटनाशक के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। यह कीटनाशक मानव और पशुओं के लिए बेहद हानिकारक है। भारत सरकार ने इस संबंध में पहले ही अधिसूचना जारी कर दी है। किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग ने इस खतरनाक कीटनाशक का निर्माण करने वाली कंपनियों द्वारा विक्रय और भण्डारण पर तत्काल रोक लगाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिन निमार्ताओं के पास पैराक्वेट डायक्लोराइड के पंजीकरण प्रमाण पत्र है उन्हें तत्काल केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड और पंजीकरण समिति को वापस करने के निर्देश दिए हैं।

इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता के लिए 19 तक होंगे पंजीयन

इंदौर। इंडिया स्किल्स 2026-27 प्रतियोगिता के लिए पंजीयन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक युवा 19 अक्टूबर 2026 तक अपना ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था इंदौर की प्राचार्य श्रीमती रीना सोलंकी ने बताया कि प्रतियोगिता में 63 स्किल्स में कौशल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए शैक्षणिक योग्यता का कोई बंधन नहीं है। प्रतिभागियों की जन्म तिथि 1 जनवरी 2006 के बाद की होना आवश्यक है। युवा स्किल्स इंडिया डिजिटल हब के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। प्रतियोगिता के संबंध में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक युवा अपने निकटतम शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में संपर्क कर सकते हैं।

इंदौर में 28 को आयोजित होगा राज्य स्तरीय अर्बन कॉन्क्लेव

इंदौर। समृद्ध एवं आधुनिक नगरीय अधोसंरचना के सर्वांगीण विकास, निवेश प्रोत्साहन तथा प्रदेश के शहरों को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाने के ध्येय से आगामी 28 अक्टूबर, 2026 को इंदौर स्थित ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय 'अर्बन कॉन्क्लेव' का आयोजन किया जा रहा है। कॉन्क्लेव में 'अर्बन चैलेंज फंड' के अंतर्गत स्वीकृत प्रमुख नगरीय विकास परियोजनाओं की भौतिक प्रगति, सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन एवं समयबद्ध क्रियान्वयन से जुड़े दूरगामी रणनीतिक पहलुओं पर गहन विचार-मंथन किया जाएगा। यह कॉन्क्लेव प्रदेश के शहरी परिदृश्य को नई ऊँचाइयों पर ले जाने तथा नगरीय विकास की भावी दिशा तय करने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। अर्बन कॉन्क्लेव में अर्बन चैलेंज फंड के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के लिए वित्तीय संस्थानों एवं बैंकों के साथ अनुबंध किये जाएँगे।

शिक्षक भर्ती में पद वृद्धि की मांग, आंदोलन का 56वां दिन



भोपाल। मध्य प्रदेश में वर्ग-2 और वर्ग-3 शिक्षक भर्ती में पद वृद्धि की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन का गुरुवार को 56वां दिन है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी राजधानी भोपाल पहुंच रहे हैं। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) के सामने धरना स्थल पर प्रदर्शन जारी है। आंदोलनकारियों ने सरकार तक अपनी मांग पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री निवास के घेराव की तैयारी की है। अभ्यर्थियों का कहना है कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के हजारों पद रिक्त हैं, इसके बावजूद भर्ती में सीमित पद निकाले जा रहे हैं। उनका आरोप है कि प्राथमिक शिक्षक और माध्यमिक शिक्षक संवर्ग में पदों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि पात्र अभ्यर्थियों को रोजगार का अवसर मिल सके और स्कूलों में शिक्षकों की कमी भी दूर हो। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शिक्षक भर्ती में पद वृद्धि की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि आंदोलन कर रहे युवा इसी प्रदेश के परिवारों से हैं। उनके अनुसार, प्रदेश में शिक्षकों के लगभग तीन लाख पद खाली हैं। उन्होंने सरकार से वर्ग-2 और वर्ग-3 में पद बढ़ाने की मांग की। पटवारी ने सरकार की वित्तीय प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब विभिन्न व्यवस्थाओं और अन्य कार्यों के लिए कर्ज लिया जा रहा है, तो शिक्षकों के पद बढ़ाने के लिए भी संसाधन जुटाए जा सकते हैं।

नैनो न्यूज

- **देवास में नई कंपनियों के पंजीकरण में तेजी-** देवास जिले में मई 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 12 महीनों में 152 नई कंपनियां पंजीकृत हुईं। इससे स्थानीय कारोबारी गतिविधियों में विस्तार के संकेत मिलते हैं।
- **शाजापुर मंडी में उपज की आवक घटी-** शाजापुर जिले की मंडियों में पिछले सात रिपोर्टिंग दिनों के दौरान कुल कृषि उपज आवक करीब 45 हजार टन रही। अलग-अलग मंडियों में आवक में उतार-चढ़ाव दर्ज हुआ।
- **आगर में सरसों के भाव बढ़े-**आगर मंडी में 14 अक्टूबर को सरसों का प्रचलित भाव 7,550 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज हुआ, जो पिछली उपलब्ध रिपोर्ट के मुकाबले अधिक रहा।
- **सुसनेर मंडी में उड़द के भाव फिसले-** सुसनेर मंडी में 14 अक्टूबर को उड़द का प्रचलित भाव 7,500 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज हुआ। एक दिन पहले की तुलना में भाव में गिरावट रही।
- **रतलाम में औद्योगिक कारोबार के अवसर-** रतलाम के व्यापारिक क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण, पैकेजिंग और स्थानीय उत्पादों की बिक्री से जुड़े कारोबार के लिए संभावनाएं हैं। उद्यमियों के लिए बाजार विस्तार और वितरण व्यवस्था महत्वपूर्ण हैं।

इंदौर-देवास बायपास पर महिला की मौत को लेकर मांगा जवाब, कोर्ट ने प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए थे सुधार के

गड्ढों को लेकर हाई कोर्ट के निर्देश के बाद भी नहीं हुआ सुधार

एनएचएआई मांगा जवाब, दो दिन बाद फिर होगी मामले की सुनवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर-देवास बायपास की बदहाली को लेकर हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि, 11 अगस्त को हुई सुनवाई में हमने कोर्ट को बताया था कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की लापरवाही के कारण यहां पर हादसा हो सकता है। कोर्ट ने प्राधिकरण के अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए थे। कोर्ट के निर्देश पर भी सुधार नहीं हुआ और अब फिर हादसे में एक महिला की मौत हो गई।

हाईकोर्ट में बायपास की बदहाली को लेकर मातृ फाउंडेशन की ओर से जनहित याचिका अभिभाषक अमय बजाज ने 2021 में दायर की थी। याचिका में बायपास पर मौजूद बड़े-बड़े गड्ढ़े, टूटी सर्विस रोड, खुले ड्रेनेज, जलभराव, खराब स्ट्रीट लाइट, दुर्घटना संभावित ब्लैकस्पाट, अव्यवस्थित ट्रैफिक के साथ गलत डिजाइन को सुधारने के बिंदु शामिल है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन कराने के लिए भी निवेदन किया गया है। बुधवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में एनएचएआई की ओर से पेश हुए वकीलों ने कोर्ट को बताया कि, जवाब फाइल कर दिया गया है। कहा कि सीनियर एडवोकेट दिल्ली से पेश होने हैं, आज वो पेश नहीं हो पाएंगे, ऐसे में उन्हें समय दिया जाए। कोर्ट ने एनएचएआई के वकीलों को ताकीद कर दिया कि शुक्रवार को वे कोर्ट के समक्ष पेश हों। यह बताए कि एनएचएआई ने 2023 में हाईकोर्ट द्वारा जारी अंतरिम आदेश और सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जारी गाइडलाइन के बाद क्या काम किया गया है।

अब फिर एक दर्दनाक हादसे में महिला की मौत हो गई

इंदौर-देवास बायपास पर जानलेवा गड्ढों और उनके कारण हो रही लगातार मौतों के मामले में हाई कोर्ट ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रति कड़ा ऐतराज और नाराजगी जताई है। पिछले दिनों बायपास पर गड्ढे में गिरने के कारण एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई थी।

बुधवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने कोर्ट को इस घटना की जानकारी दी। इस पर हाई कोर्ट ने मौखिक रूप से टिप्पणी करते हुए कहा कि बायपास की हालत बेहद खराब है और यह अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। मामले की अगली सुनवाई दो दिन बाद दोबारा की जाएगी। याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता अमय बजाज ने कोर्ट को पूरे बायपास पर बने बड़े-बड़े गड्ढों की तस्वीरें प्रस्तुत कीं। कोर्ट को अवगत कराया गया कि बायपास पर वाहन चालकों से भारी टोल टैक्स वसूला जा रहा है, परंतु सड़क का उचित रख-रखाव बिल्कुल नहीं हो रहा है। कई हिस्सों में स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, जिससे रात के समय दोपहिया वाहन चालक जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं।

गड्ढों के कारण हो रहे हादसे

गड्ढों के कारण कार, ट्रक और भारी वाहन भी अनियंत्रित होकर हादसों का शिकार हो रहे हैं। एनएचएआई पर आदेशों का असर नहींहाई कोर्ट की डिविजन बेंच इससे पहले भी चार से पांच बार एनएचएआई को बायपास की स्थिति सुधारने के सख्त निर्देश दे चुकी है। बायपास के कई अंडरपास ऐसे हैं जहां गहरे गड्ढे हो चुके हैं। पूर्व में तत्कालीन चीफ जस्टिस सुरेश कैत, संजीव सचदेवा, तत्कालीन प्रशासनिक जज विजयकुमार शुक्ला और जस्टिस विवेक रूसिया तक एनएचएआई को सुधार के कड़े निर्देश जारी कर चुके हैं, लेकिन बायपास की सूरत में अब तक कोई बदलाव नजर नहीं आया है।

12 अगस्त 2026 (डीपीएस के पास महिला की मौत) : बायपास पर डीपीएस स्कूल के पास सड़क के गड्ढे के कारण बाइक पर पीछे बैठी महिला उछलकर नीचे गिर गई। गंभीर चोटें आने से उसकी मौत हो गई।

जलसंरक्षण को लेकर कई बातों पर बनी सहमति, 9 में से चार विधायक ही पहुंचे

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की बैठक से कई विधायक लापता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एक तरफ तो मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से यह शिकायत करते हैं कि सीएम डॉ.मोहन यादव से 15-15 दिन बात नहीं हो पाती, दूसरी तरफ वे खुद ही मुलाकात से बचते रहते हैं।

आज भोपाल में कैबिनेट की बैठक थी, लेकिन मंत्री विजयवर्गीय ने एक बार फिर उससे दूरी बना ली। विजयवर्गीय ने आज एआईसीटीएसएल ऑफिस में जल संकट पर बैठक बुला ली थी, हालांकि इसमें मंत्रीजी सहित 4 विधायक ही पहुंचे।

बैठक में मंत्रीजी के अलावा विधायक रमेश मेंदोला, विधायक मधु वर्मा और विधायक महेंद्र हार्डिया ही नजर आए। इस संबंध में जब मंत्रीजी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरे से क्यों पूछ रहे हैं उनसे पूछिए। फिर कहा कि हो सकता है उनके क्षेत्र में जलसंकट नहीं हो। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि इस बार पानी कम गिरा है। एवरेज से 40 प्रतिशत से कम है। भविष्य मे जल संकट की संभावना है। आज नगर निगम के साथ बैठक की। इसके बाद संभाग की जितने नगरीय निकाय हैं उनके साथ बैठक होगी। इन दिनों गरबे के कार्यक्रम में जा रहे हैं तो पानी की शिकायत आ रही है। अभी से बोरिंग बैठने लगे हैं।

17 प्रतिशत क्षेत्रों में ज्यादा परेशानी

विजयवर्गीय ने कहा कि जितनी क्षमता है उतना पानी दे रहे हैं। 17 प्रतिशत क्षेत्र में नर्मदा नहीं है। टैंकर या बोरिंग से पानी जाता है। वहां के बोरिंग जल्दी सूख सकते हैं। वहां पानी कैसे पहुंचाएं, बोरिंग खराब हो तो तुरंत ठीक कैसे किया जाए। बोरिंग गहरा है तो तत्काल पाइप बढ़ाने का काम करें। मैंने नगर निगम को इस संबंध में निर्देश दिए हैं।



एमआईसी की बैठक बुलाने के निर्देश

मंत्री ने कहा कि महापौर से कहा है कि इसी मुद्दे पर एमआईसी की बैठक बुलाई जाए। अलग से जोन अधिकारियों की बैठक बुलाइए। फिर पूरी तैयारी कीजिए। विजयवर्गीय ने लोगों से कहा कि वे जल का सदुपयोग करें, दुरुपयोग न करें। बाल्टी से नहा कर पानी बचा सकते हैं। आरओ के वेस्टेज पानी को कलेक्टर करें।

जमीन का पानी बेचने के लिए नहीं

मंत्री ने कहा कि उन्होंने महापौर से कहा है कि पाइप लगाकर कार धोने वालों पर जुमार्ना लगाएं। यह पानी कार धोने के लिए नहीं है। किसी प्रतिबंध की चर्चा से उन्होंने इनकार करते हुए कहा कि नागरिकों की सुविधा के लिए जो जरूरत होगी वह करेंगे। पानी का कोई आपातकाल नहीं है। अगर आपातकालीन स्थिति है तो बोरिंग टेकओवर करने का अधिकार कलेक्टर के पा है। कोई पानी बेच रहा होगा तो उसे अधिग्रहित कर लेंगे। जमीन का पानी बेचने के लिए नहीं होता है।

संभागायुक्त और कमिश्नर भी नहीं गए बैठक में- संभागायुक्त भास्कर लक्षकार, कलेक्टर शिवम वर्मा भी नजर नहीं आए। बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग के कमिश्नर संकेत भोंडवे उपस्थित थे, लेकिन इंदौर के कई अधिकारी नजर नहीं आए।

किसान के मकान में आग लगने से गर्भवती भैंस की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रात में उंडासा क्षेत्र में एक किसान के मकान में आग लग गई। रात का समय होने पर जानकारी देरी से सामने आई जिसके चलते किसान की एक गर्भवती भैंस की जलने से मौत हो गई। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की दो फाइटर मौके पर पहुंची थी।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के उंडासा में विकास मालवीय का मकान बना हुआ है जो खेती किसानी करता है। बुधवार गुरुवार रात उसके मकान में अचानक आग लग गई। किसान परिवार को जानकारी लगते से पहले आज में विकराल रूप ले लिया था मकान की एक हिस्से में बंधी गर्भवती भैंस झुलस गई थी। आग लगने की जानकारी फायर ब्रिगेड को मिली तो दो दमकल मौके पर पहुंची करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन भैंस की मौत हो चुकी थी। आगजनी में किस को काफी नुकसान हो गया था। उसने आरोप लगाया कि आगजनी को संभवत डमरू डागर, भावेश, विष्णु और श्याम ने मिलकर अंजाम दिया है। दो दिन पहले अंबे माता मंदिर पर गाली-गलौच नहीं करने की बात पर कुछ लोगों से कहासुनी हुई थी। उसे दौरान उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। आग लगने का पता लगाया जा रहा है।

महाकाल से राम जन्मभूमि तक 950 किलोमीटर का करेंगे सफर

दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा दशहरे से

पार्थिव शिवलिंग और कन्या पूजन से शुरूआत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह दशहरे पर बड़ा संकल्प लेने जा रहे हैं। 20 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर से अयोध्या के राम जन्मभूमि तक सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा शुरू की जाएगी। 950 किलोमीटर की ये पूरी यात्रा पैदल तय होगी। करीब 70 दिन चलने वाली इस यात्रा में दिग्विजय सिंह और उनकी पत्नी अमृता राय रोज 15 किलोमीटर पैदल चलेंगे।

यात्रा को लेकर आयोजकों ने साफ कहा है कि यात्रा में कांग्रेस का कोई झंडा, बैनर, पोस्टर नहीं होगा बल्कि केवल दो ध्वज रहेंगे, जिसमें एक हाथ में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा और दूसरे हाथ में पचरंगा धर्म ध्वज रहेगा। बता दें कि पचरंगे के 5 रंगों का विशेष अर्थ है लाल शक्ति और साहस का, पीला ज्ञान और पवित्रता का, काला तप का, सफेद सत्य और शांति का और हरा प्रकृति और समृद्धि का प्रतीक है। यात्रा का ध्येय वाक्य यतो धर्मस्ततो जयः रहेगा। यात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। दद्दा शिष्य मंडल के वरिष्ठ प्रतिनिधि सागर से उज्जैन पहुंचे और व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे है। बताया जाता है कि कल्याणपुरा घाट से मां शिप्रा का पवित्र जल कलश में लिया जाएगा। फिर यात्रा के दौरान 5 पवित्र नदियों के जल से जुड़े धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे। 20 अक्टूबर को सुबह 8 बजे नृसिंह घाट स्थित बालाजी गार्डन में पार्थिव शिवलिंग निर्माण, कन्या भोज और भंडारे के साथ यात्रा का शुभारंभ होगा।

यात्रा उज्जैन से तराना, शाजापुर, सारंगपुर, राजगढ़, चाचौड़ा, आरोन, अशोकनगर, चंदेरी, तालबेहट, ओरछा - रामराजा सरकार होते हुए चिरगांव, उरई, कालपी, कानपुर देहात, लखनऊ देहात, बाराबंकी होते हुए अयोध्या पहुंचेगी।

यह है यात्रा का उद्देश्य

यात्रा निकालने के उद्देश्य को लेकर बताया जा रहा है कि देश के सामने दो बड़ी चोरी हैं- एक वोट चोरी और दूसरी चंदा-चढ़ावा चोरी। वोट चोरी से लोकतंत्र खतरे में है और चंदा चोरी से लोगों की धार्मिक आस्था पर चोट हो रही है। इन्हीं दो मुद्दों पर पारदर्शिता, निष्पक्ष जांच और जवाबदेही की मांग को लेकर ये यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा को किसी धर्म, संप्रदाय या व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि सत्य, धर्म और न्याय के लिए जनजागरण यात्रा के रूप में निकाला जा रहा है।

इंदौर के बाद अब उज्जैन भी बनाएगा कचरे को कंचन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में नारियल के छिलके और पुराने जूते-चप्पल भी अब कचरा प्रबंधन की नई व्यवस्था का हिस्सा बनने जा रहे हैं। नगर निगम इनकी रिसाइकिलिंग के लिए अलग-अलग प्लांट स्थापित करने की तैयारी कर रहा है।

इसके साथ ही घट्टिया तहसील के ग्राम डबरी में जैविक कचरे से कंप्रेस्ड बायोगैस बनाने और रिसाइक्लिंग योग्य सामग्री अलग करने के लिए सीबीजी सह एमआरएफ प्लांट प्रस्तावित है। यानी कचरे को केवल उठाकर निपटाने के बजाय उससे उपयोगी संसाधन तैयार करने की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। मंगलवार को महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में हुई मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक में तीनों परियोजनाओं के प्रस्तावों पर अनुशंसा की। नगर निगम की योजना नारियल के कचरे और फुटवियर वेस्ट के पुनर्चक्रण के लिए अलग-अलग प्लांट स्थापित करने की है। नारियल के छिलकों और रेशों को प्रसंस्कृत कर उपयोगी उत्पाद बनाए जा सकते हैं। इसी तरह पुराने जूते-चप्पलों के विभिन्न हिस्सों को उनकी सामग्री के अनुसार अलग कर पुनर्चक्रण के लिए भेजा जा सकता है। इन प्लांटों के लिए एजेंसी चयन की खातिर ई-निविदा आमंत्रित करने के प्रस्ताव पर अनुशंसा की गई है।


बुधनी वन क्षेत्र में अतिक्रमण पर जांच रिपोर्ट शासन को सौंपी, , 78,700 सागौन के पौधे काटने का दावा

भूमिहीन होने का दावा करने वाले परिवारों के मूल गांवों में हैं पक्के मकान

शिवराज सिंह चौहान के हस्तक्षेप के बाद मुख्यमंत्री ने दिए थे जांच के आदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

बुधनी वन क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के दौरान आदिवासी परिवारों के मकान तोड़े जाने को लेकर उठे विवाद के बीच जांच रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल को भेजी गई रिपोर्ट में वन भूमि पर कब्जे, सागौन के पौधों को काटने और प्रभावित परिवारों के मूल निवास से जुड़े तथ्यों का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे जिलों से आए लोगों ने वन विकास निगम के पौधारोपण क्षेत्र में झोपड़ियां बनाकर खेती शुरू कर दी थी।



मामले ने उस समय राजनीतिक तूल पकड़ लिया, जब केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनके बेटे कार्तिकेय सिंह प्रभावित परिवारों के धरने में शामिल हुए। शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को फोन पर मामले की जानकारी दी थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने जांच के आदेश दिए। मंगलवार को तीसरे दिन भी वन विकास निगम के डिपो के बाहर धरना-प्रदर्शन जारी रहा।

31.48 हेक्टेयर वन भूमि से कब्जा हटाने का दावा

जांच रिपोर्ट के मुताबिक, भैरूंदा तहसील के लाड़कुई परिक्षेत्र की कोसमी बीट स्थित रिजर्व फॉरेस्ट के कंपार्टमेंट क्रमांक 426 में वन विकास निगम की 31.48 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2020 में सामान्य वनमंडल से 186.960 हेक्टेयर वन भूमि वन विकास निगम के सीहोर परियोजना मंडल को हस्तांतरित की गई थी।

इसके बाद निगम ने वर्ष 2021 में लगभग 135 हेक्टेयर क्षेत्र में 3 लाख 37 हजार 500 सागौन के पौधे लगाए थे। जांच रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनमें से 78 हजार 700 पौधे काटकर 31.48 हेक्टेयर क्षेत्र पर कब्जा किया गया। गूगल अर्थ की टाइमलाइन तस्वीरों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2021 तक संबंधित कंपार्टमेंट खाली था।

वर्ष 2022 में झोपड़ियां बनाकर खेती शुरू करने का आरोप

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में सुनील, पिता शैतान, सहित अन्य 11 लोगों ने पौधारोपण को नुकसान पहुंचाकर अस्थायी झोपड़ियां बना लीं और खेती के लिए वन भूमि पर कब्जा कर लिया। हालांकि, इस मामले में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान नौ झोपड़ियां हटाए जाने का उल्लेख किया गया है। कार्रवाई के दौरान एक अवैध कुएं को मिट्टी और मुरम से भरने की बात भी रिपोर्ट में कही गई है। पूरी कार्रवाई की ड्रोन से वीडियोग्राफी कराए जाने का उल्लेख भी किया गया है।



मूल गांवों में पक्के मकान होने की बात

कलेक्टर की रिपोर्ट में कहा गया है कि 11 अक्टूबर को कार्रवाई के दौरान हटाए गए नौ कब्जाधारियों के सिंहपुर और हबीबनगर स्थित मूल निवास स्थानों पर पहले से पक्के मकान हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वहां मकान नंबर और मतदाता पहचान पत्र से संबंधित रिकॉर्ड भी दर्ज हैं। भैरूंदा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि भूमिहीन होने का दावा करने वाले इन लोगों के मूल गांवों में पक्के मकान मौजूद हैं। प्रशासन ने इन तथ्यों को वन भूमि पर कब्जे से जुड़े मामले में महत्वपूर्ण बताया है।

वन भूमि की सुरक्षा और प्रभावित परिवारों के सवाल

इस पूरे मामले में एक ओर प्रशासन की जांच रिपोर्ट में वन भूमि पर अतिक्रमण और सागौन के पौधों को नुकसान पहुंचाने के आरोप सामने आए हैं, वहीं दूसरी ओर मकान तोड़े जाने के कारण प्रभावित परिवारों का विरोध जारी है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के धरने में शामिल होने के बाद मामला राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर भी चर्चा में आया। अब इस प्रकरण में जांच रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर शासन की आगे की कार्रवाई महत्वपूर्ण होगी। साथ ही, प्रभावित परिवारों की पात्रता, उनके दावों और कार्रवाई की प्रक्रिया से जुड़े सभी पहलुओं की स्थिति स्पष्ट होना भी जरूरी है, ताकि वन भूमि की सुरक्षा के साथ प्रभावित लोगों से संबंधित तथ्यों का भी निष्पक्ष परीक्षण हो सके।

न्यूज कालम



आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण देना हमारा फर्ज : विधायक सचिन बिरला

बेड़िया। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से समीपस्थ ग्राम फनगांव स्थित रेवा गुर्जर मांगलिक भवन परिसर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। विधायक सचिन बिरला सहित जनप्रतिनिधियों ने पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान वृक्षों का पूजन भी किया गया।अभियान को गति देते हुए ग्राम के प्रगतिशील कृषक राजेश बिरला ने विभिन्न प्रजातियों के 211 बड़े पौधे, जबकि बिहारीलाल पटेल ने नीम, बरगद और पीपल के 101 बड़े पौधे देने की घोषणा की। दोनों किसानों की ओर से कुल 312 पौधे उपलब्ध कराने की पहल की गई। इस अवसर पर विधायक सचिन बिरला ने ग्रामीणों के पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ वातावरण देना हमारी जिम्मेदारी है। इसके लिए जल, जंगल और जमीन को प्रदूषण मुक्त रखना आवश्यक है। वृक्ष केवल धरती का श्रृंगार नहीं, बल्कि मानव जीवन का आधार हैं। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण के साथ उनकी देखभाल भी जरूरी है। कार्यक्रम में दिलीप पटेल, रामरतन धोगड़िया, अनोकचंद सिनगुने, धन्नालाल पटेल, तुकाराम धोगड़िया, भागीरथ भटान्या, पूर्व सरपंच भगवान, पवन धोगड़िया, राधेश्याम दुबलिया, प्रेमलाल भटान्या, जगदीश धोगड़िया, कालूजी पटेल सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

आईटीआई बड़वानी में हुआ वित्तीय साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा कार्यशाला

बड़वानी। शासकीय आईटीआई बडवानी के प्राचार्य श्री केतन मालवीय ने बताया की आज शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बड़वानी में प्रशिक्षणार्थियों के लिए एक विशेष वित्तीय साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यकम नेशनल सेंटर फॉर फाइनेशियल एजुकेशन के तत्वाधान में, देश के प्रमुख वित्तीय नियामकों-भारतीय रिजर्व बैंक, सेबी, इरडा और पीएफआरडीए के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य पर्वत के रूप में आयुप जैन ने छात्रों को आधुनिक वित्त प्रबंधन और डिजिटल सुरक्षा के गुर सिखाए। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य श्री केतन मालवीय, श्री कैलाश पटेल, श्री कपिल पाटीदार, श्री विनोद पटेल, और लीड बैंक प्रबंधक की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। सत्र दौरान वक्ता आयुष जैन ने छात्रों को डिजिटल पेमेंट फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी और साइबर काइम से बचने के महत्वपूर्ण उपाय बताए। इसके अलावा, छात्रों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी महत्वपूर्ण सरकारी बीमा एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

मनीष जिराती ने हैमर थ्रो में जीता स्वर्ण पदक, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बनाएंगे जगह



बेड़िया। ग्रीनवेली हायर सेकेंडरी स्कूल, कानापुर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी मनीष जिराती ने प्रदेश स्तरीय एसजीएफआई अंडर-17 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हैमर थ्रो स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर निमाड़ का गौरव बढ़ाया है। शिवपुरी में 7 से 11 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के दम पर मनीष ने यह उपलब्धि हासिल की। अब उनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। मनीष की इस सफलता पर विधायक सचिन बिरला ने उनके पिता जितेंद्र जिराती और कोच की मौजूदगी में मनीष का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। विधायक ने खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। मनीष की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। स्कूल के शिक्षकों और सहपाठियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल खेल भविष्य की कामना की।

मूक पक्षियों की प्यास बुझाने आगे आया लायंस क्लब स्नेह, सौ मिट्टी के सकोरे बांटे



सनावद। सेवा और जीवदया की भावना को बढ़ावा देते हुए लायंस क्लब सनावद स्नेह ने पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने के उद्देश्य से नागरिकों को लगभग 100 मिट्टी के सकोरों का वितरण किया। वेंकटेश कॉलोनी में आयोजित गरबा उत्सव समारोह में क्लब के सदस्यों ने माता रानी की आरती में सहभागिता की। इसके बाद उपस्थित भक्तों को सकोरे वितरित कर पक्षी संरक्षण का संदेश दिया। क्लब अध्यक्ष ला. भागचंद जैन ने कहा कि भीषण गर्मी और बारिश की कमी के कारण पक्षियों को प्राकृतिक जल स्त्रोतों से पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। ऐसे में घरों की छतों, आंगनों, परिसरों और उद्यानों में मिट्टी के सकोरों में दाना-पानी रखना पक्षियों के जीवन की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। क्लब की जीएमटी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ला. अनिता जैन ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों और आसपास के स्थानों पर नियमित रूप से पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करें, ताकि बेजुबान जीवों को राहत मिल सके।इस अवसर पर क्लब के प्रथम उपाध्यक्ष ला. विपिन गुप्ता, ला. रेणुका गुप्ता, ला. आरती पाटील, राजेश अजमेरा, भगवानदास, सीताराम, ला. सोमिल जैन, ला. सुजल जैन, दीपिका जेलमी सहित क्लब के अन्य सदस्यों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

जिले में अब तक 780 रजिस्ट्रियां पूर्ण

बड़वानी। स्वामित्व योजना के तहत बड़वानी जिले में ग्रामीण आबादी क्षेत्र की संपत्तियों का सर्वे कर ग्रामीणों को वैधानिक अधिकार देने का कार्य निरंतर जारी है। जिले में अब तक कुल 780 रजिस्ट्रियां सफलतापूर्वक पूर्ण की जा चुकी हैं। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का आधिकारिक दस्तावेज उपलब्ध कराना, वर्षों पुराने संपत्ति विवादों को समाप्त करना तथा उन्हें बैंक ऋण जैसी वित्तीय सुविधाएं दिलाकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। प्रशासन द्वारा शेष लंबित प्रकरणों के समयबद्ध व पारदर्शी निराकरण हेतु पटवारी सत्यापन सहित अन्य औपचारिकताएं तेजी से पूर्ण की जा रही हैं।

नवरात्रि में आरती-पूजन के समय बिजली कटौती बंद की जाए -विधायक छाया मोरे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



नवरात्रि में ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय हो रही अघोषित बिजली कटौती का मुद्दा जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में प्रमुखता से उठा। पंधाना विधायक एवं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता छाया मोरे ने प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी और जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह के सामने ग्रामीणों की परेशानी रखते हुए कहा कि माता की आरती, पूजन और भोजन के समय बिजली गुल होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जरूरत पड़ने पर दिन में अलग-अलग समय पर एक घंटा अधिक बिजली कटौती कर ली जाए, लेकिन रात में कटौती बंद कराई जाए।

विधायक छाया मोरे ने कहा कि नवरात्रि हिंदू समाज का प्रमुख धार्मिक पर्व है, जिसे लोग श्रद्धा और परंपराओं के साथ मनाते हैं। ऐसे समय में शाम को माता की आरती, पूजन और परिवारों के भोजन के दौरान बिजली कटौती से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। उन्होंने बैठक में कहा कि ग्रामीणों की नाराजगी इतनी बढ़ रही है कि लोग इस व्यवस्था पर सवाल उठाने लगे हैं।

मोरे ने प्रभारी मंत्री से आग्रह किया कि बिजली विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि रात के समय अघोषित कटौती न हो। यदि बिजली आपूर्ति और मांग के बीच संतुलन बनाने के लिए कटौती जरूरी है, तो दिन में अलग-अलग समय निर्धारित कर इसकी व्यवस्था की जाए, ताकि धार्मिक आयोजनों और आम जनजीवन पर असर कम पड़े।

विधायक की बात पर प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बिजली संकट के कारण बताते हुए कहा कि इस वर्ष बारिश के दौरान बांधों के गेट खोलने और पूरी क्षमता से जलविद्युत उत्पादन की स्थिति नहीं बन पाई। बांधों में सीमित जलभराव होने से बिजली उत्पादन के लिए पानी के इस्तेमाल और सिंचाई व पेयजल की जरूरतों के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने बताया कि इसी अवधि में कोयले से चलने वाले थर्मल पावर प्लांटों का मेंटेनेंस भी होता है। इन परिस्थितियों के कारण बीते सप्ताह बिजली की मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन प्रभावित हुआ है। सरकार स्थिति सुधारने के प्रयास कर रही है और जल्द ही आपूर्ति व्यवस्था बेहतर बनाने की कोशिश की जा रही है।

समीक्षा बैठक में विधायक छाया मोरे ने ग्रामीणों की समस्या को सामने रखते हुए रात के समय बिजली कटौती बंद कराने की मांग की। उनका जोर इस बात पर रहा कि बिजली व्यवस्था की कठिनाइयों का समाधान ऐसा हो, जिससे नवरात्रि के धार्मिक आयोजनों और ग्रामीण परिवारों की दिनचर्या पर अनावश्यक असर न पड़े। अब ग्रामीणों को बिजली विभाग और सरकार के स्तर पर होने वाली कार्रवाई का इंतजार है। सवाल यह है कि बिजली की मांग और उपलब्धता के बीच संतुलन बनाते हुए क्या नवरात्रि की रातों में ग्रामीणों को कटौती से राहत मिल पाएगी?



स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान, एनएफआर द्वारा 35 स्वच्छता दूतों का सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मालीगांव

स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के तहत, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने 13 अक्टूबर को गुवाहाटी के मालीगांव स्थित अपने मुख्यालय परिसर में 35 स्वच्छता दूतोंको सम्मानित किया। इस पहल के माध्यम से, स्वच्छता और साफ-सफाई को बढ़ावा देने में उनके योगदान को मान्यता देने के साथ-साथ दैनिक जीवन में पर्यावरण के अनुकूल तौर-तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस सम्मान समारोह का नेतृत्व एनएफआरके प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री उत्तम प्रकाश ने किया। उन्होंने 'स्वच्छता दूतों' को कपड़े के थैले बांटे, जो उनके काम की सराहना और उन्हें प्रोत्साहित करने का एक माध्यम था। इस पहल के तहत प्लास्टिक कचरा को कम करने और एक स्वच्छ व हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए, पॉलीथीन की थैलियों के स्थान परपुनःउपयोग होने वाले कपड़े के थैलों के महत्व पर जोर दिया गया। साथ ही, स्वच्छता दूतोंको कार्यावधि के दौरान अपने स्वास्थ्य और भलाई का ध्यान रखने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य कारखाना इंजीनियर पार्थ प्रतिम राय,मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजीनियर एस. सी. प्रसाद ,मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजीनियर (फ्रेट) भबेन नाथ, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (योजना) कपिल जांभुलकर, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (ईएनएचएम) श्री एम. कलिमुथु और मुख्य मोटिव पावर इंजीनियर (डीजल) श्री शिवाजी एन. कदम सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

नवाचार से स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगे विद्यार्थी -कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

आयुक्त तकनीकी शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन तथा कलेक्टर जयति सिंह के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बड़वानी में तकनीकी मॉडल प्रदर्शनी, हैकाथॉन एवं एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तकनीकी दक्षता, समस्या-समाधान की क्षमता और उद्यमिता की भावना विकसित करना तथा उन्हें रोजगार पाने के साथ-साथ रोजगार सृजन के लिए प्रेरित करना था। जिले के दोनों तकनीकी महाविद्यालयों शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बड़वानी एवं सेंधवा, के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विषय विशेषज्ञ एवं मुख्य अतिथि जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बड़वानी के महाप्रबंधक श्री एसएल सोलंकी ने केंद्र एवं मध्यप्रदेश शासन की स्वरोजगार, उद्योग स्थापना, स्टार्टअप और ऋण सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवा अपनी योग्यता, कौशल और नवाचार के बल पर स्वयं का उद्यम स्थापित कर सकते हैं, जिसके लिए शासन द्वारा वित्तीय सहायता, ब्याज अनुदान एवं ऋण सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति 2025 तथा एमएसएमई प्रोत्साहन प्रावधानों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को परियोजना रिपोर्ट बनाने, बैंक ऋण प्राप्त करने, पात्रता शर्तें समझने और शासकीय सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी तकनीकी दक्षता को व्यावहारिक परियोजनाओं और स्वरोजगार के अवसरों में बदलें।

साथ ही द्वितीय विषय विशेषज्ञ एवं विशेष अतिथि श्री अरविंद चौहान जिला समन्वयक सेडमैप ने करियर निर्माण, उद्यमिता और स्टार्टअप की अवधारणा पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप का मूल आधार नवाचार है।

विधायक अर्चना चिटनिस ने श्रद्धालुओं संग खींचा भगवान बालाजी महाराज का रथ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



भगवान बालाजी महाराज के रथयात्रा महोत्सव में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अनुपम संगम देखने को मिला। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस (दी) ने भगवान बालाजी महाराज के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने भगवान के समक्ष शीश नवाकर चरण स्पर्श किए और क्षेत्र के विकास, सुख-शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

गोविंदा-बालाजी, बालाजी-गोविंदा के गगनभेदी जयघोष के बीच अर्चना चिटनिस श्रद्धालुओं के साथ भगवान बालाजी महाराज की रथयात्रा में सहभागी बनीं और रथ खींचकर अपनी श्रद्धा एवं आस्था प्रकट की। भगवान के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान बालाजी महाराज के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। भगवान बालाजी महाराज की भव्य रथयात्रा नगर भ्रमण के दौरान बुरहानपुर के प्रतापपुरा पहुंची। यहां भी अर्चना चिटनिस ने श्रद्धालुओं के साथ रथ खींचा और भगवान के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। रथयात्रा मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। पूजा-अर्चना और आरती के साथ भक्तों ने अपनी आस्था व्यक्त की। पूरा वातावरण भगवान बालाजी महाराज के जयकारों से गुंजायमान रहा। भगवान बालाजी महाराज की रथयात्रा बुरहानपुर की समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण प्रतीक है। इस महोत्सव में श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।



नाक कान गला विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा किया जा रहा सफल उपचार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

शासकीय चिकित्सालय में इन दोनों नाक कान गला के रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना के बाद क्षेत्र के मरीजों को डॉक्टरों द्वारा सफल उपचार किया जा रहा है । नाक ,कान गला रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना के बाद ईएनटी रोगियों के आपरेशन भी किये गए। इसी तरह एक माह में ईएनटी रोग के 476 मरीजो का सफल उपचार किया गया। प्रभारी सुपर वाईजर शेलेन्द्र दवे ने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय के प्रयासों से ईएनटी स्पेशलिस्ट की हुई नियुक्ति से विधानसभा क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है । सिविल हॉस्पिटल प्रभारी डॉ दीपक पालड़ीया के निर्देशन में सिविल हॉस्पिटल में ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ अदिति भावसार के पदस्थ होने से नाक कान गला से संबंधित बीमारी के रोगियों को बेहतर उपचार मिल रहा है। डॉ. भावसार ने एक महीने में ईएनटी दो रोगियो की सर्जरी की। जिसमे भेरुलाल-कानाजी उम्र 50 साल निवासी मंशापूर्ण रोड के कान के निचले हिस्से में गठान होने से पिछले एक साल से परेशान थे। उनकी सर्जरी कर गठान निकाली गई इसी तरह कनीज उम्र 4 साल की जबान बाहर नहीं आती थी तथा वह तोतली बोलती थी । उसका भी सफल ऑपरेशन डॉ भावसार ने किया। आपने पिछले एक महीने में 476 ईएनटी रोगियों को देखकर उनका उपचार किया। ऑपरेशन के दौरान टीम में डॉ अतुल मंडवारिया, डॉ फैजान उस्मानी, डॉ राज कपूर डांगी, डॉ परनिका अग्रवाल, डॉ नजरेगुल शिरीन, भरत बीडवान, मनोहर राजपूत, अनिल बैरागी मौजूद थे।



सांस्कृतिक कार्यक्रमो की जुगलबंदी ने ग्रामीणों को भी आकर्षित किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

शहर का ज्योति नगर नवरात्र में श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां माता का दिव्य दरबार और गरबा पांडाल में हो रहे गरबों और सांस्कृतिक कार्यक्रमो की जुगलबंदी न केवल शहरवासी बल्कि ग्रामीणों को भी आकर्षित कर रही है। भव्यता को लेकर प्रसिद्ध इस परिसर में बुधवार रात गरबा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की ऐसी जुगलबंदी देखने को मिली कि लोग देर रात तक परिसर में डटे रहे। रात 8.45 सिद्धनाथ महादेव समिति, भव्य पांडाल निर्माण करने में सहयोग करने वाली श्रीनू इलेक्ट्रिकल्स की टीम ने सामूहिक महाआरती की। इसके बाद यहां आमंत्रित सिद्धि विनायक डांस एकेडमी के प्रतिभाशाली कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। रानी पद्मावती के शौर्य और बलिदान पर आधारित नृत्य नाटिका ने सभी को भाव विभोर कर दिया। इस प्रस्तुति में वीरांगना पद्मावती के साहस और आत्मसम्मान को जीवंत किया।इस जिसने दर्शकों को इतिहास के उस गौरव शाली पन्ने से फिर से जोड़ दिया। कलाकारों की भावपूर्ण अभि व्यक्ति और राजस्थानी, मारवाड़ी वेशभूषा ने प्रस्तुति में चार चांद लगा दिए।उत्सव समिति के प्रचार-प्रमुख दिलीप सोनी ने बताया कार्यक्रम में कॉलोनी की सीनियर-जूनियर टीम की पारंपरिक गरबा नृत्य की धूम भी खूब रही। रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजे कलाकारों ने जब गरबा की धुन पर कदम थिरकाए, तो पूरा पांडाल ऊर्जा और उत्साह से भर उठा। और तालियों की गडगड़ाहट से कलाकारों का हौसला बढ़ाया।

शासकीय आईटीआई बड़वानी में आगा खान ग्राम समर्थन कार्यकम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

शासकीय आईटीआई बडवानी प्राचार्य श्री केतन मालवीया ने बताया गया कि 15 अक्टूबर 2026 आगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम (भारत) की ओर से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बड़वानी में एक माह के रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलता पूर्वक समापन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत इलेक्ट्रीशियन एवं वेल्डर ट्रेड के विद्यार्थियों को डिजिटल कौशल सॉफ्ट स्किल्स एवं संचार कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस प्रशिक्षण में कुल 24 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर आगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम (भारत) के प्रतिनिधि श्री पवन प्रजापत ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाना उनके व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें कार्यस्थल की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है, प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी 24 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शासकीय आईटीआई बड़वानी के प्राचार्य श्री केतन मालवीया मार्गदर्शक श्री कैलाश पटेल तथा टीपीओ एवं प्लेसमेंट अधिकारी श्री राहुल पाटीदार एवं प्रशिक्षण आधिकारी, श्री अम्बाराम मोरे व्यवसाय इलेक्ट्रीशियन एवं श्री रविन्द्र प्रजापति, प्रवक्ता व्यवसाय इलेक्ट्रीशियन का महत्वपूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । साथ ही व्यवसाय इलेक्ट्रीशियन के सफल प्रशिक्षणार्थियो को रोजगार एवं स्वरोजगार के बारे में जानकारी दी गई । संस्था के दो इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय के गौरव प्रशिक्षणार्थी किश चौहान एवं सौरभ नरगावें को फोर्स मोटर्स प्रायवेट लिमिटेड पीथमपुर में रोजगार प्राप्त हुआ।

सीएमओ ने दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ

सनावद। शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन १४ अक्टूबर को माता चौक स्थित मां बागेश्वरी माता मंदिर में भक्ति के साथ सामाजिक सरोकारों की झलक देखने को मिली। नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र मिश्रा ने मंदिर पहुंचकर माता रानी की पूजा-अर्चना की।

बुरहानपुर से इच्छापुर स्थित मां इच्छादेवी मंदिर तक भव्य चुनरी यात्रा निकाली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



आस्था, भक्ति और भारतीय संस्कृति के अद्भुत संगम के बीच गुरुवार को बुरहानपुर से इच्छापुर स्थित मां इच्छादेवी मंदिर तक भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। भाजपा युवा नेता गजेंद्र दिनकर पाटील (गज्जू दादा) के नेतृत्व में निकली 151 मीटर लंबी चुनरी यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

23 किलोमीटर की इस पैदल यात्रा में धार्मिक झांकियों, ढोल-पथकों और मां के जयकारों से पूरा मार्ग भक्तिमय हो गया। बुरहानपुर के इतिहास में पहली बार मां इच्छा देवी के मंदिर व यात्रा में हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। आसमान से बरसते फूलों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गुरुवार सुबह फव्वारा चौक स्थित नवदुर्गा माता मंदिर में दादागुरु महाराज, सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जयश्री ज्ञानेश्वर पाटील, नेपानगर विधायक मंजू दादू, महापौर माधुरी पटेल, गजेंद्र पाटील, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज माने, यात्रा प्रभारी व पूर्व महापौर अनिल भोसले, अतुल पटेल, नरेंद्र पाटील, जय पाटील ने सामूहिक रूप से माता की आरती की। इसके बाद मातृशक्ति सहित श्रद्धालु 151 मीटर लंबी चुनरी लेकर मां इच्छादेवी के जयकारों के साथ इच्छापुर के लिए रवाना हुए।

यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। 25 फीट ऊंचे महादेव और नंदी महाराज के विराट स्वरूप ने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया, वहीं आधुनिक तकनीक से तैयार उड़ते हनुमानजी की झांकी ने लोगों को रोमांचित किया।

मां तुलजा भवानी की झांकी में एक कन्या ने माता की वेशभूषा धारण कर जीवंत स्वरूप प्रस्तुत किया। वह कई घंटों तक माता के रूप में झांकी में बैठी रही और इस दौरान बिना पलक झपकाए अपने स्वरूप को बनाए रखा। केरल, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की झांकियों ने धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता के रंग बिखेरे। महाराष्ट्र की पंढरपुर वारकरी मंडली, 51 ध्वजों वाला विघ्नहर्ता पुरी ढोल पथक तथा अमलनेर के श्रीकृष्ण बैंड की प्रस्तुतियों ने यात्रा में विशेष ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

चुनरी यात्रा का प्रमुख आध्यात्मिक आकर्षण दादागुरु का बुरहानपुर आगमन रहा। 17 अक्टूबर 2020 से नर्मदा जल पर आधारित निराहार साधना कर रहे दादागुरु की तपस्या और मां नर्मदा के प्रति उनकी आस्था श्रद्धालुओं के बीच चर्चा हुई।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली निविदा' के माध्यम से वेबसाईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है: क्र. : 1 ई-टेंडरिंग संख्या : RTM-2026-27-78R कार्य का नाम: Ranayala Jasmiya (RCJ) Sation : Provision of EI SYSTEM AT Left Over PI STATIONS in Dewas-Maksi Section (including Electrical Work). अनुमानित लागत: Rs.1,21,49,262.57 बयाना राशी : Rs.2,43,000.00 कार्य समापन अवधि: 10 Months. वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि: 14.10.2026 निविदा खुलने की तिथि: 06.11.2026 क्र. : 2 ई-टेंडरिंग : RTM-2026-27-104 कार्य का नाम: 1. Maksi-Dewas-TRR(P) - 11.709 Tkm 2. Indore-Dewas-Ujjain section - Through Rail Renewal (P) Total 4.354 Tkm & 3. Indore-Dewas-Ujjain section - TFR - 36.973 TKM अनुमानित लागत: Rs.2,12,51,003.29 बयाना राशी : Rs.4,25,000.00 कार्य समापन अवधि: 12 Months. वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि: 14.10.2026 निविदा खुलने की तिथि: 06.11.2026 विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

Apex/299

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

न्यूज -कॉलम

रिमांड पर मादक पदार्थ के साथ पकड़ाया युवक

उज्जैन। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 5 पर ट्रेन का इंतजार कर रहे युवक अजय कुमार पिता भंवरलाल 28 साल निवासी अजमेर (राजस्थान) को आरपीएफ-जीआरपी की टीम ने चैकिंग के दौरान 28 किलो मादक पदार्थ डोडाचूरा के साथ गिरफ्तार किया था। गुरूवार उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से 19 अक्टूबर तक रिमांड पर लिया गया है। जीआरपी निरीक्षक सुनील गुप्ता ने बताया कि आरोपी ने मोबाइल पर कॉल के बाद देवासगेट से डोडाचूरा के 2 बेग उठाना बताया था। जिसकी पुष्टि के लिये देवासगेट पर लगे कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे है। वहीं उसके मोबाइल पर बेग उठाने की सूचना देने वाले का नम्बर भी ट्रेस किया जा रहा है। आरोपी का कहना है कि उसे उज्जैन से मादक पदार्थ राजस्थान लेकर जाने पर पैसे मिलते है। पूर्व में चार बार उज्जैन आ चुका था। मोबाइल पर ही उससे बेग उठाने की जानकारी मिलती है। निरीक्षक गुप्ता के अनुसार पूर्व में पंजाब की 2 महिलाओं को पकड़ा गया था, उन्होने भी देवासगेट से एक व्यक्ति द्वारा मादक पदार्थ के बेग देना बताया था। संभवत:दोनों मामलों में एक ही व्यक्ति उज्जैन से दूसरे राज्यों में मादक पदार्थ पहुंचाने का काम कर रहा है। जिसकी गिरफ्तारी जल्द करने के प्रयास किये जा रहे है।

कोटा-सारंगपुर हाइवे पर दुर्घटना में घायल की मौत

उज्जैन। कोटा-सारंगपुर हाइवे पर गुरूवार सुबह आगर मालवा के छावनी मार्केट में रहने वाला अशोक पिता नाथुलाल मालवीय 55 साल अज्ञात वाहन से हुई दुर्घटना में घायल हो गया था। उसे गंभीर हालत में परिवार आगर से उपचार के लिये आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लेकर आया था। शाम को अशोक की मौत हो गई। चिमनगंज थाना एसआई जयदीप राठौर ने बताया कि सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया गया है। पोस्टमार्टम के बाद डायरी जांच के लिये संबंधित थाना पुलिस को आगर भेजी जायेगी। परिजनों का कहना था कि अशोक मानसिक रूप से कमजोर था, सुबह से पैदल निकलता था और रात में वापस लौटा था।

तीन लोगों को कुचलने वाले बस चालक पर केस दर्ज

उज्जैन। ग्राम भान बडोदिया उज्जैन-तराना मार्ग पर 8 अक्टूबर को आनंद ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 09 पीए 0514 ने बाइक सवार मांगीलाल परमार 60 साल, मनोहरलाल सोलंकी 45 साल और शंकरलाल सोलंकी 53 साल को कुचल दिया था। मौके पर मांगीलाल और मनोहरलाल की मौत हो गई थी। शंकर ने उपचार के दौरान निजी अस्पताल में दूसरे दिन दम तोड़ दिया था। तीनों मृतक ग्राम बिसनखेड़ी तराना के रहने वाले थे और गेहूं बीज खरीदने के लिये उज्जैन आ रहे थे। घट्टिया पुलिस ने दुर्घटना के बाद बस को जप्त कर लिया था। चालक भाग निकला था। एसआई अलकेश डझंगे ने बताया कि मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था। 6 दिन बाद बुधवार रात बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। चालक तराना का रहने वाला है। जिसकी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

सोयाबीन काट रही महिला को सांप ने डंसा, मौत

उज्जैन। खेत में कटाई के बाद बिखरी सोयाबीन एकत्रित कर रही महिला शांतिबाई पति मुकेश ग्राम रणायरा गुर्जर को सांप ने डंस लिया था। परिवार उसे उपचार के लिये उज्जैन लेकर आया था। निजी अस्पताल में बुधवार-गुरूवार रात शांतिबाई की मौत हो गई। सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। मृतक महिला रतलाम की रहने वाली थी, परिजन अंतिम संस्कार के लिये पैतृक गांव लेकर गये है।

अब दिन-रात के तापमान में आने लगी गिरावट

उज्जैन। पिछले कुछ दिनों से दिन-रात का तापमान लोगों के लिये परेशानी बना हुआ था। अक्टूबर माह आधा गुजर जाने के बाद भी गर्मी-उमस बनी हुई थी। लेकिन बुधवार से मौसम का मिजाज बदलता हुआ दिखाई दे रहा है। जहां रात के तापमान में 1 डिग्री की गिरवाट आई थी, वहीं गुरूवार को दिन का तापमान भी 0.5 डिग्री कम हुआ है। मौसम विभाग की माने तो एक बार फिर से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ती दिखाई दे रही है। यह उत्तर पंजाब के आसपास ऊंचाई पर बना हुआ है। दक्षिण हरियाणा के ऊपर भी चक्रवातीय परिसंचरण और उत्तर पूर्वी उत्तरप्रदेश से मध्यप्रदेश होते हुये महाराष्ट्र तक ट्रफ रेखा बनी हुई है। जिसका विस्तार पूर्व-मध्य अरब सागर तक बना हुआ है। जिसके चलते कुछ क्षेत्रों में बादलों की आवाजाही और हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते अब तापमान में कमी आना शुरू हो जायेगी। नवम्बर माह की शुरूआत होते ही लोगों को ठंड महसूस होने लगेगी।

दिन	390-2	466-6
मेन बाजार	346-3	369-8
कल्याण नाइट	689-3	778-2
मिलन डे	570-2	288-8
मिलन नाइट	247-3	160-7
मधुर डे	188-7	680-4
मधुर नाइट	249-5	150-6
शुभांक	2	7 8

हर दिन साइबर ठग लोगों बना रहे निशाना....

21 दिन में 6 खातों से 5.43 लाख का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

डिजीटल लेन-देन और इंटरनेट की सुविध आम आदमी तक पहुंचने के बाद ऑनलाइन होने वाली धोखाधड़ी का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। पिछले 21 दिनों में 6 लोगों के खातों से गायब हुये 5.43 लाख का मामला सामने आने पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किये है। जिले में हर दिन साइबर धोखाधड़ी की शिकायत सामने आ रही है।

संचार क्रांति के युग में कर लो दुनिया मुट्ठी में (मोबाइल) हर व्यक्ति के पास होने पर डिजीटल लेन-देन आसान हो गया है, लोगों की जेब खाली है लेकिन उनके पास हजारों-लाखों रूपये है। जिसका फायदा साइबर ठगों द्वारा उठाया जा रहा है। ठग किसी को झांसा देकर ठगी कर रहे तो कई लोगों के साथ तकनीकी स्तर पर धोखाधड़ी



होना सामने आ रहा है। पिछले 2 दिनों में चिमनगंज, खाराकुआ और खाचरौद थाना पुलिस ने 21 दिनों के दौरान 6 लोगों के साथ अलग-अगल हुई 5.43 लाख से अधिक की धोखाधड़ी के प्रकरण दर्ज किये है। पहला मामला 12 अक्टूबर को विष्णु पंवार निवासी श्रीवीर नगर के साथ हुआ। साइबर ठगों ने एपीके फाइल मोबाइल पर भेजी, जिसे डाउनलोड करते ही खाते से 2.25 लाख गायब हो गये। इससे पहले 28 सितंबर को नीरज साहू निवासी महालक्ष्मी विहार कालोनी एमआर-5 मार्ग के आरबीएल क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 1.39 लाख की धोखाधड़ी की गई। यहीं नहीं 22 सितंबर को खाचरौद के ग्राम दुपडावदा में रहने वाले गिरधारी पाटीदार के खाते से अनाधिकृत तरीके से 65 हजार का ट्रांजेक्शन हो गया। 21 सितंबर को रामप्रसाद भार्गव मार्ग पर रहने वाले रिजवान शेख का मोबाइल हैक हुआ और खाते से 28 हजार 977 रूपये गायब हो गये। इसी दिन इब्राहिमपुरा में रहने वाले सुजाउद्दीन अली के खाते से 85 हजार निकाले गये। 25 सितंबर को पटवा बाखल में रहने वाला आदित्य कसेरा का मोबाइल हैक हो गया था। कुछ देर बाद मैसेज मिला कि खाते से 97 हजार 600 का ट्रांजेक्शन हुआ है। सभी ने अपने साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर दर्ज कराई थी। जहां से मामले चिमनगंज, खाराकुआ और खाचरौद थाना पुलिस के पास पहुंचे। सभी मामलों में पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

पुलिस के प्रयासों से आगे साइबर ठग

साइबर ठगी करने वाले पुलिस द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लगातार प्रयास किये जा रहे है। जहां लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वहीं धोखाधड़ी में उपयोग हो रहे मोबाइल नम्बरों को ट्रेस कर उन्हे बंद कराने के लिये अभियान चलाया जा रहा है। बावजूद ऑनलाइन ठगी का ग्राफ कम नहीं हो रहा है। ठग हर बार धोखाधड़ी का तरीका बदल कर पुलिस से एक कदम आगे चलते दिखाई दे रहे है।

हेल्पलाइन शिकायत के बाद होल्ड राशि

पुलिस द्वारा देशभर में साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 जारी किया गया है। जिस पर धोखाधड़ी की तत्काल शिकायत दर्ज कराने पर ठगों द्वारा जिस खाते में राशि का ट्रांजेक्शन किया जा रहा है उसे होल्ड कराया जा रहा है। कई लोगों के खाते में राशि वापस आ भी रही है। पुलिस ठगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है, लेकिन अधिकांश खाताधारक पकड़े जा रहे है। जो पहले ही अपने खातों को किराये पर या बेच चुके होते है।

मालवा एक्सप्रेस में मिले स्कूल से भागे 3 छात्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कक्षा 8 वीं में अध्ययन करने वाले 3 छात्र अचानक लापता हो गये थे। स्कूल में बेग मिलने पर प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। छात्रों की तलाश शुरू की गई और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। तीनों मालवा एक्सप्रेस ट्रेन में सवार होते दिखाई दिये। पुलिस ने ट्रेन की लोकेशन ट्रेस कर मक्सी स्टेशन पर तीनों छात्रों का उतार लिया।

नागझिरी थाना पुलिस को ज्ञान सागर स्कूल प्रबंधन ने सूचना देकर बताया था कि कक्षा 8 वीं के 3 छात्र कक्षा में नहीं है। उनके बेग स्कूल परिसर में पड़े मिले है। छात्रों की उम्र 13 और 14 वर्ष है। पुलिस ने तत्काल



मामले में संज्ञान लिया और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। उनके परिजनों से भी संपर्क किया गया। तीनों छात्र रेलवे स्टेशन की ओर जाते दिखाई दिये। पुलिस ने प्लेटफार्म पर लगे कैमरों को देखा तो सामने आया कि मालवा एक्सप्रेस में सवार हुये है।

पुलिस ने स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से ट्रेन की लोकेशन को ट्रेस किया और मक्सी में ट्रेन के रूकते ही तीनों छात्रों को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया। थाने लाकर पूछताछ करने पर उन्होने बताया कि वह गोवा जाने की योजना बनाकर निकले थे। स्कूल जाने के बाद उन्होने बेग वहीं छोड़ दिये थे। पुलिस ने तीनों को परिजनों के सुपुर्द किया है। डीएसपी कमल निगवाल ने बताया कि तीनों छात्रों को तत्परता से खोल निकालने में एसआई रामप्रसाद वेद, एएसआई द्वारिका प्रयाद की भूमिका रही।

इंदौर से पकड़ाया युवती का पीछा करने वाला युवक



उज्जैन। इंस्टाग्राम पर मैसेज कर वीडियो भेजकर युवती को परेशान करने वाला आरोपी युवक इंदौर से पुलिस की हिरासत में आ गया। जिसके खिलाफ धारा 78(1)(2)(3) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पंवासा थाना एएसआई संतोष राव ने बताया कि जूनी ताजपुर की रहने वाली युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे इंस्टाग्राम पर मैसेज और वीडियो भेजकर इंदौर का रहने वाला उदय मेहरू परेशान कर रहा है। उसके द्वारा अलग-अलग इंस्टग्राम आईडी से मैसेज किये जा रहे है। शिकायत पर मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू की गई और इंदौर के आराधना नगर से गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। एएसआई राव के अनुसार आरोपी युवती के दूर का रिश्तेदार है। युवती ने उसके खिलाफ पूर्व में भी छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई थी। बावजूद युवक द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा था।

राघौपिपलिया में सड़क दुर्घटना, युवक की मौत

उज्जैन। इंदौररोड ग्राम राघौपिपलिया में गुरूवार दोपहर को हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। उसे घायल देख कुछ लोगों ने नानाखेड़ा स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया था।

चिंतामण गणेश थाना पुलिस ने बताया कि दोपहर में सूचना मिली थी कि ग्राम राघौपिपलिया में अज्ञात वाहन से हुई दुर्घटना में देवांग पिता पंकज साहू 22 साल घायल हो गया था। जिसे कुछ लोगों ने कार के माध्यम से उपचार के लिये नानाखेड़ा स्थित अवंति अस्पताल तक पहुंचाया था। जहां उसकी मौत हो गई है। पुलिस अस्पताल पहुंची, मृतक युवक के पास मिले दस्तावेजों से उसकी पहचान की गई और चरक अस्पताल के पीछे रहने वाले परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के आने पर उन्होने बताया कि प्रशांतिधाम कॉलेज जाने के लिये निकला था। पुलिस ने बताया कि सिर में लगी चोंट से मौत होना सामने आया है मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। अज्ञात वाहन का पता लगाने के लिये दुर्घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है।

ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

उज्जैन। शहर के मध्य ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित करने की मांग को लेकर उज्जैन गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष सौरभ जैन के नेतृत्व में कलेक्टर रोशन सिंह से मुलाकात की। संगठन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित लालपुर के बजाय शहर के नजदीक जगह उपलब्ध कराने का आग्रह किया। कलेक्टर ने इस विषय पर सरलता से विचार कर जल्द उचित स्थान उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। एसोसिएशन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि भैरवगढ़ बटिक प्रिंट, पावरलूम, नमकीन, दोना पत्तल, अगरबत्ती, पोहा और परमल उद्योग शहर की मुख्य औद्योगिक पहचान हैं। कम पूंजी वाले इन छोटे व्यवसायों में माल की ढुलाई साइकिल और दोपहिया वाहनों से की जाती है। प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर लालपुर मुख्य व्यावसायिक स्थल से काफी दूर है। वहां ट्रांसपोर्ट नगर शिफ्ट होने से छोटे व्यापारियों के लिए जटिल स्थिति उत्पन्न हो जाएगी और माल ढुलाई का खर्च बढ़ने से उत्पादों की लागत बढ़ेगी

पति कमरे में पहुंचा तो फंदे पर लटकी थी पत्नी

उज्जैन। गुरूवार सुबह कमरे से बाहर नहीं आई पत्नी को देखने पति पहुंचा तो उसने फंदे पर लटका देखा। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल लाया गया। मामले में जांच की जा रही है।

घट्टिया थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम बिछडौद में रहने वाली दीपा पति दिलीप राठौर 35 साल ने सुबह घर में फांसी लगा ली थी, पति कमरे में पहुंचा तो उसने फंदे पर लटका देखा और परिवार के साथ आसपास के लोगों को बुलाया। मामले की जानकारी लगने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिये बॉडी अस्पताल लाई गई। परिजनों ने बताया कि दीपा का मायका बड़वानी में है। उसका दिमागी संतुलन ठीक नहीं था, जिसका उपचार भी चल रहा था। मृतिका के परिजन भी उज्जैन पहुंच गये थे। उनका कहना था कि शादी को 9 साल हो चुके है। दीपा ऐसा कदम नहीं उठा सकती थी। पुलिस के अनुसार संभवत: मामला पारिवारिक विवाद का है। मायके और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

65 साल के वृद्ध ने खाया जहर- चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र के ग्राम नलवा में रहने वाले 65 वर्षीय रणछोड़ पिता देवाजी चौहान ने गुरूवार सुबह जहर खा लिया था। परिजन उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन कुछ देर बाद मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रणछोड़ शराब पीने का आदी था। उसने शराब के साथ ही जहर मिलाकर पिया है। पुलिस का कहना था कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। फिलहाल आत्महत्या का करण सामने नहीं आया है।

किसानों ने नारेबाजी कर रखी समस्या हल की मांग

कान्ह डायवर्सन के काम से कुछ गांवों में पानी के संकट पर मुआवजा की मांग भी उठी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पूर्व घोषणानुसार गुरूवार को जिले के किसान जिला मुख्यालय कलेक्टोरेट पर जूटे और अपनी समस्याओं के निदान को लेकर नारेबाजी की गई। नारेबाजी के दरमियान पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी को भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह आंजना की उपस्थिति में ज्ञापन का वाचन कर सौंपा गया । इसके साथ ही प्रशासन को चेतावनी देकर कहा गया कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नही लिया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

भारतीय किसान संघ के किसानों ने उज्जैन जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने के लिए ज्ञापन दिया है। जिला प्रचार प्रमुख जालम सिंह रेबारी के अनुसार प्रमुख रूप से उज्जैन जिले में हुई अल्प वर्षा के कारण सूखे की स्थिति निर्मित हो रही है ट्यूबवेल एवं कुए अभी से ही सुख रहे हैं। तालाबों में पानी नहीं है , नदियां सुखी रह गई जिले भर से आए कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को चेताया कि अगर हमारी मांगो पर शीघ्रता से निर्णय नहीं लिया गया तो अब अधिक से अधिक संख्या में किसान उग्र आंदोलन करेगा। नर्मदा का पानी नहरों के माध्यम से खेतों तक पहुंचाया जाये और बाकी बची तहसीलो में भी पाईप लाईन बिछाई जाये। सुखे तालाब, नदियों में नर्मदा का पानी छोड़ा जाये, 25 अक्टूबर तक चालू की जाये। उज्जैन जिले को सुखा घोषित किया जाये, जिसमें



राहत राशी. बीमा व अन्य सुविधा किसानों को दी जायें, सुखे के तहत। अघोषित विद्युत कटौती गाँव में तुरंत बद की जावें। कृषि के लिए 10 घंटे दिन में बिजली दी जायें। खाद्य के टोकन में दिक्कत का सामना किसानों को करना पड रहा है, उसका सरलीकरण किया जाये। -बीज निगम की स्थापना उज्जैन जिले में की जाये, पूर्व में आगर रोड़ पर थी पर अभी देवास किया गया है। मात्र गेहूँ के समर्थन मुल्य पर प्रति क्विंटल 25 रु. ब?ना किसानों का अपमान है जबकि खाद पर एक बार में 500 से 800 रु. प्रति बेग बढाए गए। कान्ह डायवर्शन योजना में 70 फिट नीचे खुदाई की जा रही है और पिछले दो माह से पानी को 6-7 मोटर डालकर नाले में बहाया जा रहा हैं । गांव ब्रजराज खेड़ी, पाल खेड़ी, हासामपुरा, और चान्दमुख में भयंकर जल संकट उत्पन्न हो गया है। इन गांवों में किसानों को विशेष मुआवजा राहत निर्माणकर्ता कंपनी से दिलाई जाए।

पांच साल से रखरखाव पर कई लाख का खर्च सामने आया ,चौकीदारों ने रखवाली की...

उज्जैन में 12 करोड़ का गेहूं सड़ा रखवाली में खर्च हुए 25 लाख रूपये

दो बार टेंडर किए लेकिन नहीं मिला खरीददार इस बीच गेंहु सडांध मारने लगा

वर्ष 2020-21 के दौरान समर्थन मुल्य पर खरीदा गया करीब 12 करोड़ का गेंहु पिपल्या मोलू में पडा-पड़ा ही सड गया है। गेंहु से सडांध आने लगी है और हवा-पानी से पर्याप्त बचाव न हो पाने के कारण यह स्थिति बनी है। करीब 67 हजार कुंटल गेहूं को बेचने के लिए दो बार टेंडर किए गए लेकिन खरीददार के अभाव में गेहुं पड़ा रहा। इसकी निगरानी पर ही पिछले 5 सालों में 25 लाख से ज्यादा के व्यय की बात सामने आ रही है।

वर्ष 2020-21 में समर्थन मुल्य पर गेहुं की खरीदी की गई थी। उसी के तहत ग्राम पिपलिया मोलू में खरीदी कर गेहुं रखा गया था। यह गांव उन्हेंल-नागदा के बीच में आता है। करीब पौने 13 करोड की लागत का करीब 67 हजार क्विंटल गेहुं खरीद कर यहां रखा गया था। सूत्रों के अनुसार खरीदी के उपरांत वेयर हाउस में जगह नहीं होने के कारण गेहूं को ओपन केप में रखा था। इसके बाद खरीदी खत्म हो गई। मगर ओपन केप



में रखे इस गेहूं का परिवहन कराने के लिए वेयर हाउस कॉर्पोरेशन के तात्कालीन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। स्टेट सिविल सप्लाई के अफसरों ने भी इसे सिरे से नजरअंदाज किया। इस तरह 5 साल से अधिक समय से ऐसे ही पडा रहा। ग्रामीणों की माने तो कई बार खराब मौसम में भी फटी बरसाती में गेहुं रहा और बारिश होने पर भीगा और धीरे-धीरे सड़ता रहा।

दो बार बेचने का प्रयास- सूत्रों के अनुसार इस गेंहु के रखरखाव के लिए मात्र बरसाती एक सहारा थी और चौकीदार ही थे। दो चौकीदारों के भरोसे यह व्यवस्था चल रही थी। पिछले 5 सालों में बरसाती और चौकीदारों के नाम पर बराबर खर्च किया जाता रहा है। यह करीब लाखों में बताया जा रहा है। इस गेंहु को बेचने के लिए दो बार टेंडर किए जाने की जानकारी भी सामने आ रही है लेकिन खरीददार का अभाव दोनों बार रहा है। नागरिक आपूर्ति निगम सैम्पल परीक्षण कर इसे खपाने में लगा है। खपाने के लिए कैटल फीड, पोल्ट्री या खाद आदि के लिए कैटेगरी बनाने की तैयारी कर रहा है।

ऐसे सड़ा गेहुं-खरीदी के बाद गेहुं को पिपल्या मोलू में ही पडा रहने दिया गया। अधिकारी चाहते तो समयानुकुल इसका उठाव करवाकर इसे बचा सकते थे लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसके लिए नागरिक आपूर्ति निगम को पत्र भी दिए गए लेकिन ऐसा नहीं किया गया और करोडों का गेहुं दाव पर लगा दिया गया।

हरसिद्धि मंच पर भजनों एवं नृत्य के माध्यम सतत् भक्ति

उज्जैन श्री हरसिद्धि भक्त मंडल के तत्वावधान में नवदुर्गा नगर में शारदीय नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत चतुर्थ दिवस को रसराज मानस संगीत एवं नृत्य संस्थान द्वारा भजनों की अनुपम प्रस्तुति दी गई संगीतमय धार्मिक भजनों के साथ कलाकारों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति द्वारा मां हरसिध्दि की भक्ति नृत्य के माध्यम से की गई श्र मानसी शर्मा के नेतृत्व में बाल कलाकारो द्वारा धार्मिक गीतों पर द्वारा राजस्थानी गणेश वंदना,कृष्णा आराधना दुर्गा मां आराधना आदि प्रस्तुति दी गई।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली निविदा' के माध्यम से वेबसाईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है: **क्र. : 1 ई-टेंडरिंग संख्या : RTM-2026-27-78R कार्य का नाम:** Ranayala Jasmiya (RCJ) Sation : Provision of EI SYSTEM AT Left Over PI STATIONS in Dewas-Maksi Section (including Electrical Work). **अनुमानित लागत:** Rs.1,21,49,262.57 **बयाना राशी :** Rs.2,43,000.00 **कार्य समापन अवधि:** 10 Months. **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:** 14.10.2026 **निविदा खुलने की तिथि:** 06.11.2026 **क्र. : 2 ई-टेंडरिंग : RTM-2026-27-104 कार्य का नाम:** 1. Maksi-Dewas-TRR(P) - 11.709 Tkm 2. Indore-Dewas-Ujjain section - Through Rail Renewal (P) Total 4.354 Tkm & 3. Indore-Dewas-Ujjain section - TFR - 36.973 TKM **अनुमानित लागत:** Rs.2,12,51,003.29 **बयाना राशी :** Rs.4,25,000.00 **कार्य समापन अवधि:** 12 Months. **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:** 14.10.2026 **निविदा खुलने की तिथि:** 06.11.2026 विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

Apex/299

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

उकताहट से आजादी



रोज-रोज वही दफ्तर। वही जाने-पहचाने लोग। वही परिवार। किसी एक मौके पर आपने महसूस किया होगा कि बिना किसी परिवर्तन के यह घिसी-पिटी जिंदगी एक बोरियत है। है न? कहीं कोई बदलाव नहीं है। ऐसा महसूस करना आपके मन का खेल है। कार्यालय बदल दें, तो घर बदलने की इच्छा होगी। घर बदलने पर, परिवार को बदलने का मन करेगा। परिवार को बदला जाए, तो अपना चेहरा बदलने की ख्वाहिश होगी। यह एक अंतहीन समस्या है।

दरअसल, यहां परिवर्तन के बिना कुछ भी नहीं चलता। कल जिस सूरज को हमने देखा था, आज का सूरज उससे अलग ही है। यह जो क्षण है, बिल्कुल नया है। ऐसी कोई न कोई बात इस क्षण में घटी है, जो पिछले क्षण में नहीं थी। कहीं कोई पत्ता झड़ा है, कहीं कोई बीज अंकुरित हुआ है। इस क्षण में आप पिछले साल, कल या अभी-अभी जो क्षण बीता है, वैसी अनुभूति महसूस नहीं कर सकते। उत्साह हो या उकताहट, वह आपके मन की उपज है। मानो पूरे परिवार को वे अपने ऊपर ढो रहे हों, इस विचार के साथ हमेशा दुखी रहने वालों को झुंझलाहट आए बिना कैसे रहेगी? चूंकि आप मन के सहारे जी रहे हैं, आप पर ऐसी भावनाएं हावी हो रही हैं कि आप कल के ही काम को आज भी दोहरा रहे हैं।

बीता हुआ कल जो है, वह एक याद है। आसमान ने यह याद नहीं रखा है कि कल बादल कहां-कहां थे? समुंदर ने इस बात का लेखा-जोखा नहीं रखा कि कल कितनी लहरों को लेकर तट से खेला था। विश्व में जहां भी देखें, घटनाएं भले ही कुछ खास निशानियां छोड़ गई हों, वे बोझ बनकर स्मृतियों को दबोचती नहीं हैं। प्रकृति में कोई भी चीज पुरानी नहीं है। हर एक चीज नई नवेली है। विज्ञान भी यही कहता है।

जिंदगी कभी भी उकताने वाली नहीं है। आप जिस पृथ्वी पर खड़े हैं, वह भी एक जगह स्थिर न रहकर निरंतर घूमती रहती है। जिस किसी भी क्षण आप मुंह उठाकर देखते हैं, आसमान के एक नए हिस्से को ही देखते हैं। आपका मन ही है, जो उस पर ध्यान देने में असमर्थ होकर परेशान रहता है। यदि आप उसे वश में रखने की कला न जानकर उसे बंधन-मुक्त कर दें, तो मन अलग तरह से काम करना नहीं जानता।

उकताहट का कारण आपका कार्यालय नहीं है। आप अपने मन के गुलाम हो गए हैं, यह कारण है। मन का उपयोग कैसे करना चाहिए, यह कला चूंकि आपको नहीं आती, इसलिए मन आपका उपयोग किए जा रहा है। इस ऊब से मुक्ति का एक मार्ग है। जो भी काम करें, उसमें खुद को संपूर्णता से डुबो दें। महसूस करें कि जो काम आप कर रहे हैं, वह पूरी खुशी से कर रहे हैं, तभी संपूर्ण रूप से क्रियाशील रह सकेंगे।

सम्पादकीय

यह सजा एक नजीर

नीला ड्रम हत्याकांड में दोषियों को सुनाई गई फांसी की सजा पूरे समाज के लिए नजीर है। पिछले वर्ष 3 मार्च को हुए इस जघन्य हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोरकर रख दिया था। यह एक इंसान ही नहीं, भरोसे का कत्ल था। पूर्व मर्चेंट नेवी अधिकारी सौरभ राजपूत की हत्या खुद उनकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला ने की थी। भूलना मुश्किल है कि मुस्कान और साहिल ने सौरभ के खाने में बेहोशी की दवा मिलाकर उन्हें चाकू से गोद डाला। इतने से भी मन न भरा, तो सौरभ के शरीर के पांच टुकड़े किए और प्लास्टिक के नीले ड्रम में भरकर कंक्रीट से सील कर दिया। अपराध का क्रम यहीं नहीं टूटा, मुस्कान और साहिल सफर पर निकल गए। इस कांड का खुलासा कई दिनों बाद हुआ, जब पड़ोसियों तक दुर्गंध पहुंची। ऐसी दहशत फैली कि नीला ड्रम पूरे देश में डर की वजह बन गया। लगभग 13 महीने तक बहस, 126 सुनवाई और 22 से अधिक गवाहों के बयान के बाद हत्यारों को फांसी की सजा सुनाई गई है। अब यह मामला क्रमशः उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय तक जाएगा, अंतिम फैसले में शायद वक्त लगे, पर यह एक ऐसा मामला है, जिसमें अपराधियों का बचना नामुमकिन है।

यह जघन्य अपराध का विरल मामला है। यह बात भी गौर करने की है कि मुस्कान या साहिल ने अपने किए पर किसी तरह के पछतावे का कोई संकेत नहीं दिया है। हां, मुस्कान अपनी दोनों बेटियों के सहारे खुद को बचाना चाहती थी। बेटियों के प्रति संवेदना स्वाभाविक है, लेकिन इस बहाने सजा में रियायत का कोई आधार नहीं बनता है। बेटियों की चिंता प्राथमिक रूप से निकटतम परिजन को करनी चाहिए, साथ ही, उनका ध्यान समाज और सरकार को भी अपने स्तर पर रखना होगा। मरने के बाद ही सही, सौरभ राजपूत के साथ पूरा न्याय होना चाहिए। वह एक ऐसा पति थे, जिन्होंने अपनी पत्नी पर भरोसा करने की कीमत जान देकर चुकाई। पत्नी की बेवफाई और बेरहमी के चलते एक बहुत बुरा पैगाम समाज तक पहुंचा। न जाने कितने युवाओं के मन में शक के बीज अंकुरित हुए? आज ऐसे युवा या लोग निश्चित ही कुछ राहत महसूस कर रहे हैं और अपराधी प्रवृत्ति के युवाओं को भी मुकम्मल सबक हासिल हुआ होगा। आंकड़े गवाह हैं, अपने देश में पति के हाथों करीब 7,000 से ज्यादा महिलाओं की हत्या होती है, जबकि बीते पांच वर्ष में पत्नी के हाथों करीब 700 पतियों की हत्या हुई है।

राष्ट्रीय पटल पर विचारों का मंच

जंतर-मंतर से दूर होते प्रतिरोध के ठिकाने

लोकतंत्र की जीवंतता केवल इस बात से तय नहीं होती कि संसद के भीतर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच कितनी सार्थक बहस होती है, बल्कि इसकी असली कसौटी यह है कि संसद के बाहर सड़कों पर आम नागरिक की आवाज को कितनी



महेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

गंभीरता और सहजता से सुना जाता है। देश की राजधानी नई दिल्ली के हृदय स्थल में स्थित जंतर मंतर पिछले 33 वर्षों से इसी लोकतांत्रिक चेतना, जन आक्रोश और नागरिक उम्मीदों का सबसे बड़ा केंद्र रहा है। किंतु अब केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा गठित एक उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों के आधार पर दिल्ली पुलिस ने एक ऐतिहासिक बदलाव करते हुए जंतर मंतर को अधिकृत प्रदर्शन स्थलों की सूची से बाहर कर दिया है। 28 अप्रैल 2022 के पुराने स्थायी आदेश में संशोधन करते हुए अब राजधानी में धरना और प्रदर्शन के लिए तीन नए स्थान निर्धारित किए गए हैं, जिनमें मध्य दिल्ली का रामलीला मैदान, उत्तरी दिल्ली का बुराड़ी मैदान और पूर्वी दिल्ली के कड़कड़डूमा स्थित व्यावसायिक केंद्र मैदान शामिल हैं। प्रशासन के इस एक निर्णय ने तीन दशकों से चली आ रही प्रतिरोध की एक पूरी परंपरा को विराम दे दिया है और साथ ही लोकतांत्रिक अधिकारों तथा प्रशासनिक व्यवस्था के बीच के द्वंद्व पर एक नई बहस छेड़ दी है।

जंतर मंतर का यह परिसर केवल 18वीं सदी के खगोलीय यंत्रों का स्मारक मात्र नहीं था, बल्कि यह आधुनिक भारत के सामाजिक और राजनीतिक आंदोलनों की सबसे बड़ी प्रयोगशाला बन चुका था। वर्ष 1993 से लेकर 2026 तक के अपने 33 वर्षों के सफर में इस छोटे से मार्ग ने अनगिनत ऐतिहासिक बदलावों की नींव रखी। चाहे वर्ष 2011 का भ्रष्टाचार विरोधी लोकपाल आंदोलन हो, वर्ष 2012 में निर्भया कांड के बाद उमड़ा युवाओं का स्वतःस्फूर्त जनसैलाब हो, वर्ष 2015 में पूर्व सैनिकों का वन रैंक वन पेंशन आंदोलन हो या फिर वर्ष 2023 में महिला पहलवानों का लंबा संघर्ष, जंतर मंतर ने हर वर्ग की पीड़ा को राष्ट्रीय पटल पर रखने का मंच प्रदान किया। देश के सुदूर कोनों से आने वाले किसानों, मजदूरों, छात्रों, शिक्षकों और वंचित वर्गों के लिए यह स्थान एक ऐसी उम्मीद की तरह था, जहाँ खड़े होकर वे सीधे सत्ता के शीर्ष से संवाद करने का अहसास पाते थे। संसद भवन से मात्र 1 से 1.5 किलोमीटर की दूरी पर होने के कारण यहाँ उठने वाली हर आवाज की गूंज नीति निर्माताओं के कानों तक आसानी से पहुँच जाती थी।

इस ऐतिहासिक स्थल से प्रदर्शनों को हटाने के पीछे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के अपने ठोस तर्क हैं। तात्कालिक कारणों पर नजर डालें तो वर्ष 2026 के जून और जुलाई माह में प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता और शिक्षा सुधारों की मांग को लेकर लगभग 36 दिनों तक चला विशाल छात्र आंदोलन इस फैसले का मुख्य आधार बना। उस आंदोलन के दौरान जंतर मंतर की सीमित क्षमता के विपरीत 1 लाख से अधिक प्रदर्शनकारी जुट गए थे। जब इस भारी भीड़ ने संसद भवन की ओर कूच करने का प्रयास किया, तो सुरक्षा व्यवस्था चरमरा गई और पुलिस तथा छात्रों के बीच हुई झड़पों में 118 पुलिसकर्मियों सहित दर्जनों छात्र घायल हुए। इसके अतिरिक्त, हाल ही में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन के मुद्दे पर राजनीतिक दलों और युवा संगठनों द्वारा फिर से जंतर मंतर पर बड़े घेराव की तैयारी की जा रही थी। नए संसद भवन और कर्तव्य पथ के आसपास अति विशिष्ट व्यक्तियों के निरंतर आवागमन और संवेदनशील मंत्रालयों की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस का मानना है कि इतनी कम दूरी पर अनियंत्रित भीड़ का जुटना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा जोखिम है।

सुरक्षा के अलावा स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों की दैनिक परेशानियां भी इस बदलाव का एक बड़ा कारण बनी हैं। जंतर मंतर राजधानी के सबसे बड़े व्यावसायिक केंद्र कनॉट प्लेस और जनपथ के ठीक बगल में स्थित है। जब भी यहाँ कोई बड़ा प्रदर्शन होता था, तो एहतियात के तौर पर आसपास की मुख्य सड़कें और रेल के भूमिगत स्टेशन बंद कर दिए जाते थे। इससे न केवल घंटों लंबा यातायात जाम लगता था, बल्कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डे की ओर जाने वाले हजारों यात्रियों की गाड़ियां छूट जाती थीं। स्थानीय व्यापार मंडलों ने लंबे समय से यह शिकायत की थी कि लगातार होने वाले धरनों और नाकेबंदी के कारण कनॉट प्लेस के व्यापार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी पूर्व में यह सुझाव दिया था कि प्रदर्शनों के लिए ऐसी खुली और बड़ी जगह तलाशी जानी चाहिए जहाँ आम जनजीवन प्रभावित न हो तथा प्रदर्शनकारियों के लिए पेयजल, शौचालय और चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध कराई जा सकें।

किंतु इस प्रशासनिक सुविधा के दूसरे पहलू पर नजर डालें तो नागरिक अधिकार संगठनों और संविधानविदों की चिंताएं अत्यंत गंभीर और विचारणीय हैं। राजधानी में सत्ता के केंद्र से जन आंदोलनों को दूर धकेलने की यह प्रवृत्ति नई नहीं है, बल्कि पिछले चार दशकों में विरोध का पता तीन बार बदला जा चुका है। वर्ष 1988 तक इंडिया गेट के पास स्थित बोट क्लब देश के सबसे बड़े प्रदर्शनों का केंद्र हुआ करता था, जहाँ से संसद और राष्ट्रपति भवन सीधे दिखाई देते थे। अक्टूबर 1988 में चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में जब 5 लाख किसानों ने एक सप्ताह तक बोट क्लब पर डेरा डाला, तो सरकार ने सुरक्षा और व्यवस्था का हवाला देकर वहां प्रदर्शनों पर स्थायी रोक लगा दी और वर्ष 1993 में जंतर मंतर को नया विकल्प बनाया गया। वर्ष 2017 में राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने पर्यावरण और ध्वनि प्रदूषण के नियमों का हवाला देकर जंतर मंतर पर भी आंशिक पाबंदियां लगाईं, और अब वर्ष 2026 में इसे पूरी तरह से सूची से हटा दिया गया है।

बोट क्लब से जंतर मंतर और अब जंतर मंतर से बुराड़ी तथा कड़कड़डूमा के मैदानों तक का यह सफर वास्तव में सत्ता के गलियारों से आम जनता की भौतिक और मनोवैज्ञानिक दूरी बढ़ने की कहानी है। लोकतंत्र में किसी भी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का मूल उद्देश्य सरकार का ध्यान आकर्षित करना और राष्ट्रीय समाचार माध्यमों के जरिए अपनी बात देश के सामने रखना होता है। जंतर मंतर की भौगोलिक स्थिति उसे यह विशेष महत्व देती थी कि वहां बैठा सौ लोगों का एक छोटा समूह भी राष्ट्रीय चर्चा का विषय बन जाता था। इसके विपरीत, उत्तरी दिल्ली का बुराड़ी मैदान या पूर्वी दिल्ली का कड़कड़डूमा क्षेत्र मुख्य प्रशासनिक केंद्र से 15 से 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। बाहरी इलाकों में प्रदर्शनों को स्थानांतरित करने से प्रशासन को भीड़ प्रबंधन में तो आसानी होगी।

फूल, फीता, अर्थी

सड़क पर सायरन बजाती पुलिस की गाड़ियां ऐसे भागीं जैसे कोई बहुत बड़ा अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी हाथ लग गया हो। आगे पीछे ब्रेक लगे और बत्तियां नचाकर जब जवानों ने बंदूक तानते हुए गठरी नीचे रखने को कहा, तो असल में पूरे मुल्क के विकास का नकाब उतर गया। वो कोई कुख्यात स्मगलर नहीं बल्कि बत्तीस साल का बिरजू था, जिसकी मैली धोती और थरथराते घुटनों के बीच चादर में कोई सोना या गैरकानूनी हथियार नहीं बल्कि उसकी छह साल की बेटी चंदा की ठंडी लाश लिपटी थी। सब इंस्पेक्टर साहब ने अपनी वर्दी का रुआब झाड़ते हुए तुरंत सेफ सिटी गाइडलाइंस और धारा एक सौ चौवालीस की पोथी खोल दी कि सड़क पर ऐसे खुलेआम लाश ढोना नियमों के सख्त खिलाफ है, भला अस्पताल की एंबुलेंस क्यों नहीं बुलाई।

बिरजू ने रोते हुए बताया कि मोर्चरी के बाहर जो चमचमाता डिजिटल कियोस्क लगा है, उसने साफ समझा दिया कि आज के नए भारत में सांस टूटना भले मुफ्त हो पर श्मशान जाने के लिए यूपीआई का बैलेंस जरूरी है। अस्पताल का बाबू पीपीपी मॉडल की नियम पुस्तिका सीने से चिपकाए बैठा था और बारह सौ रुपये का ऑनलाइन पेमेंट न होने पर दया की जगह ऑडिट का डर दिखा रहा था। सबसे खूबसूरत तमाशा तो यह था कि बाहर अस्पताल को डिजिटल गवर्नेंस एक्सीलेंस का राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने वाला एलईडी बोर्ड जगमगा रहा था और गैरेज में सरकारी शव वाहन गेंदे के फूलों से सजकर वीआईपी आराम फरमा रहा था, क्योंकि अगली सुबह माननीय मंत्री जी को उसका पुनर्लोकार्पण करके अखबारों में अपनी मुस्कान छपवानी थी। जब वायरलेस पर कंट्रोल रूम ने पूछा कि क्या कोई संदेहास्पद वस्तु बरामद हुई, तो पहली बार खाकी वर्दी का गला रुंध गया और उसने सच उगल दिया कि कोई खतरा नहीं बस एक लाचार बाप जा रहा है।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 16अक्टूबर 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:24सूर्यास्त 17:59
आश्विन मास शुक्ला पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - षष्ठी 03:32 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - मूल दिन पूर्ण
योग - शोभन 22:24 उपरांत अतिगण्ड
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण धनु मे रहेगा
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 04मास तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में आपके नेतृत्व की तारीफ होगी। व्यापार में लाभ का नया अवसर सामने आएगा।

वृषभ- प्रेम संबंधों में मिठास बनी रहेगी। वित्तीय स्थिति पहले से बेहतर होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, फुर्ती बनी रहेगी।

मिथुन- कार्यक्षेत्र में नए मुकाम हासिल करेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध काम से लाभ होगा।

कर्क- दांपत्य जीवन में सुख और शांति रहेगी। आय में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं।

सिंह- मानसिक रूप से ऊजार्वान महसूस करेंगे। करियर में तरक्की की नई राहें खुलेंगी।

कन्या- व्यापार में बड़ा आर्थिक फायदा संभव है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी।

तुला- धन संबंधी समस्याएं दूर होंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, स्फूर्ति रहेगी। कार्यस्थल पर प्रभाव और मान-सम्मान बढ़ेगा।

वृश्चिक- व्यापार में नए साझेदार मिल सकते हैं। प्रेम जीवन में सुखद अनुभव होंगे।

धनु- वित्तीय पक्ष काफी मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा, मन प्रसन्न रहेगा।

मकर- कार्यक्षेत्र में समय प्रबंधन बहुत जरूरी होगा। व्यापार में लिखापढ़ी का ध्यान रखें। परिवार में मांगलिक माहौल रहेगा।

कुंभ- परिवार में सहयोग से बातें सुलझेंगी। अनावश्यक व्यय पर रोक लगाएं। शारीरिक थकान से बचें, नींद पूरी लें।

मीन- वाणी की मधुरता से लाभ के योग बनेंगे। व्यापार में विस्तार की योजनाएं फलेंगी।

कविता

जब मशीनें स्वयं निर्णय लेने लगें

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का विकास आधुनिक तकनीकी इतिहास की सबसे महत्त्वपूर्ण घटनाओं में से एक है। अब तक अधिकांश डिजिटल प्रणालियाँ मनुष्य के निदेर्शों के अनुसार सीमित कार्य करती थीं, लेकिन स्वायत्त कृत्रिम बुद्धिमत्ता के आगमन ने इस स्थिति को बदल दिया है। ऐसे एआई एजेंट न केवल प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं, बल्कि स्वतंत्र रूप से योजनाएँ बना सकते हैं, निर्णय ले सकते हैं, डिजिटल उपकरणों का उपयोग कर सकते हैं और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कई चरणों में कार्य भी कर सकते हैं। इससे प्रशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग और अनुसंधान के क्षेत्रों में नई संभावनाएँ खुली हैं।



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

किंतु जैसे-जैसे इन प्रणालियों की स्वायत्तता बढ़ रही है, वैसे-वैसे उनकी सुरक्षा, विश्वसनीयता और जवाबदेही को लेकर चिंताएँ भी गहरी होती जा रही हैं। मूल प्रश्न यह है कि क्या तकनीकी प्रगति की गति के साथ हमारी सुरक्षा व्यवस्थाएँ भी पर्याप्त रूप से विकसित हो रही हैं?

स्वायत्त एआई प्रणाली वह तकनीक है, जो किसी निर्धारित उद्देश्य को पूरा करने के लिए परिस्थितियों का आकलन करके स्वयं अगले कदम चुन सकती है। उदाहरण के लिए, एक एआई एजेंट ईमेल पढ़ सकता है, दस्तावेज तैयार कर सकता है, इंटरनेट पर जानकारी खोज सकता है और किसी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई भी कर सकता है। यही क्षमता उसे सामान्य चैटबॉट से अधिक प्रभावशाली बनाती है। लेकिन जब किसी प्रणाली को बाहरी वेबसाइटों, सरकारी पोर्टलों, वित्तीय खातों या संवेदनशील डेटाबेस तक पहुँच मिल जाती है, तब उसकी त्रुटि केवल गलत उत्तर तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वास्तविक दुनिया में नुकसान का कारण बन सकती है।


हाल के वर्षों में एआई एजेंटों द्वारा गलत या अपुष्ट सूचनाओं को सार्वजनिक संस्थाओं तक पहुँचाने की घटनाओं ने इस खतरे की ओर ध्यान आकर्षित किया है। ऐसी घटनाओं का व्यापक संदेश स्पष्ट है—किसी एआई प्रणाली का आत्मविश्वास उसकी जानकारी की सत्यता का प्रमाण नहीं होता। यदि गलत सूचना को बिना मानवीय जाँच के आधिकारिक माध्यमों तक पहुँचा दिया जाए, तो निर्दोष व्यक्तियों की प्रतिष्ठा, प्रशासनिक संसाधनों और सार्वजनिक विश्वास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

स्वायत्त एआई का पहला प्रमुख जोखिम अनपेक्षित कार्रवाई है। किसी प्रणाली को सीमित उद्देश्य दिया जाता है, लेकिन वह उस उद्देश्य को पूरा करने के लिए ऐसा तरीका अपना सकती है, जिसकी कल्पना उसके निमार्ताओं ने नहीं की होती। उदाहरण के लिए, किसी एजेंट को अधिकतम शिकायतों का निपटारा करने का लक्ष्य दिया जाए, तो वह गुणवत्ता की तुलना में संख्या को प्राथमिकता दे सकता है। इसी प्रकार, यदि उसे किसी कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए अत्यधिक स्वतंत्रता दी जाए, तो वह आवश्यक सत्यापन की उपेक्षा कर सकता है।

इससे जुड़ी दूसरी समस्या लक्ष्य-असंगति है। इसका अर्थ है कि एआई का व्यवहार मनुष्य की वास्तविक मंशा और व्यापक सामाजिक हितों के अनुरूप न रहे। कोई प्रणाली तकनीकी रूप से निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर सकती है, लेकिन ऐसा करते हुए नैतिक नियमों, कानूनी सीमाओं या मानवीय आवश्यकताओं की अनदेखी कर सकती है। इसलिए एआई के उद्देश्यों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना ही पर्याप्त नहीं है; यह भी सुनिश्चित करना आवश्यक है कि उन्हें प्राप्त करने के साधन सुरक्षित और स्वीकार्य हों। एआई प्रणालियों का एक अन्य गंभीर जोखिम तथाकथित हैलुसिनेशन है, जिसमें वे गलत, काल्पनिक या अपुष्ट जानकारी को विश्वसनीय भाषा में प्रस्तुत करती हैं। समस्या तब अधिक गंभीर हो जाती है, जब ऐसी जानकारी का उपयोग कानूनी मामलों, चिकित्सा संबंधी निर्णयों, सरकारी कार्यवाही या पत्रकारिता में किया जाता है।

पटाखों पर प्रतिबंध नहीं, प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी

त्योहार भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। दीपावली जैसे पर्व केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक सद्भाव, पारिवारिक एकता और खुशियों के उत्सव भी हैं।



सौरभ वार्ष्णेय
(दैनिक अवन्तिका)

दीपों की रोशनी, घरों की सजावट, मिठाइयों का आदान प्रदान और पूजा अर्चना हमारी सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा हैं। लेकिन जब त्योहारों की खुशियां वायु प्रदूषण, सांस संबंधी बीमारियों और बच्चों बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर संकट बनकर सामने आने लगें, तब यह विचार करना जरूरी हो जाता है कि उत्सव मनाने का तरीका कैसा हो। दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर रोक लगाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई ने एक बार फिर इसी महत्वपूर्ण सवाल को देश के सामने रखा है।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पटाखों पर प्रतिबंध की मांग पर सुनवाई करते हुए कहा कि लोगों के स्वास्थ्य और धार्मिक भावनाओं के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने लोगों से कम प्रदूषण वाले तरीकों से त्योहार मनाने की अपील की। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल थे। सुनवाई के दौरान अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि पटाखों से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करना जरूरी है। मामले की सुनवाई 15 अक्टूबर को निर्धारित थी। इस सुनवाई में वरिष्ठ अधिवक्ता और न्याय मित्र अपराजिता सिंह की टिप्पणी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उन्होंने कहा कि यदि भगवानों को पता चले कि उनके नाम पर बच्चे पीड़ित हो रहे हैं और बीमार पड़ रहे हैं, तो वे भी हैरान रह जाएंगे। इस कथन का मूल संदेश स्पष्ट है कि धार्मिक आस्था का उद्देश्य मानव कल्याण होना चाहिए, न कि ऐसा कोई व्यवहार जो दूसरों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए परेशानी पैदा करे। धर्म और परंपरा के नाम पर किए जाने वाले किसी भी कार्य पर विचार करते समय उसके सामाजिक प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण लंबे समय से गंभीर चिंता का विषय रहा है। वाहनों से निकलने वाला धुआं, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, औद्योगिक उत्सर्जन और मौसम संबंधी परिस्थितियां प्रदूषण को प्रभावित करती हैं। दीपावली के दौरान पटाखों से निकलने वाला धुआं और सूक्ष्म कण इस समस्या को और बढ़ा सकते हैं। इसका प्रभाव विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, दमा और अन्य सांस संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों पर पड़ सकता है।

प्रदूषण का संकट किसी एक परिवार या वर्ग तक सीमित नहीं रहता। पटाखे जलाने वाला व्यक्ति कुछ मिनटों के उत्साह के बाद सामान्य जीवन में लौट सकता है, लेकिन उससे निकलने वाले धुएं का असर आसपास रहने वाले लोगों को भी झेलना पड़ सकता है। ऐसे में व्यक्तिगत खुशी और सार्वजनिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन स्थापित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बन जाता है। यह भी समझना होगा कि प्रदूषण के लिए केवल पटाखों को जिम्मेदार ठहराकर बाकी स्रोतों की अनदेखी करना समाधान नहीं है। यदि सरकार वास्तव में दिल्ली-एनसीआर की हवा को स्वच्छ बनाना चाहती है, तो उसे सालभर प्रदूषण फैलाने वाले सभी प्रमुख स्रोतों पर प्रभावी कार्रवाई करनी होगी। पटाखों पर नियमों के साथ-साथ वाहनों, निर्माण स्थलों, औद्योगिक इकाइयों और खुले में कचरा जलाने जैसी गतिविधियों पर भी नियंत्रण आवश्यक है।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह भी संकेत दिया कि किसी आदेश को लागू करने से पहले उसकी व्यावहारिकता पर विचार करना जरूरी है। केवल प्रतिबंध लगा देना पर्याप्त नहीं है। यह देखना भी आवश्यक है कि नियमों का पालन कैसे कराया जाएगा, उल्लंघन करने वालों पर किस प्रकार कार्रवाई होगी और आम लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की क्या व्यवस्था होगी।

न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची द्वारा पटाखे फोड? के

धर्म-आस्था


श्री दुर्गा आपदुद्धारक स्तोत्रमः संकट निवारण का शक्तिशाली स्तोत्र

श्री दुर्गा आपदुद्धार स्तोत्रम एक प्राचीन स्तोत्र है। यह सिद्धिश्वरी तंत्र में उमा-महेश्वर संवाद के रूप में वर्णित है। भगवान शिव ने स्वयं पार्वती जी को इसका उपदेश दिया था। यह स्तोत्र इतना शक्तिशाली है कि इसके पाठ से सभी प्रकार की आपदाओं से सुरक्षा होती है। आपदुद्धार का अर्थ है - संकटों (आपदाओं) से उद्धार करने वाला। इसलिए, दुर्गा आपदुद्धार स्तोत्र का दैनिक पाठ कई संकटों का उपचार है। इसमें देवी दुर्गा को जगत्तारिणी (संसार से पार लगाने वाली) और निस्तारकर्त्री (संकट से उबारने वाली) कहा गया है।

श्री दुर्गा आपदुद्धारक स्तोत्र का महत्व

स्तोत्र में देवी दुर्गा को शरणागतों की रक्षक, अनाथों की माता और संकटमोचन शक्ति के रूप में स्तुति की गई है। इसमें कहा गया है कि चाहे जंगल हो, रणभूमि हो, शत्रु-मध्य हो, समुद्र हो या अग्नि, हर जगह देवी ही निस्तार नौका हैं। यह स्तोत्र साधक को यह विश्वास दिलाता है कि सच्ची भक्ति और श्रद्धा से देवी हर संकट से रक्षा करती हैं। यह स्तोत्र मुख्य रूप से कठिन समय में, शत्रु बाधा में, भय, रोग, कर्ज, मानसिक तनाव और घर-परिवार की समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला माना जाता है। नीचे पूरा स्तोत्र शुद्ध रूप में प्रस्तुत है:

श्री दुर्गा आपदुद्धार स्तोत्रम
नमस्ते शरण्ये शिवे सनुकम्पे,
नमस्ते जगद्व्यापिके विश्वरूपे।



नमस्ते जगद्वंद्यपादारविन्दे,
नमस्ते जगत्तारिणी त्राहि दुर्गे ॥1॥
नमस्ते जगचिन्त्यमानस्वरूपे,
नमस्ते महायोगिनी ज्ञानरूपे।
नमस्ते नमस्ते सदानंदरूपे,
नमस्ते जगत्तारिणी त्राहि दुर्गे॥ 2॥
अनाथस्य दिनस्य तृष्णतुरस्य,
भयावहस्य भीतस्य बद्धस्य जन्तोः।
त्वमेका गतिर्देवी निस्तारकर्ता,
नमस्ते जगत्तारिणी त्राहि दुर्गे ॥ 3॥
अरण्ये रणे दारुणे शत्रुमध्ये-
ऽनाले सागरे सागरे राजगेहे।
त्वमेका गतिर्देवि निस्तानुर्का,
नमस्ते जगत्तारिणी त्राहि दुर्गे ॥4॥
अपारे महादुस्त्रेऽत्यन्तघोरे,
विपतसागरे मज्जतां देभजाम।
त्वमेका गतिर्देवि निस्तारहेतु-
र्नमस्ते जगतारनि त्राहि दुर्गे ॥5॥
नमश्चन्दिके चण्डदुर्दण्डलीला,
समुत्खण्डिताखण्डिताशेषशत्रो`
त्वमेका गतिर्देवि निस्तारबीजं,
नमस्ते जगतारिणि त्राहि दुर्गे ॥ 6 ॥
त्वमेवाघभावाधृतसत्यवादी,
र्न जातक्रोधनात क्रोधनिष्ठा।
इदा पिङ्गला त्वं सुषुम्ना च नाड़ी,
नमस्ते जगत्तारिणी त्राहि दुर्गे ॥7॥
नमो देवी दुर्गे शिवे भीमनादे,
सरस्वत्यरुन्धत्यमोघस्वरूपे
विभूतिः शची कालरात्रिः सती त्वं,
नमस्ते जगत्तारिणी त्राहि दुर्गे ॥8॥
शरणमसि सुराणां सिद्धविद्याधारणं,
मुनिमनुजपशुनां दस्युभिस्त्रसितानाम।
नृपतिगृहगतानां व्याधिभिः पीडितानां,
त्वमसि शरणमेका देवी दुर्गे प्रसीद ॥ 9 ॥

कैसे करें पाठ सुबह स्नान के बाद शांत स्थान पर बैठकर दुर्गा दीप/धूप लगाकर 11 बार या 21 बार पढ़ना श्रेष्ठ माना गया है। चाहें तो ॐ दुं दुगार्यै नमः का जप साथ कर सकते हैं।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,48,200 रवा- 1,48,000 चांदी-टंच- 2,15,000 पाट- 2,14,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

जल संरक्षण के लिए पौधारोपण को लेकर महिलाओं को किया प्रेरित

शुजालपुर। शक्ति से सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत नगर विकास प्रस्फु टन समिति फ्र ीगंज की ओर से जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया गया। इस दौरान समिति की ओर से वटवृक्ष पूजन एवं भूमि पूजन भी किया गया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक सीमा बैंडवाल और ज्योति कुशवाहा ने पूजन किया। इस अवसर पर शीला मीणा, प्रीति सेन, अनु, अनुसूया सेन और बसंती ठाकुर उपस्थित रहीं।

कलेक्टर ऋतु बाफना का तबादला, परीक्षित झाड़े संभालेंगे जिले की कमान



शाजापुर। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा देररात किए गए बड़े प्रशासनिक फेरबदल का सीधा असर शाजापुर में भी देखने को मिला है। राज्य शासन ने प्रदेश के 11 जिलों के कलेक्टर बदलते हुए शाजापुर की प्रशासनिक कमान अब नए हाथों में सौंप दी है। शासन द्वारा जारी आदेश के मुताबिक शाजापुर की वर्तमान कलेक्टर ऋजु बाफना का तबादला कर दिया गया है। उन्हें अब प्रमोट करते हुए उज्जैन संभाग में अपर आयुक्त (राजस्व) की नई जिम्मेदारी दी गई है। उनकी जगह अब भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी परीक्षित संजय राव झाड़े शाजापुर के नए कलेक्टर होंगे। झाड़े इससे पहले इंदौर विकास प्राधिकरण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के महत्वपूर्ण पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। वे जल्द ही जिले का कार्यभार ग्रहण कर यहां की प्रशासनिक व्यवस्थाओं को नई दिशा देंगे।

सखी-सहेली डांडिया रास का आगाज, गरबे में झलकी भारतीय संस्कृति

राधा-कृष्ण की लीलाओं से रामायण तक की प्रस्तुतियां एवं आदिवासी लोकनृत्य प्रतियोगिता

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



नगर ही नहीं, जिले में पहचान बना चुका सखी-सहेली डांडिया रास तीन दिवसीय गरबा महोत्सव श्री रामचंद्र चौबे स्मृति शिक्षा निकेतन परिसर में दीप प्रज्वलन और माता की स्तुति के साथ शुरू हुआ। पहले दिन पारंपरिक चुनरी में सजी महिलाओं और बालिकाओं ने गरबा प्रस्तुतियों से उत्सवी माहौल बनाया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी अंकिता पाटकर और जनपद पंचायत की सीईओ सिद्धि सहित हेमलता चौधरी, पुष्पा शाह, लता विजयवर्गीय, डॉ. नेहा सिंह शर्मा, सुनीता कुशवाह और सीमा वैश्य उपस्थित रहीं।

महोत्सव में विभिन्न विद्यालयों और समूहों ने नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति के विविध रंग बिखेरे। डॉ. पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में डीपी केयर टीम ने शिशु मृत्यु दर कम करने और गर्भावस्था में विशेष देखभाल का संदेश नृत्य-नाटिका के माध्यम से दिया। इसके बाद रेड रोज स्कूल, ज्ञानदीप अकादमी, संस्कार एजुकेशनल अकादमी, युगधर्म पब्लिक स्कूल, आकांक्षा ग्रुप और सिंधी ग्रुप की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

किसी प्रस्तुति में राधा-कृष्ण की लीलाएं जीवंत हुईं तो कहीं रामायण के प्रसंगों का चित्रण किया गया। कठपुतली नृत्य, अनेकता में एकता का संदेश और गुजराती गरबे की आकर्षक प्रस्तुतियों ने भी खूब सराहना बटोरी।

आदिवासी लोकनृत्य प्रतियोगिता

आयोजन से जुड़ी ग्रीष्मा शाह, वीणा गोयल, संध्या गोयल, परमजीत कौर खालसा, कोमल देशमुख और राजकुमारी अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन आदिवासी लोकनृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य लोक संस्कृति को प्रोत्साहित करना और पारंपरिक नृत्य विधाओं को मंच प्रदान करना है। एसडीएम अंकिता पाटकर ने आयोजन समिति और महिलाओं के विशाल समूह को शुभकामनाएं देते हुए इस अनूठी पहल की सराहना की।



ढोल की थाप और डांडिया की खनक पर देर रात तक झूम रहा शहर

शाजापुर। नवरात्रि के पावन पर्व पर इन दिनों शाजापुर शहर पूरी तरह से गरबे और भक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है। शहर के प्रमुख गरबा पंडालों में हर शाम आस्था, उत्साह और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। मां जगदंबे की भव्य महाआरती के साथ शुरू होने वाले इस गरबा महोत्सव में युवाओं से लेकर बच्चों और बुजुर्गों तक का भारी उत्साह देखा जा रहा है। देर रात तक शहर के विभिन्न गरबा ग्राउंड्स पर पारंपरिक परिधानों की खूबसूरत छटा बिखरी रही। रंग-बिरंगे घाघरा-चोली, केडियू और आकर्षक पारंपरिक आभूषणों में सजी महिलाएं युवतियां जब ढोल की तेज थाप और गुजराती गीतों पर थिरकीं, तो पूरा माहौल ऊर्जामय हो गया। इस बार भी गरबे में एक खास आकर्षण देखने को मिला जिसके तहत महिलाओं ने कहीं हाथों में सजी हुई छतरियां लेकर तो कहीं प्रज्वलित दीपक थामकर शानदार गरबा किया।

शाजापुर जिले की 01 लाख 70 हजार 937 लाड़ली बहनों के खाते में राशि अंतरित



शाजापुर। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से शाजापुर जिले की 1,70,937 लाड़ली बहनाओं के बैंक खाते में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 25 करोड़ 64 लाख रुपए की राशि अंतरित की। इस दौरान जिले में महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाड़ली बहना के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण जिले की आंगनवाड़ी केंद्रों पर दिखाया गया। साथ ही जिले में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे विशेष अभियान अंतर्गत बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना अंतर्गत आत्मरक्षा प्रशिक्षण के प्रारंभ करने के उदेश्य को बताते हुए बालिकाओं को उनके अधिकार एवं कर्तव्य की जानकारी दी गई। साथ ही सहायक संचालक नीलम चौहान द्वारा बालिकाओं को आपातकालीन टोल फ्री नंबर पुलिस विभाग 112, वन स्टॉप सेंटर 181, चाईल्ड हेल्प लाइन 1098, सायबर टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के बारे में बताया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास से पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं बड़ी संख्या में लाडली बहने एवं बालिकाएं उपस्थित थीं।

शाजापुर की डॉ. महिमा राष्ट्रीय बेस्ट क्लिनिकल स्टडी अवॉर्ड से सम्मानित

शाजापुर। एमडीएस एंडोडॉन्टिस्ट गोल्ड मेडलिस्ट शाजापुर निवासी डॉ. महिमा माथुर को इंडियन एंडोडॉन्टिक सोसायटी द्वारा प्रतिष्ठित नेशनल बेस्ट क्लिनिकल स्टडी अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान बीते दिनों लखनऊ में आयोजित 34वें राष्ट्रीय एंडोडॉन्टिक सम्मेलन आइसकॉन 2026 के उद्घाटन समारोह में प्रदान किया गया। वैश्विक स्तर से प्राप्त शोध प्रविष्टियों में उनके शोध को चयनित किया गया। डॉ. महिमा का शोध प्रतिष्ठित एंडोडोंटोलॉजी जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

आगर-मालवा में यातायात थाने का संचालन शुरू, एसपी ने किया उद्घाटन

अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा



आगर-मालवा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर और सुरक्षित बनाने के लिए पुरानी कृषि उपज मंडी स्थित पुराने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के नए भवन में बुधवार से नए यातायात थाने की शुरूआत कर दी गई है।

एसपी दिलीप कुमार सोनी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद फीता काटकर थाने का उद्घाटन किया। नए भवन में थाना शुरू होने से शहर में ट्रैफिक से जुड़ी शिकायतों का जल्द निपटारा हो सकेगा और सड़कों पर गाड़ियों की आवाजाही को नियंत्रित करने में आसानी होगी।

एसपी ने दिए सख्त निर्देश

उद्घाटन के मौके पर पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों को शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर बढ़ते गाड़ियों के दबाव को देखते हुए नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और जो लोग यातायात के नियमों को तोड़ते हैं, उन पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कर्मचारियों को पूरी मुस्तैदी और अनुशासन के साथ ड्यूटी करने की सलाह दी ताकि शहरवासियों और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस नए यातायात थाने की मदद से शहर की प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव कम किया जाएगा। इसके साथ ही लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का काम भी प्राथमिकता से किया जाएगा।

नवरात्रि पर हुआ कन्या भोज का आयोजन

थाने के शुभारंभ के अवसर पर नवरात्रि का पर्व मनाते हुए कन्या भोज का आयोजन भी किया गया। इस दौरान एसपी दिलीप कुमार सोनी ने खुद अपने हाथों से कन्याओं को भोजन कराया और उन्हें उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।

जुए के अड्डे पर दबिश: 8 आरोपियों से 55,620 रुपये नकद जब्त



दैनिक अवन्तिका ▶▶ मक्सी

पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में 8 लोगों को गिरफ्तार किया। मौके से 55,620 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त कर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। जिले में अवैध गतिविधियों एवं सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के निर्देशन में थाना मक्सी पुलिस ने जुआरियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। 15 अक्टूबर 2026 को मक्सी थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक तुके सिंह धोलिया रात्रिकालीन इंतजाम के दौरान मौजूद थे। इसी दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक मदन इवने को मुखबिर से सूचना मिली कि कस्बा मक्सी में मेहरबान सिंह पटेल के बाड़े में बोर के पेड़ के नीचे कुछ लोग ताश के पत्तों पर पैसों की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस की चार टीमें गठित कर मौके पर घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल एवं पंचों के सहयोग से कुल 8 आरोपियों को धर दबोचा गया

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 55,620 नकद राशि और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए। पूछताछ में आरोपियों द्वारा जुआ खेलना स्वीकार करने पर उनके विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्वाई की गई।

जुआ खेलते पकड़े गए 8 आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में देवी सिंह (52) निवासी नई आबादी मक्सी, मामूर खान (50) निवासी गडरोली मक्सी (हाल मुकाम तराना, उज्जैन), रवि चौहान (29) निवासी बजरंग मोहल्ला मक्सी, मोडसिंह (40) निवासी नई आबादी मक्सी, अजय (24) निवासी बजरंग मोहल्ला मक्सी, जब्बार (47) निवासी बावड़ी मोहल्ला मक्सी, हरीश भावसार (36) निवासी भावसार मोहल्ला मक्सी और सागर (26) निवासी बजरंग मोहल्ला मक्सी शामिल हैं।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार **IDFC FIRST Bank**, शाखा शाजापुर द्वारा श्रीमती राना खान, पत्नी श्री लईक अहमद खान, जाति मुसलमान, निवासी फतेहपुर, उत्तर प्रदेश, के स्वामित्वाधीन निम्नलिखित अचल संपत्ति को बंधक रखकर ऋण स्वीकृत किया जाना प्रस्तावित है। उक्त अचल संपत्ति का विवरण निम्नानुसार है:- **संपत्ति का विवरण:** एक मकान, स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 127/2, कुल रकबा 0.783 हेक्टेयर में से भूखंड का रकबा 0.009 हेक्टेयर, अर्थात् 968.4 वर्गफुट, ग्राम मगरीया, नगर पालिका परिषद शाजापुर, वार्ड क्रमांक 27, आदिया नगर, तहसील एवं जिला शाजापुर, मध्य प्रदेश। वर्तमान सर्वे क्रमांक 127/2/मिन-37 है।

उक्त संपत्ति की चतुसीमा निम्नानुसार है:- पूर्व में देवनारायण वर्मा का मकान, पश्चिम में कॉलोनी रोड, उत्तर में इस्माइल सिद्दीकी का प्लॉट दक्षिण में रामरतन टेगोर का प्लॉट

उक्त संपत्ति श्रीमती राना खान, पत्नी श्री लईक अहमद खान, जाति मुसलमान, निवासी फतेहपुर, उत्तर प्रदेश, द्वारा विक्रेता श्री युसुफ खान, पिता श्री चाँद खान, जाति मुसलमान, निवासी मगरीया, से पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 1581, दिनांक 08.07.2002 के माध्यम से क्रय की गई थी। उक्त मकान के संबंध में श्रीमती राना खान द्वारा श्रीमती अख्तर बी, पत्नी श्री शहजाद खान, निवासी शाजापुर, के पक्ष में विक्रय अनुबंध निष्पादित किया गया है। तत्पश्चात श्रीमती अख्तर बी, पत्नी श्री शहजाद खान, जाति मुसलमान, निवासी मकान क्रमांक 197, वार्ड क्रमांक 17, पुराने थाने के पास, मगरीया मोहल्ला, शाजापुर, तहसील एवं जिला शाजापुर, मध्य प्रदेश, के पक्ष में उक्त मकान का पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित कराकर उक्त संपत्ति को **IDFC FIRST Bank**, शाखा शाजापुर के पक्ष में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है। अतः यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक अथवा अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई अधिकार, भार (Charge), बंधक, ऋण, दावा, आपत्ति अथवा स्वामित्व संबंधी कोई दस्तावेज विद्यमान हो, अथवा कोई व्यक्ति उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अधिकार या हित होने का दावा करता हो, तो वह इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर अपने समस्त मूल एवं प्रमाणित दस्तावेजों सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि के भीतर कोई दावा या आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में मेरे पक्षकार **IDFC First Bank Branch Shajapur** द्वारा उक्त संपत्ति को बंधक स्वीकार कर ऋण स्वीकृत एवं वितरित कर दिया जाएगा तथा इसके पश्चात प्राप्त होने वाले किसी भी प्रकार के दावा, आपत्ति अथवा दस्तावेज पर कोई विचार नहीं किया जाएगा, जिसके लिए संबंधित व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी होगा। दिनांक 14.10.2026

भवदीय- ओमप्रकाश यादव एडवोकेट
शुजालपुर, जिला शाजापुर (म.प्र.)
मोबाइल: 9926060639

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला शाजापुर म.प्र

प्रकरण क्रमांक-68/ब-121/2026-27
क्रमांक/रीडर/2026/320 शाजापुर दिनांक 8-10-2026

सार्वजनिक सूचना
(दिनांक-08-10-2026 को जारी)

आवेदकगण (वर) मयंक सूर्यवंशी पिता श्री बक्षीलाल सूर्यवंशी आयु 21 वर्ष जाति चमार निवासी वार्ड क्रमांक-02 भीलखेडी शुजालपुर मण्डी तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र. एवं (वधू) अजु कुशवाह पिता श्री जगदीश कुशवाह उम्र 20 वर्ष जाति काछी (कुशवाह) निवासी ग्राम मगरोला तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र. द्वारा इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत उनके विवाह का पंजीयन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदकगण द्वारा आवेदन के साथ स्वयं के शपथ पत्र, अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, आधारकार्ड, वोटर कार्ड, जाति प्रमाण पत्र स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, विवाह अनुष्ठापित करने वाले पुरोहित जितेन्द्र चौबे आचार्य का प्रमाणीकरण, एवं विवाह पंजीयन अधिकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र. द्वारा किये गये विवाह पंजीयन तथा तीन गवाहों के शपथ पत्र, की छाया प्रति एवं चालान प्रति भी पेश की गई है। 2-आवेदकगण द्वारा उनका विवाह दिनांक 15-06-2026 को स्थान श्री जटाशंकर महोदव मंदिर शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र.में सम्पन्न होना उल्लेखित किया गया है। आवेदकगण अब अर्न्तजातीय विवाह प्रोत्साहन योजनान्तर्गत सहायता राशि प्राप्त करने हेतु हिन्दु विवाह अधिनियम 1955 के तहत उक्त विवाह का पंजीयन कराना चाहते है। 3- आवेदकगण के उपरोक्त विवाह पंजीयन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो और वह कोई आक्षेप प्रस्तुत करना चाहता है तो वह इस सूचना के जारी किये जाने के दिनांक से तीस दिन की समाप्ति पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि में कोई आक्षेप प्राप्त नहीं होने पर उक्त विवाह का पंजीयन कर दिया जावेगा। **अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला शाजापुर म.प्र.**

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकारा Piramal Capital & Housing Finance Ltd के समक्ष श्रीमती संतोष पति स्वर्गीय श्री लक्ष्मीनारायण व्यास निवासी-180, सेठी नगर, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा भवन क्रमांक 180 जिसका कुल क्षेत्रफल 139.29 वर्गमीटर स्थित सेठी नगर कॉलोनी, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में-भवन क्रमांक 181, पश्चिम में-भवन क्रमांक 179, उत्तर में-भवन अन्य का एवं दक्षिण में-सड़क कॉलोनी को बंधक कर ऋण सुविधा की मांग की है, उक्त संपत्ति को लक्ष्मीनारायण व्यास पिता श्री उत्सवलाल द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 5664 दिनांक 12.02.2001 के द्वारा क्रय किया गया था तत्पश्चात. श्री लक्ष्मीनारायण व्यास पिता श्री उत्सवलाल का स्वर्गवास दिनांक 12.11.2014 को हो गया है, उनकी मृत्यु के पश्चात उक्त भवन पर उनकी पत्नि श्रीमती संतोष पति स्वर्गीय श्री लक्ष्मीनारायण जी व्यास द्वारा अपने पुत्र अंकुश व्यास एवं पुत्री दीप्ति जाजरा की सहमति से उक्त संपत्ति पर अपने नाम का नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम उज्जैन के संपत्तिकर अभिलेखों में प्रकरण क्रमांक 120/2016-7 पीटी दिनांक 02.07.2016 के द्वारा दर्ज करवा लिया गया है तथा उनके द्वारा यह कथन किया है कि, उनके एवं उनके पुत्र व पुत्री के अतिरिक्त स्वर्गीय लक्ष्मीनारायण व्यास पिता श्री उत्सवलाल का अन्य कोई वैधानिक वारिस या उत्तराधिकारी नहीं है, यदि उक्त भवन को बंधक किये जाने के संबधं में कोई आपत्ति हो या स्वर्गीय लक्ष्मीनारायण व्यास पिता श्री उत्सवलाल का अन्य कोई वैधानिक वारिस या उतराधिकारी हो या उक्त दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास उपलब्ध या गिरवी हो एवं उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को मेरी पक्षकारा Piramal Capital & Housing Finance Ltd द्वारा बधंक कर लिया जावेगा। तत्पश्चात केाई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी । सो सूचित हो। दिनांकः-15.10.2026

विवेक गुप्ता, एडवोकेट
11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.
मोबाईल नंबर 9827228461

न्यायालय तहसीलदार तहसील बड़नगर जिला उज्जैन

3538

क्रमांक/क्यू/री-2/2026/ — बड़नगर दिनांक 08.10.2026
प्र.क्र. 0342/अ-6/2026-27

सार्वजनिक सूचना इश्तिहार

आवेदक पवन कुमार जग्गी पिता तिलकराज जग्गी निवासी गीता कॉलोनी उज्जैन ने ग्राम उटवास तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित भूमि सर्वे नं 153/5 रकबा 2.54 हेक्टर पर फोती वसियत के आधार पर नामातरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

इस प्रकरण में निम्नलिखित अनावेदक/सह खातेदारों के विरूद्ध कार्यवाही विचाराधीन है।

01. पवन कुमार जग्गी पिता तिलक राज जग्गी
02. मनमोहन जग्गी पिता तिलक राज जग्गी
03. दीपिका पुत्री तिलक राज जग्गी
04. कंचन पुत्री तिलक राज जग्गी निवासी 09 गीता कालोनी उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन

उपरोक्त सभी अनावेदको को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 27.10.2026 को प्रात 11 बजे न्यायालय तहसीलदार बडनगर जिला उज्जैन के समक्ष स्वंय अथवा अपने विधिवत अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे ।

उक्त दिनांक स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

तहसीलदार
तहसील बड़नगर

In The Court Of IV Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain Presiding Officer:

श्री अनुराग शर्मा
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन
प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000049/2026)
महेश बाली ----- आवेदक
Vs
महेन्द्र-------- अनावेदक

Process Id-/2026
पेशी दिनांकः 12/11/2026

प्रेषिती

(1) सर्वसाधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेश बाली पिता बद्रीलाल बाली, आयु 65 वर्ष, निवासी-26 मार्डन फूड कालोनी डालडा फेक्ट्री रोड उज्जैन म प्र की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन उसका भाई मृतक स्व. सुनील पिता बद्रीलाल बाली, निवासी-26 मार्डन फूड कालोनी डालडा फेक्ट्री रोड उज्जैन म प्र का निधन दिनांक 27/09/2025 को एवं स्व. सुनील की पत्नि श्रीमती स्व. मुन्नी का निधन करीब 30 वर्ष पूर्व हो चुका है। आवेदक एवं मृतक सुनील शामिल शरीक निवास करते थे तथा मृत्यु पूर्व मृतक सुनील की सम्पूर्ण देखभाल ईलाज और अंतिम संस्कार भी उसके द्वारा किया गया था। अनावेदक क्र.1 व 3 महेन्द्र पिता बद्रीलाल, आयु-60 वर्ष, निवासी शिवनगर मक्सी रोड उज्जैन म प्र एवं सचिन पिता बद्रीलाल, आयु-45 वर्ष, निवासी-सब्जी मंडी खाचरोद जिला उज्जैन म प्र मृतक के भाई है तथा अनावेदिका क्रं.2 सुनीता पति अनिल, आयु-45 वर्ष, निवासी-सब्जी मण्डी खाचरौद जिला उज्जैन म प्र बहन है। मृतक सुनील नगरपालिक निगम उज्जैन में विनियमित सफाई श्रमिक, स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ होकर सेवाकाल के दौरान ही मृत्यु हो गई थी तथा उनकी सेवाकाल में सेवा जमा राशि/सहायता राशि नगर पालिका निगम में निरंतर जमा हो रही थी। उपरोक्त जमा राशि में स्व. सुनील द्वारा अपना नामिनी अपनी पुत्री सुश्री काजल को बनाया गया था जिनकी पूर्व में मृत्यु हो चुकी थी। मृतक का आवेदक के अलावा अन्य कोई वारिस विद्यमान नहीं है। आवेदक द्वारा अपने स्व. सुनील भाई का कर्मचारी क्रं. 20301789 पर दर्ज सेवा राशि 200000/- एवं मृतक के द्वारा स्वयं की कराई गई तीन जीवन बीमा पॉलिसी क्रमशः 1-34891056-752, 2-344374695-665, 3-344374857-638 राशि 2-2 लाख कुल 600000/- व हरिजन पैडी में जमा की गई राशि 50000/- में की थी। अनावेदक क्रमांक 1,2,3 को आवेदक के पक्ष में उपरोक्त बचत खाते में जमा राशि के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने के संबंध में कोई आपत्ति नहीं है। आवेदक पता ने मृतक सुनील पिता बद्रीलाल बाली, निवासी-26 मार्डन फूड कालोनी डालडा फेक्ट्री रोड उज्जैन म प्र की उपरोक्त राशि मय ब्याज सहित दिलवाये जाने हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 12 नवम्बर 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 12 नवम्बर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 12 अक्टूबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(अनुराग शर्मा)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड, उज्जैन (म.प्र.)

कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

जाहिर सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मैरे पक्षकारगण ने भूमि स्वामी 01- अन्नपूर्णा अग्रिहोत्री पति अभिषेक अग्रिहोत्री पता 723 इस्कीम नम्बर 7,9 भाग 4 वी.आई.पी. परस्पर इन्दौर म0प्र0 02- जगदीशचन्द्र शुक्ला पिता गोवर्धनलाल शुक्ला निवासी - 15/14 श्रीराम कॉलोनी उज्जैन म०प्र० द्वारा अपने हक हिस्से की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 404/3/1 रकबा 0.1270 हैक्टर 404/4 रकबा 0.26 हैक्टर 404/2/2 रकबा 0.20 हैक्टर कुल किता 03 कुल रकबा 0.587 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम घटिटया पटवारी हल्का नम्बर 00107 तहसील घटिटया जिला उज्जैन में होकर उक्त भूमि का विक्रय अनुबंध पत्र संपादित करवा कर बयाना राशि भी मैरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है।

यह कि उक्त भूमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी। सुचित हो- इति, दिनांक 15-10-2026

शुभम वर्मा सर्विस प्रोवाईडर
उप पंजीयक कार्यालय उज्जैन
मोबा. 97527-98030

न्यायालय तहसीलदार तहसील बड़नगर जिला उज्जैन

3558

क्रमांक/क्यू/री-2/2026/ — बड़नगर दिनांक 08.10.2026
प्र.क. 0427/अ-6/2026-27

सार्वजनिक सूचना इश्तिहार

आवेदक दुर्गाशंकर पिता फुलचंद उर्फ वेणीप्रसाद आदि जाति ब्राहम्ण निवासी उटवास तहसील बडनगर जिला उज्जैन ने ग्राम उटवास में स्थित भूमि सर्वे नं 225 रकबा 1.18 सर्वे नं 270 रकबा 0.78 हेक्टर पर जर्ये पंजीकृत वसीयत नामा पंजीयन क्रमांक MP43152024A3977360 वसियत दिनांक 31.07.2024 अनुसार फोती वसियत के आधार पर नामातरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

इस प्रकरण में निम्नलिखित अनावेदक/सह खातेदारों के विरूद्ध कार्यवाही विचाराधीन है।

01. दुर्गाशंकर पिता फुलचंद उर्फ वेणीप्रसाद जाति ब्राहम्ण
02. भवानीशंकर पिता फुलचंद उर्फ वेणीप्रसाद जाति ब्राहम्ण
03. विनय कुमार पिता फुलचंद उर्फ वेणीप्रसाद जाति ब्राहम्ण
04. शारदा पिता फुलचंद उर्फ वेणीप्रसाद जाति ब्राहम्ण
05. रेखा पिता फुलचंद उर्फ वेणीप्रसाद जाति ब्राहम्ण
06. कला पिता फुलचंद उर्फ वेणीप्रसाद जाति ब्राहम्ण
07. रचना पिता फुलचंद उर्फ वेणीप्रसाद जाति ब्राहम्ण
08. आरती पिता फुलचंद उर्फ वेणीप्रसाद जाति ब्राहम्ण
09. वंदना पिता फुलचंद उर्फ वेणीप्रसाद जाति ब्राहम्ण
10. एकता पिता फुलचंद उर्फ वेणीप्रसाद जाति ब्राहम्ण
11. शकुन्तलाबाई पति फुलचंद उर्फ वेणीप्रसाद जाति ब्राहम्ण निवासी उटवास तहसील बडनगर जिला उज्जैन

उपरोक्त सभी अनावेदको को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 27.10.2026 को प्रात 11 बजे न्यायालय तहसीलदार बडनगर जिला उज्जैन के समक्ष स्वंय अथवा अपने विधिवत अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे ।

उक्त दिनांक स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

तहसीलदार

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार हेरली आज स्व. मुबारक अली, रोशन अली पिता स्व.लियाकत अली एवं उनके परिवार के अन्य सदस्यो (चाचा बुआ आदि) के संयुक्त स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन का 44/1 बडा तेलीवाडा उज्जैन में स्थित है जिसमें मेरे पक्षकारगण का संयुक्त आधिपत्य होकर अकेले किसी को भी उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी प्रकार का संव्यवहार करने का अधिकार नहीं है। उक्त भवन के मूल स्वामी मेरे पक्षकारगण के दादा स्व. मनसब अली थे जो निवसियती मृत्यु को प्राप्त हुए. उनके पश्चात उनके समस्त वारिसान उक्त भवन के संयुक्त स्वामी एवं आधिपत्यधारी हुए है। मेरे पक्षकारगण को जानकारी प्राप्त हुई है कि उनके चाचा शोकत अली पिता स्व. मनसब अली निवासी- इन्दौर द्वारा अवैधानिक रूप से उक्त भवन में दुकान बनाई जाने का प्रयास कर उसे किराये पर देने हेतु प्रयत्नशील है। जबकि उक्त शोकत अली को अथवा मनसब अली के अन्य किसी भी वारिसान को बगैर बटवारे उक्त भवन के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने का अधिकार नहीं है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त शौकत अली के विरुद्ध उज्जैन न्यायालय में एक वाद प्रस्तुत कर रखा हे जो प्रकरण क्र. 409/2025 अशरफ अली विरूद्ध शौकत अली आदि के नाम से पंजीबद्ध होकर माननीय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश महोदय वरिष्ठखण्ड उज्जैन के समक्ष लम्बित है जिसमें आगामी तारीख पेशी 22/10/2026 नियत है। इस सम्बन्ध में मेरे पक्षकारगण की यह भी आपत्ति है कि उका भवन सड़क चौडीकरण में तोडा जाकर क्षतिग्रस्त अवस्था में होकर उपर की मंजिल गिराऊ स्थिति में है एवं बगैर विधिवत निर्माण के किसी भी प्रकार की रिपेरिंग व रद्दोबदल किये जाने से जनहानि की पूर्ण आशंका है। यदि इस तरह की कोई दुर्घटना होती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी व जवाबदारी उक्त शौकत अली व अन्य सम्बन्धित की होगी जिससे मेरे पक्षकारगण का किसी प्रकार का कोई लेना-देना नहीं रहेगा।

अतएव सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन क्र. 44/1, बडा तेलीवाडा उज्जैन के सम्बन्ध में शौकत अली आत्मज स्व. मनसब अली से अथवा अन्य किसी से भी किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करे अन्यथा भविष्य में होने वाले परिणामो का दायित्व सम्बन्धित का स्वयं का होगा।

अतः सर्वसाधारण सूचित हो।

अजहर दानिश खान (एडवोकेट)
कार्यालय-79/5, रानी लक्ष्मी बाई मार्ग, नं. 2 उज्जैन म.प्र.
मोबा. 9425946142, 8770811515

वाराणसी में ब्लास्ट से 2 मंजिला मकान ढहा

वाराणसी वाराणसी में गुरुवार शाम पटाखों में विस्फोट से दो मंजिला मकान का आधा हिस्सा ढह गया। धमाका इतना तेज था कि पड़ोस का मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा शाम करीब 5 बजे घनी आबादी वाले पैगंबरपुर इलाके में हुआ। मकान में बिना लाइसेंस के पटाखे बनाने और स्टोर करने का काम चल रहा था। सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं। इससे पहले ही पड़ोसियों ने मकान से तीन लोगों को निकालकर अस्पताल पहुंचा दिया था। प?ौसी की एक महिला भी घायल हुई है। कुल 4 लोग घायल हैं। मकान मालिक राजू खान और उसकी 65 वर्षीय मां मुन्नी मौके पर नहीं मिले। दोनों पुलिस के आने से पहले फरार हो गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, धमाका इतना तेज था कि उन्हें भूकंप जैसा महसूस हुआ। पड़ोसियों का दावा है कि उन्होंने पहले भी अवैध पटाखा फैक्ट्री की शिकायत पुलिस से की थी। वरुणा जोन के डीसीपी राजेश पांडेय ने सारनाथ थाने के पुराना पुल चौकी प्रभारी अनुज शुक्ला और बीट सिपाही प्रकाशचंद्र यादव को निलंबित कर दिया है।

ऑपरेशन के दौरान महिला के पेट में तौलिया छोड़ा

कानपुर कानपुर में करीब 4 महीने पहले पेट दर्द से परेशान महिला का ऑपरेशन किया गया। सर्जरी के दौरान डॉक्टरों ने उसके पेट में तौलिया छोड़ दिया। ऑपरेशन के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया। कुछ दिन बाद महिला को दोबारा पेट दर्द शुरू हो गया। ऑपरेशन वाली जगह से मवाद निकलने लगा। परिवारवाले महिला को दूसरे अस्पताल ले गए। वहां ऑपरेशन किया गया, तो तौलिया फंसा मिला। डॉक्टरों ने तौलिया बाहर निकाला। महिला के पति ने गुरुवार को मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की है। साथ ही कल्याणपुर थाना में भी शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कानपुर देहात में रहने वाला वीरेंद्र कुमार खेती करता है। करीब 4 महीने पहले उसकी पत्नी सोनी (24) को पेट में तेज दर्द हुआ। घरवालों ने उसे मकसूदाबाद स्थित ओमशांति हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जांच के दौरान डॉक्टरों ने बच्चेदानी की ट्यूब फटने और पेट में खून जमा होने की बात बताई। महिला का ऑपरेशन करने की सलाह दी गई।

प्रयागराज में वकील की गोली मारकर हत्या



प्रयागराज प्रयागराज में 52 साल के वकील की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पेट में गोली लगते ही वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पडे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पत्नी वर्षा ने बताया कि पुलिस के सामने मेरे पति सतीश श्रीवास्तव को गोली मारी गई है। आरोपियों का एनकाउंटर होना चाहिए। मुझे खून का बदला खून और मौत का बदला मौत चाहिए। वहीं, वकील की हत्या के बाद 4 घंटे तक उनके घरवालों ने कार्रवाई कोलेकर हंगामा किया। डीसीपी सिटी सागर जैन के आश्वासन के बाद घरवाले शांत हुए और शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी देवेंद्र नाथ भी वकील है। हमलावरों का एक सीसीटीवी भी सामने आया है। इसमें सभी मुंह बांधे हुए जाते दिख रहे हैं।

हूती विद्रोहियों ने यमन के राष्ट्रपति भवन पर हमला किया

अदन। यमन के अदन शहर में हूती विद्रोहियों ने राष्ट्रपति भवन पर 5 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। हमले के समय प्रधानमंत्री शाया मोहसेन अल-जिंदानी और सरकार के कई मंत्री परिसर में मौजूद थे, सभी सुरक्षित हैं। सूचना मंत्रालय के मुताबिक, हमले में 4 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 2 सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। हूती विद्रोहियों ने कहा कि उन्होंने अदन में सऊदी अरब के सैन्य अभियान मुख्यालय पर हमला किया। हूती मीडिया ने हथियारों के भंडार को निशाना बनाने का दावा भी किया। हालांकि, इन दावों की पुष्टि नहीं हुई है। अदन यमन की अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार की अंतरिम राजधानी है। देश में सरकार और ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के बीच लंबे समय से संघर्ष जारी है। सऊदी अरब यमन की अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार का समर्थन करता है और हूतियों के खिलाफ लड़ रहे सरकारी सेनाओं को हवाई मदद देता है। वहीं, ईरान पर हूती विद्रोहियों को समर्थन देने के आरोप लगते रहे हैं। राष्ट्रपति भवन परिसर पर हमले से यमन में संघर्ष और बढ़ने की आशंका है।

जबलपुर में 90 किलो चांदी से सजा मां का दरबार

जबलपुर। शारदीय नवरात्रि में शहर में मां दुर्गा के दरबार सज गए हैं। सदर, सिविल लाइन और गोरा बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों में आकर्षक झांकियां और विशेष सजावट श्रद्धालुओं का ध्यान खींच रही हैं। शहर के प्रमुख पंडालों में कहीं चांदी से माता का श्रृंगार किया गया है तो कहीं प्रसिद्ध मंदिरों और धार्मिक स्थलों की प्रतिकृतियां बनाई गई हैं। सदर की गली नंबर-7 स्थित श्री बाजार काली दुर्गा उत्सव समिति ने इस साल माता का दरबार करीब 90 किलो चांदी से सजाया है। इसमें 45 किलो का सिंहासन, 13.5 किलो का छत्र, 11 किलो का मुकुट और 5-5 किलो के हार शामिल हैं। इसके अलावा करधन, शेर का श्रृंगार, दो हाथी और चरण पादुकाएं भी चांदी की हैं। सदर क्षेत्र में अन्य समितियों ने भी आकर्षक सजावट की है। गली नंबर-11 स्थित श्री दुर्गोत्सव समिति में मां का 8 किलो चांदी से विशेष श्रृंगार किया गया है। वैष्णवी दुर्गा उत्सव समिति गली नंबर-2/9 पिछले 58 साल से अपनी परंपरा निभा रही है। वहीं, गली नंबर-3/9 स्थित श्री सिद्ध गणेश परिवार दुर्गा उत्सव समिति में गणेश और कार्तिकेय के साथ मां की पूजा की जा रही है।

षड्यंत्रकारी पारदी बदमाशों को संरक्षण देने का कोतवाली थाना प्रभारी पर आरोप

दैनिक अवन्तिका » गुना

कोतवाली थाना प्रभारी पर अपराधिक प्रवृत्ति के पारदी बदमाश लोगों को संरक्षण देने और शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। फरियादी बलवीर सहरिया का दावा है कि घटना के 20 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई जिससे वह भयभीत है। जबकि पुलिस अधीक्षक हितिका वासल मैडम ने शक्त निर्देश दिए थे कि जाओ कोतवाली एफआईआर कराओ, लेकिन उनके जाने से पहले ही वहां पारदीयों को बुला लिया गया और राजीनामा का दवाब बना कर चलता कर दिया।

दरअसल मामला ये था कि तेजा दशमी के दिन पूजा करते वक्त बलवीर सहरिया को पारदी उठा ले गए और बंदी बनाकर रखा। इतना ही नहीं पारदीयों ने मारपीट की और चोटी काटकर पेशाव तक छिड़की और कहा कि तू पंडित बनेगा। अब उक्त मामला सोशल मीडिया की सुर्खियों में होने के कारण डीजीपी समेत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक पहुंच चुका है। जबकि हाल ही में कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य ने भी ऐसे लोगों को संरक्षण देने वालों पर सख्त कार्यवाही की बात कही थी। बलवीर सहरिया ने अपनी जान को खतरा बताते हुए आरोप लगाया कि कुछ पारदी लोग उसकी जमीन, प्लॉट और मकान पर कब्जा करना चाहते हैं और इसी को लेकर आए दिन विवाद की स्थिति बनाते हैं। उसने आशंका जताई कि उसके साथ कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। फरियादी ने इसके लिए कोतवाली थाना प्रभारी और संबंधित मामले से जुडे लोगों को जिम्मेदार ठहराया है। इस मामले से जुडी उनकी कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। वार्ड क्रमांक 21, अंबेडकर नगर हड्डीमिल के पार्षद रामवीर जाटव ने भी कोतवाली थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा पर भ्रष्टाचार और गरीब परिवारों की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए हैं। पार्षद का कहना है कि वार्ड के कई गरीब परिवार कथित तौर पर पारदी समुदाय के लोगों से परेशान हैं, लेकिन उनकी शिकायतों पर उचित कार्रवाई नहीं हो रही है उन्हें गुमराह कर भगा दिया जाता है। पार्षद रामवीर ने बताया कि वार्डवासियों की मदद करने पर उन्हें झूठे मामलों में फंसाने, गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करने और बलवीर सहरिया से राजीनामा कराने की धमकी दी गई है। वार्ड में पुलिस चौकी स्थापित करने और करीब 250 बेघर हुए लोगों के जांच की मांग पार्षद रामवीर जाटव ने पुलिस अधीक्षक हितिका वासल की सराहना करते हुए आरोप लगाया कि कोतवाली थाना प्रभारी उन्हें गलत जानकारी देकर गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे पुलिस अधिकारियों से पुलिस विभाग की छवि धूमिल होती है। पार्षद ने मीडिया के माध्यम से मांग की है कि वार्ड में पुलिस चौकी स्थापित की।

ओबीसी महासभा ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

गुना। मध्य प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने और इसे संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर ओबीसी महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। महासभा ने ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक न्याय, समान अवसर और युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए आरक्षण के मुद्दे पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

दरअसल ओबीसी महासभा की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्यों एवं समस्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्षों की सहमति से प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। महासभा के अनुसार, मध्य प्रदेश में ओबीसी आरक्षण का मामला वर्ष 2019 से न्यायालयीन प्रक्रिया में है। तत्कालीन राज्य सरकार ने ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने के लिए अध्यादेश लाया था।

इसके बाद विधायी प्रक्रिया के माध्यम से भी संशोधन किया गया। महासभा वर्ष 2019 से ही ओबीसी समाज के आरक्षण एवं संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक और न्यायालयीन स्तर पर संघर्ष कर रही है। संगठन का कहना है कि ओबीसी वर्ग को उचित आरक्षण मिलना सामाजिक न्याय और समान अवसर की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 9 अक्टूबर 2026 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित निर्णय में वर्ष 2019 के संशोधन के तहत 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के प्रावधान को असंवैधानिक घोषित कर निरस्त कर दिया गया तथा 14 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान बनाए रखने का निर्णय दिया गया। इस फैसले के बाद 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे ओबीसी समाज और इससे प्रभावित अभ्यर्थियों के बीच चिंता व्याप्त है। ओबीसी महासभा ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रदेश में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने तथा इसे संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

जिला चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं पर कलेक्टर सख्त, कार्रवाई के निर्देश

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने गुरुवार जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था और निर्माण कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। 108 एंबुलेंस की आठ गाड़ियां मेंटेनेंस पर होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने एंबुलेंस सेवाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग, मरीजों के फीडबैक और अस्पताल की व्यवस्थाओं में कमियों को दूर करने के लिए नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी निर्धारित कर आवश्यक कार्रवाई करने, संबंधित कर्मचारियों को नोटिस जारी करने तथा कंपनी के मुख्यालय को पत्र भेजने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने एंबुलेंस के डेस्क बोर्ड की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा मरीज तक एंबुलेंस पहुंचने में लगने वाले समय का औसत रिस्पांस टाइम प्रतिदिन तैयार कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एंबुलेंस सेवाओं की उपलब्धता और समयबद्ध संचालन पर नियमित नजर रखी जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यदि एंबुलेंस चालक मरीज या उसके परिजनों से पैसे की मांग करता है, तो वाहन का नंबर नोट कर चालक का फोटो लें और तत्काल 108 नंबर पर सूचना दें।

उन्होंने एंबुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर की उपलब्धता एवं उसकी स्थिति सुनिश्चित करने के लिए वीडियो कॉल के माध्यम से जांच करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने मेटरनिटी वार्ड का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक डिलीवरी के बाद संबंधित मरीज से फीडबैक लिया जाए, ताकि यह जानकारी मिल सके कि प्रसव के दौरान किसी प्रकार की राशि की मांग तो नहीं की गई। इस व्यवस्था को नियमित रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद उन्होंने नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मरीजों से उनके इलाज, चिकित्सकों के व्यवहार और अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में नियमित फीडबैक लिया जाए। प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों के आधार पर कमियों को चिह्नित कर उनका निराकरण किया जाए। उन्होंने फीडबैक रिपोर्ट प्रतिदिन तैयार करने तथा व्यवस्था की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा।

जाहिर सूचना पत्र का प्रतिवाद

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण (1) रौनक बोहरा पिता श्री पवन बोहरा, निवासी 18, मेघदूत परिसर, फाजलपुरा, उज्जैन (म.प्र.) एवं (2) नेमीचंद जैन पिता श्री भैरूलाल जैन, निवासी 105, कंठाल, उज्जैन (म.प्र.) के संबंध में श्रीमती हसीना बी पति श्री मुमताज अली, निवासी कस्बा उन्हेल, तहसील उन्हेल, जिला उज्जैन (न.प्र.) की ओर से उनके अधिवक्ता श्री भूपेश शर्मा, कार्यालय 244, जवाहर मार्ग, नागदा, जिला उज्जैन (म.प्र.) द्वारा दिनांक 13.10.2026 को प्रकाशित जाहिर सूचना का मेरे पक्षकारगण की ओर से खंडन किया जाता है। यह कि, मेरी पक्षकारगण एवं श्रीमती हसीना बी के मध्य ग्राम पगारा स्थित कृषि भूमि सर्वे नंबर 314/2 रकबा 0.430 हेक्टेयर, सर्वे नंबर 315 रकचा 1.250 हेक्टेयर एवं सर्वे नंबर 316/1 रकबा 0.300 हेक्टेयर, कुल 03 सर्वे नंबर, कुल रकबा 1.980 हेक्टेयर भूमि के संबंध में दिनांक 24.02.2024 को विक्रय अनुबंध निष्पादित हुआ था। उक्त अनुबंध के अंतर्गत मेरे पक्षकारगण द्वारा श्रीमती हसीना बी को कुल 79,47.225/- (अक्षरी उन्यासी लाख सैंतालीस हजार दो सौ पच्चीस रुपये) का भुगतान किया गया था। उक्त राशि प्राप्त करने के उपरांत भी श्रीमती हसीना बी द्वारा अनुबंध पत्र की शर्तों अनुसार कार्यवाही नहीं की गई एवं बाद में मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ कि विक्रित की गई भूमि के संबंध में मेमूना सुल्तान द्वारा तहसीलदार तहसील उन्हेल के समक्ष एक प्रकरण लगाया गया था जो प्रकरण क्रमांक 234/बी-121/2024-25 पर दर्ज हुआ था एवं अनुविभागीय अधिकारी, नागदा के समक्ष प्रकरण क्रमांक 111/अ-6/2022-23 विचाराधीन था। उक्त दोनो प्रकरणो में हसीना बी उपस्थित हुई थी एवं विक्रित भूमि से संबंधित एक व्यवहार वाद न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश महोदय, नागदा के समक्ष विचाराधीन था जो प्रकरण क्रमांक आरसीएस ए/64/2025 पर दर्ज हुआ था। हसीना बी द्वारा उन दोनों प्रकरणों की जानकारी मेरी पक्षकारा को नही दी गई और धोखाधड़ी करते हुए मेरे पक्षकारगण को भूमि विक्रय की गई एवं बेईमानीपूर्वक बयाना राशि प्राप्त की गई। जिसके संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 23/08/2025 को हसीना बी को सूचना पत्र प्रस्तुत कर बयाना राशि मय ब्याज के वापसी कर रसीद प्राप्त करने बाबत् दिया गया था, अन्यथा मेरे पक्षकारगण को विक्रेता हसीना बी के विरूद्ध धारा 420, 467, 468, 471 भादवि के तहत आपराधिक कार्यवाही करना पडेगी। हसीना बी द्वारा आज दिनांक तक बयाना राशि वापस नही की है व अन्य व्यक्तियो को भूमि विक्रय करने के प्रयास में लगी हुई है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती हसीना बी द्वारा प्रकाशित उक्त जाहिर सूचना को मेरे पक्षकारगण के अधिकारों एवं दावों के संबंध में अंतिम अथवा निर्णायक न माना जाए एवं हसीना बी से उक्त भूमि का कोई भी अनुबंध अथवा विक्रय पत्र संपादित नहीं करवाये। मेरे पक्षकारगण द्वारा अनुबंधकर्ता हसीना बी एवं सहमतिदाता उनके पुत्रों के विरूद्ध पुलिस थाना उन्हेल में आवेदन दिया जा चुका है। सो सूचित हो।

इति दिनांक-15/10/2026

केशवसिंह रघुवंशी, एडवोकेट
रामसहाय मार्ग, नागदा जिला उज्जैन
मो. 9826084044

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भूखण्ड / भवन जिसका ब्लाक नं 76, के भाग रहे है, जिसका नगर पालिक निगम क्रमांक 109 व 109/1, दशहरा मैदान, क्षपणक मार्ग, पथ क्रमांक 01, गली नं 01, वार्ड नं 44 उज्जैन (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल 256.32 वर्गमीटर है। चर्तुसीमा - पूर्व में-सडक सरकारी मिली है, पश्चिम में गली, उत्तर में मकान कमांक 110 डॉ. विजय गर्ग का, दक्षिण में मकान कमांक 108 सांठे सा का स्थित है। उक्त संपत्ति डा विजय गर्ग पिता मदनलाल जी गर्ग, श्रीमती शकुन्तला गर्ग पति डा विजय गर्ग को सन्तोष कुमार अग्रवाल पिता बालमुकुन्द जी अग्रवाल, श्रीमती सरला पति सन्तोष कुमार अग्रवाल से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 17 आईजीआर 18842026 ए 100083739 दिनांक 22/01/2026 को विधिवत प्राप्त हुई हैं। उपरोक्त वर्णित संपत्ति वर्तमान में ICICI BANK LTD में बंधक है जिसकी आवश्यक रूप से प्राप्त की जावेगी। उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर डा विजय गर्ग पिता मदनलाल जी गर्ग, श्रीमती शकुन्तला गर्ग पति विजय गर्ग, डा पुर्वी गर्ग पति राजिव गुप्ता पिता डा विजय गर्ग द्वारा ऋष्ठा प्राप्त करने हेतु ICICI BANK LTD में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा उक्त संपत्ति को बंधक किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि ICICI BANK LTD द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी तथा ऋण स्वीकृत किये जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार I CICI BANK LTD का रहेगा। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो। इति दिनांक 15/10/2026

नीरज सक्सेना (एडवोकेट)
ए-18 भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स, उज्जैन
मो. 97130-96363, 97130-15515

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भूखण्ड / भवन जिसका ब्लाक नं 76, के भाग रहे है, जिसका नगर पालिक निगम क्रमांक 109 व 109/1, दशहरा मैदान, क्षपणक मार्ग, पथ क्रमांक 01, गली नं 01, वार्ड नं 44 उज्जैन (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल 256.32 वर्गमीटर है। चर्तुसीमा - पूर्व में-सडक सरकारी मिली है, पश्चिम में गली, उत्तर में मकान कमांक 110 डॉ. विजय गर्ग का, दक्षिण में मकान कमांक 108 सांठे सा का स्थित है। उक्त संपत्ति डा विजय गर्ग पिता मदनलाल जी गर्ग, श्रीमती शकुन्तला गर्ग पति डा विजय गर्ग को सन्तोष कुमार अग्रवाल पिता बालमुकुन्द जी अग्रवाल, श्रीमती सरला पति सन्तोष कुमार अग्रवाल से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 17 आईजीआर 18842026 ए 100083739 दिनांक 22/01/2026 को विधिवत प्राप्त हुई हैं। उपरोक्त वर्णित संपत्ति वर्तमान में ICICI BANK LTD में बंधक है जिसकी एनओसी आवश्यक रूप से प्राप्त की जावेगी। उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर डा विजय गर्ग पिता मदनलाल जी गर्ग, श्रीमती शकुन्तला गर्ग पति विजय गर्ग, डा पुर्वी गर्ग पति राजिव गुप्ता पिता डा विजय गर्ग द्वारा ऋष्ठा प्राप्त करने हेतु ढ्ढष्टढ्ढष्टढ्ढ क्चह्य रुह्लष्ठ में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा उक्त संपत्ति को बंधक किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि ICICI BANK LTD द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी तथा ऋण स्वीकृत किये जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार ICICI BANK LTD का रहेगा। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो। इति दिनांक 15/10/2026

नीरज सक्सेना (एडवोकेट)
ए-18 भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स, उज्जैन
मो. 97130-96363, 97130-15515

जाहिर सूचना

सर्वसाधारन को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने डॉ डेविड नीलम पिता अलफ्रेड नीलम (ओसवाल नीलम) व श्रीमती अर्चना नीलम पति डॉ डेविड नीलम निवासीगण - 158, सिनियर एम.आई.जी. इंदिरा नगर, उज्जैन (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य का एक भवन क्रमांक 210, जो कस्तूरी बाग कॉलोनी, कानीपुरा रोड़, पंचकोशी मार्ग, उज्जैन में स्थित हैं। जिसका कुल क्षेत्रफल 90 वर्गमीटर है जिसके पूर्व में भवन कमांक 205, पश्चिम में कॉलोनी की सड़क, उत्तर में भवन क्रमांक 209 व दक्षिण में भवन कमांक 211 हैं। उपरोक्त भवन को कय करने का सौदा किया है और इसके सम्बंध में आंशिक बयाना राशि प्राप्त कर अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया हैं। उक्त अनुबंध पत्र के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भवन के विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भवन में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध में अन्य किसी को किस प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवन का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नहीं होगी। दिनांक 15/10/2026

अखिलेश बाफना, एडवोकेट
कार्यालय 111, प्रथम तल, हर्षदीप टॉवर, नानाखेड़ा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन मो. 9826266570

जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकारगण का पैतृक भवन क्क्ष मांक 43, खुदीराम बोस मार्ग, गुदरी चौराहा, उज्जैन मे स्थित है तथा उक्त भवन मेरे पक्षकारगण के पिता व दादा अब्दुल गनी के स्वामित्व एव अधिपत्य का उक्त भवन है जिसमे मेरे पक्षकारगण का भी 1/7, स्वत्व हित अधिकार है उक्त भवन को मोहम्मद साबिर व मोहम्मद फारूख के वारिसान के द्वारा अवैधानिक रूप से आंतरित हस्तांतरित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है इस सबंध मे पूर्व मे भी दैनिक समाचार पत्र में विक्रय के संबध में जाहिर सूचना का कोई प्रकाशन किया गया है जिसकी जानकारी मेरे पक्षकार को अपने संबधित रिश्तेदारो से प्राप्त हुई है तथा उक्त मोहम्मद साबिर व मोहम्मद फारूख के उत्तराधिकारी के द्वारा मेरे पक्षकार की पैतृक संपत्ति को हफरा तफरा करने का प्रयास किया जा रहा है इस कारण से यह जाहिर सूचना प्रकाशित करते हुए सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भवन के संबध मे इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात उक्त लोगो से कोई विक्रय संबधित दस्तावेज या आंतरण संबधित दस्तावेज निष्पादित नही कराया जावे अन्यथा ऐसा दस्तावेज मेरे पक्षकार पर बधनकारक नही होकर शून्यवत प्रभावहीन माना जावेगा क्योकि मेरे पक्षकार का उक्त भवन मे 1/7, स्वत्व हित अधिकार स्व. अब्दुल गनी की मृत्यु के पश्चात से आज तक विद्यमान है ताकिद जानें। दिनांक 16.10.2026

स्थान उज्जैन

एड. अभिषेक बैरागी

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री सुभाष जाट पिता श्री सीताराम जाट, निवासी-ग्राम जेठड़ा जिला शाजापुर (म.प्र.) ने 1- जीवन पिता श्री जगदीश, 2- श्रीमती रूपीबाई पति श्री बिहारीलाल, निवासीगण घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 932/1 रकबा 0.80 हे., 932/2 रकबा 0.1000 हे., 932/3 रकबा 0.80 हे., कुल रकबा 1.7000 हेक्टेयर स्थित ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है, को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रेतापक्ष ने मेरे पक्षकार से बयाना राशि 5,00,000/- अक्षरी पांच लाख गवाहान के समक्ष नकद लेकर सौदा किया गया है तथा शेष विक्रय मूल्य राशि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित, हक, अधिकार, सुखाधिकार व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, सरकारी बैंक, अर्द्धशासकीय, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का ऋण भार या रहन, बय, दान इत्यादि से अधिगृहित हो तो ऐसे संबंधित विभाग व्यक्ति, संस्था इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक 16-10-2026

यजुवेन्द्र सिंह सिसौदिया हाईकोर्ट एडवोकेट,
निवास एवं कार्यालय- एम.टी.-1, सेठीनगर
उज्जैन मो. 9827304104

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भूखण्ड स्वामी 01. श्रीमती अनुसुईया बेन पति स्व. श्री अंशुधर भाई चावडा, निवासी-71, मंगल कॉलोनी, उज्जैन (म.प्र.) 02. हिम्मतराम चावडा पिता श्री जयंतीलाल जी चावडा, निवासी- 7/117, बिल्डीग नं.-7 बी, रामनगर, एस.वी. रोड पाटकर कॉलेज के सामने गोरेगांव वेस्ट मुम्बई (महाराष्ट्र) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड क्रमांक-35 का भाग जो कि 6 धनवंतरी मार्ग फ्रीगंज उज्जैन (म. प्र.) में स्थित हैं जिसका कुल क्षेत्रफल-568.72 वर्गफीट अर्थात 52.85 वर्गमीटर हैं। जिसके पूर्व में श्रीमती वसंतबेन का मकान, पश्चिम में रास्ता, उत्तर में रास्ता एवं दक्षिण में-श्रीमती बसंतीबाई का मकान को श्री सत्या डेवल्पर्स द्वारा भागीदार मनोज कुमार डोडिया पिता श्री खेराजमल डोडिया, निवासी-29-30, क्षपणक मार्ग, उज्जैन को विक्रय कर दिया हैं। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार से किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर अनुबंध-पत्र का निष्पादन भी अपने हित में करवा लिया हैं। यदि उक्त भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सूचित हो । इति दिनांक-15.10.2026

राजेश बांठिया एडव्होकेट
ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन मो. 98272-64140

न्यूज-कॉलम

आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा की 251 बॉटले जप्त

मन्दसौर। आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए मंदसौर नगर में श्यामलाल पिता चन्दर से देसी मदिरा की 42 बॉटल नग, दशरथ पिता मोहनलाल व राजसिंह पिता प्रेमसिंह से देशी मदिरा के कुल 35 बॉटल,अभिनंदन स्थित ढाबे से महेश पिता सुंदरलाल ग्वाला से देसी मदिरा की 22 बॉटल नग, विदेशी मदिरा व बीयर की 14 बोतल व कैन जप्त किये। सीतामऊ तहसील के ग्राम-मुवाला स्थित घर की तलाशी लेने पर योगेन्द्र पिता दद्दू सिंह भाटी से 93 पाव देशी मदिरा के 104 बॉटल नग व 6 माउंट बियर जप्त की गई। इसी क्रम मे सुवासरा नगर स्थित घर से मीनाक्षी पति जालम सिंह राजपूत के घर से देशी मदिरा के व 28 बॉटल नग जप्त की गई। उक्त कार्यवाही में म प्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आज लगेंगे शिविर

मंदसौर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जिले के मल्हारगढ़ विकासखंड के पहेड़ा तथा आक्याबीका ग्राम में आज 16 अक्टूबर को शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर दिव्यांक सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इन शिविरों में आम नागरिकों की समस्याओं व शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा और शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। प्रातः 10 बजे मल्हारगढ़ विकासखंड के ग्राम पहेड़ा में उद्यम संवाद शिविर का आयोजन होगा, जबकि दोपहर 1.30 बजे ग्राम आक्याबीका में जन संवाद शिविर आयोजित किया जाएगा। अभियान के दौरान अधिकारियों का दल झार्डा, अडमालिया, आंतरिखुर्द, गोपालपुर, हरसोल, सोमिया, बरुजना खड़पालिया, मुंदेडी एवं नारायणगढ़ नगरीय क्षेत्र का भ्रमण भी करेगा।

कृषि उपज मंडी में 3 दिन का अवकाश

पिपलिया मंडी। स्थानीय स्थनीय कृषि उपज मंडी प्रशासन द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि 18 अक्टूबर रविवार को दुर्गाष्टमी 19 अक्टूबर सोमवार को महानवमी (जिला प्रशासन द्वारा घोषित) एवं 20 अक्टूबर मंगलवार को दशहरा पर्व होने से पिपलिया मंडी कृषि मंडी की छुट्टी रहेगी। अतः किसानो से जोआग्रह किया जाता है की अवकाश के दोनों में विक्रय हेतु कृषि उपज नहीं लावे।

मन्नत और भीनी का राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन

मंदसौर। यूनिक क्रिकेट अकादमी मंदसौर की नियमित खिलाड़ी मन्नत जैन (लोटस वैली स्कूल, मंदसौर) एवं भीनी दुग्गड़ (लोकमान्य तिलक हायर सेकेंडरी स्कूल, मंदसौर) का चयन राज्यस्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के 17 वर्ष बालिका वर्ग के लिए हुआ है।अकादमी के कोच नवीन खोखर व निलेश खोखर ने बताया कि यह प्रतियोगिता आगामी 23 से 28 अक्टूबर तक शिवपुरी में आयोजित की जाएगी, जिसमें दोनों चयनित खिलाड़ी उज्जैन संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देकर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।

एडवोकेट से प्रताड़ित कैदी ने पिया फिनायल

रतलाम। शहर के सर्किल जेल में बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब हत्या के मामले में विचाराधीन एक कैदी ने सफाईकर्मी से फिनायल की शीशी छीनकर पी ली। जेल प्रशासन और पुलिसकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कैदी को तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।सहायक जेल अधीक्षक बृजेश मकवाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सैलाना थाना क्षेत्र के रामगढ़ निवासी राहुल जाट पुत्र रमेश जाट वर्ष 2024 से हत्या के आरोप में सर्किल जेल में बंद है। बुधवार को जेल परिसर में एक सफाईकर्मी बाथरूम की सफाई कर रहा था। इसी दौरान राहुल ने मौका पाकर सफाईकर्मी के हाथ से फिनायल की शीशी छीन ली और उसे गटक गया।

छात्रावास में पानी की किल्लत और घटिया भोजन से परेशान छात्र-छात्राओं ने कलेक्ट्रेट की ओर 70 किलोमीटर लंबा पैदल मार्च करने निकल पड़े

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

रतलाम जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्र बाजना स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय छात्रावास एवं विद्यालय में सुविधाओं के अभाव और प्रशासनिक उपेक्षा से तंग आकर सैकड़ों विद्यार्थियों का गुस्सा फूट पड़ा।

छात्रावास में पानी की भारी किल्लत और घटिया भोजन से परेशान छात्र-छात्राएं अपनी आवाज बुलंद करने के लिए बाजना से रतलाम कलेक्ट्रेट की ओर लगभग 70 किलोमीटर लंबा पैदल मार्च करने निकल पड़े। सैकड़ों स्कूली बच्चों के पैदल मार्च पर निकलने की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। तहसीलदार कुलभूषण शर्मा ने आनन-फानन में रास्ते में ही बच्चों को रोककर उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित व स्थायी समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद विद्यार्थी छात्रावास लौटने को सहमत हुए।

विद्यार्थियों ने तहसीलदार को बताया कि छात्रावास में पेयजल और निस्तार के पानी की स्थिति अत्यंत दयनीय है। पानी की कमी से नित्यकर्म और दैनिक कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। परिसर स्थित पानी के अन्य स्त्रोत लंबे समय से बंद पड़े हैं और जिम्मेदार विभाग उन्हें दुरुस्त कराने में कोई रुचि नहीं दिखा रहा। फिलहाल टैंकरों के भरोसे ही काम चलाया जा रहा है। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने मेस में मिलने वाले भोजन की घटिया गुणवत्ता को लेकर भी गहरा असंतोष जताया।

130 से 150 टैंकर का खर्चा, फिर भी बच्चे परेशान

मामले पर एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य अविनाश साहू ने माना कि पानी की समस्या गंभीर है। उन्होंने बताया कि जब से छात्रावास बना है, तब से ही पानी की यह समस्या बनी हुई है। व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर महीने लगभग १३० से १५० पानी के टैंकर मंगवाने पड़ते हैं, जिस पर प्रतिमाह करीब ७० हजार रुपये का भारी-भरकम खर्च आता है। प्राचार्य ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को स्थिति से अवगत कराया गया है। वहीं भोजन की गुणवत्ता के संबंध में संबंधित ठेकेदार कर्मचारी को नोटिस जारी किया जा रहा है, सुधार न होने पर उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

व्यवस्थाओं पर खड़े हो रहे गंभीर सवाल

जब शासन-प्रशासन आदिवासी अंचल में शिक्षा और छात्रावासों पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा करता है, तब सैकड़ों बच्चों का मूलभूत सुविधाओं के लिए सड़क पर उतरना कई सवाल खड़े करता है। जब सैकड़ों विद्यार्थी छात्रावास में रहते हैं, तो अब तक पानी की स्थायी व्यवस्था क्यों नहीं की गई? पानी के वैकल्पिक स्रोतों को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी किसकी थी और अब तक लापरवाही क्यों बरती गई? प्रतिमाह 70 हजार रुपये टैंकरों पर फुंकने के बावजूद बच्चों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना क्यों पड़ रहा है?"विद्यार्थियों के पैदल मार्च की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर उनसे चर्चा की गई। उनकी पानी और भोजन से जुड़ी शिकायतों को सुना गया है। समस्याओं का शीघ्र अति शीघ्र निराकरण कराया जाएगा।"

— कुलभूषण शर्मा, तहसीलदार, बाजना

विहिप की त्रैमासिक कार्ययोजना बैठक में आगामी आयोजनों की रूपरेखा तय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



विश्व हिंदू परिषद मंदसौर विभाग की त्रैमासिक कार्ययोजना बैठक आयोजित हुई जिसका शुभारंभ राम दरबार और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में विहिप के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री जी. स्थानुमलयन, मालवा प्रांत मंत्री विनोद शर्मा, प्रांत सह सेवा प्रमुख आशुतोष शेखावत और विभाग मंत्री अनुपाल सिंह झाला मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत भगवान अष्टमुखी पशुपतिनाथ महादेव की प्रतिमा भेंट कर किया गया।

बैठक में संगठन के विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रियता, सेवा कार्यों, सामाजिक समरसता और आगामी कार्यक्रमों को लेकर गहन मंथन किया गया। केंद्रीय संयुक्त महामंत्री जी. स्थानुमलयन ने कार्यकताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने दायित्व को पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निभाना चाहिए।

उन्होंने प्रखंडों के कार्यों की नियमित समीक्षा करने, नए कार्यकताओं को जोड़ने तथा ग्राम स्तर तक समितियों का गठन करने पर जोर दिया।

बैठक में आगामी सेवा प्रकल्पों के तहत एंबुलेंस सुविधा, रक्तदान शिविर और निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं के संचालन का आह्वान किया गया। साथ ही समाज में आपसी सद्भाव बढ़ाने और गो-संवर्धन के लिए नई गोशालाओं की स्थापना पर भी चर्चा हुई। संगठन ने आगामी 23 नवंबर से 6 दिसंबर तक डिजिटल माध्यम से च्हित चिंतक अभियानज चलाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, अशोक सिंघल की जन्म शताब्दी और संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न संगोष्ठियों और युवा सम्मेलनों के आयोजन की रूपरेखा भी तय की गई।



महाविद्यालय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर सामूहिक संवाद कार्यक्रम

पिपलियामंडी। पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलियामंडी में अक्टूबर माह में राष्ट्रीय कार्यबल के अंतर्गत विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं अवसाद जैसी समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सामूहिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बी.ए., बी.कॉम. एवं बी.एससी. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी.सी. बोरिवाल, डॉ. चंद्रकला चौहान, डॉ. कन्हैया लाल लोहार एवं ह्वञ्सन प्रभारी डॉ. नोदराम मालवीय के नेतृत्व में ह्वञ्सन मेंटर्स ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। संवाद के दौरान विद्यार्थियों को अध्ययन से संबंधित समस्याओं, शैक्षणिक दबाव, पारिवारिक परिस्थितियों, सामाजिक जीवन में आने वाली परेशानियों तथा तनाव एवं अवसाद की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर खुलकर चर्चा करने का अवसर दिया गया। मेंटर्स ने विद्यार्थियों की समस्याओं को समझते हुए उन्हें अपनी बात साझा करने, सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने तथा आवश्यकता पड़ने पर शिक्षकों, अभिभावकों एवं विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लेने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की मानसिक एवं भावनात्मक समस्याओं को समझना, उनके प्रति संवेदनशील वातावरण विकसित करना तथा उन्हें समय पर उचित मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित करना था।

अफीम नीति जल्द घोषित करे केंद्र सरकार-महेन्द्र गुर्जर

मंदसौर। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर आगामी अफीम नीति शीघ्र घोषित करने तथा अफीम उत्पादक किसानों की समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि समय पर अफीम नीति घोषित न होने से किसानों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इस वर्ष क्षेत्र में कम बारिश होने के कारण खेती-किसानी की परिस्थितियां पहले से ही चुनौतीपूर्ण हैं, ऐसे में नीति की घोषणा में विलंब किसानों की आगामी फसल की तैयारी और उत्पादन प्रक्रिया को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकता है।श्री गुर्जर ने कहा कि अफीम नीति को बिना किसी विलंब के घोषित कर अनिश्चितता को दूर किया जाए। पात्र किसानों के लाइसेंस, पात्रता एवं नवीनीकरण संबंधी नियमों को पारदर्शी बनाते हुए समय पर स्पष्ट किया जाए, ताकि किसान अपनी तैयारी कर सकें। कम बारिश और मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए किसानों को आवश्यक राहत एवं सहयोगात्मक उपाय प्रदान किए जाएं। गुर्जर ने जोर देकर कहा कि अफीम उत्पादक किसान देश की कृषि अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, इसलिए सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए नीतिगत निर्णयों की जानकारी समय पर किसानों तक पहुंचानी चाहिए।

आतिशबाजी सामग्री पर ना हो देवी देवताओं के फोटो, प्रशासन और व्यापारी रखें ध्यान - विहिप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए नीमच मंदसौर जिला प्रशासन और पटाखा कारोबारियों से आतिशबाजी सामग्री पर देवी-देवताओं के चित्र न लगाने की सख्त अपील की है।

विश्व हिंदू परिषद के नीमच मंदसौर विभाग मंत्री अनुपाल सिंह झाला ने बताया कि पटाखों के आवरण, पैकेटों और रैपर्स पर भगवान श्री गणेश, माता लक्ष्मी, भगवान श्रीराम, हनुमान जी अथवा अन्य किसी भी हिंदू देवी-देवता और पूज्य प्रतीकों की तस्वीरें छापना पूरी तरह से अनुचित है। जब इन पटाखों को जलाया जाता है, तो उनके पैकेट और आवरण फटकर जमीन पर बिखर जाते हैं, जिससे वे लोगों के पैरों तले आते हैं और कचरे के ढेरों में तब्दील हो जाते हैं। इससे करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं और आस्था गहराई से आहत होती हैं।

विहिप ने जिला प्रशासन और पुलिस तंत्र से इस दिशा में प्रभावी निगरानी तंत्र विकसित करने का आग्रह किया है। उन्होंने मांग की है कि थोक और खुदरा पटाखा बाजारों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए ताकि ऐसे उत्पादों के भंडारण और विपणन पर रोक लगाई जा सके। इसके साथ ही विहिप ने पटाखा निमार्ताओं और व्यापारियों से भी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया है।

कारोबारियों से कहा गया है कि वे व्यापारिक लाभ कमाने के चक्कर में धार्मिक संवेदनाओं की अनदेखी न करें और निमार्ताओं से स्पष्ट रूप से केवल सामान्य डिजाइन वाले पैकेट ही मंगवाएं। यदि किसी लॉट में इस तरह की सामग्री पाई जाती है, तो उसे तुरंत निमार्ताओं को लौटा दिया जाए और उसकी बिक्री से पूरी तरह परहेज किया जाए।

संगठन ने आम नागरिकों से भी सचेत रहने की अपील करते हुए कहा है कि खरीदारी करते समय पैकेटों पर अंकित चित्रों का ध्यान रखें और ऐसे किसी भी उत्पाद को न खरीदें जिससे आराध्यों का अनादर होता हो। विहिप ने चेतावनी भरे लहजे में यह भी स्पष्ट किया है कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता पटाखा विक्रय स्थलों पर निरीक्षण करेंगे ।

अफीम एवं क्षारोद कारखाना परिसर का हवाई क्षेत्र 'नो ड्रोन जोन' घोषित

जिला दंडाधिकारी ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

जिला दण्डाधिकारी श्री हिमांशु चंद्रा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए शासकीय अफीम एवं क्षारोद कारखाना, नीमच परिसर तथा उसके ऊपर के हवाई क्षेत्र में ड्रोन के संचालन पर प्रतिबंध लगाने संबंधी आदेश जारी किए हैं। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है तथा 27 नवंबर तक प्रभावशील रहेगा। उक्त प्रभावशील अवधि में इस आदेश का उल्लंघन धारा २२३ भारतीय न्याय संहिता अंतर्गत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आएगा। आदेश के अनुसार, शासकीय अफीम एवं क्षारोद कारखाना, नीमच में जीवन रक्षक दवाओं के निर्माण का कार्य किया जाता है। कारखाने की संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए ड्रोन गतिविधियों से सुरक्षा संबंधी जोखिम उत्पन्न होने की आशंका व्यक्त की गई है। साथ ही, इंटेलिजेंस ब्यूरो की रिपोर्ट में भी कारखाना परिसर के ऊपर के हवाई क्षेत्र को आगामी दो माह के लिए 'नो ड्रोन जोन' घोषित किए जाने की अनुशंसा की गई है। आदेश के तहत शासकीय अफीम एवं क्षारोद कारखाना, नीमच परिसर एवं उसके ऊपर के हवाई क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति द्वारा ड्रोन का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिला दण्डाधि कारी ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान परिस्थितियों में तत्काल प्रभाव से यह आदेश जारी किया जाना आवश्यक था, इसलिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों के अनुरूप यह आदेश पारित किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 सहित विधिक प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने नवरात्रि पर मां भादवामाता मंदिर में विधि-विधान से किया घट स्थापना

मेले की व्यवस्थाओं का भी लिया जायजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नीमच जिले के प्रसिद्ध धार्मिक आस्था केंद्र महामाया मां भादवामाता मंदिर में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने विधि-विधान से घट स्थापना कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मां भादवामाता से जिलेवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं कल्याण की कामना की। नीमच विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास भी उपस्थित रहे। सभी ने मां के दर्शन कर महाआरती में सहभागिता की।

इस अवसर पर मंदिर के शिखर पर ध्वजा भी चढ़ाई गई। वैदिक विधि-विधान एवं धार्मिक परंपराओं के अनुसार संपन्न हुए पूजा-अर्चना के कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से भाग लिया। घट स्थापना के पश्चात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर नवरात्रि मेले की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के आवागमन मार्गों, निर्माण कार्यों तथा दर्शन व्यवस्था का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री चंद्रा ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को सुगमता से मां के दर्शन हो सकें, इसके लिए प्रवेश एवं निर्गम की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मेले में पेयजल, प्रकाश, स्वच्छता, रियायती दर पर भोजन तथा वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। दिव्यांग एवं बुजुर्ग श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए ऐसी व्यवस्थाएं की जाएं, जिससे उन्हें दर्शन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बनाने तथा मंदिर तक आने वाले मार्गों पर सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उल्लेखनीय है कि महामाया मां भादवामाता मंदिर नीमच जिला मुख्यालय से लगभग १८ किलोमीटर दूर ग्राम भादवामाता में स्थित है। यह धार्मिक स्थल मालवा की वैष्णो देवी के नाम से प्रसिद्ध है। शारदीय नवरात्रि के दौरान यहां भव्य मेले का आयोजन होता है,

न्यूज कालम



ग्राम कचनारा में फूड पॉइजनिंग, 30 लोगो की तबीयत बिगड़ी

मन्दसौर। मंदसौर जिले के दलौदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कचनारा में एक सामाजिक कार्यक्रम के दौरान आयोजित भोजन के बाद अचानक करीब 30 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। हालांकि सभी खतरे से बाहर बताये गये है। जानकारी के अनुसार दोपहर के समय बसंती लाल जी राठौर तेली समाज में परिवारिक कार्यक्रम में लोगों ने भोजन किया था। खाना खाने के कुछ ही देर बाद कई लोगों को पेट में तेज दर्द, उल्टी, दस्त और घबराहट की शिकायत होने लगी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल बीमार लोगों को निजी वाहनों और एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।सूचना मिलने पर कचनारा चौकी प्रभारी भीमसिंह राठौर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। बीएमओ डॉ. अभिषेक जैन ने पुष्टि की है कि सभी मरीजों में फूड पॉइजनिंग के लक्षण थे और समय पर प्राथमिक उपचार मिलने से फिलहाल सभी की हालत स्थिर व खतरे से बाहर है। एहतियात के तौर पर अस्पताल में अतिरिक्त डॉक्टरों और स्टाफ की तैनाती कर दी गई है। पांच को जिला चिकित्सालय मंदसौर रेफर किया गया। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम में बने भोजन के सैंपल को जांच के लिए एकत्र कर लिया है, और रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

अजीज भाई बोहरा के यहां हुई चोरी का पता शीघ्र लगाए पुलिस



पिपलीया मंडी।नगर के बायपास रोड बोहरा मस्जिद के पास स्थित अजीज भाई बोहरा के यहां हुई बड़ी चोरी का पता पुलिस को शीघ्र लगाना चाहिए,साथ ही पुलिस को इस चोरी को चुनोती के रूप में लेना चाहिए।गुरुवार को जिला कांग्रेस के सचिव अनिल शर्मा,नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा, कांग्रेस नेता दिनेश गुप्ता काचरिया,मंडलम अध्यक्ष पंकज बोराना,भेरूपप्पू गुर्जर आदि अजीज भाई के निवास पर पहुंचे व चोरी की जानकारी ली।अजीज भाई बोहरा ने बताया कि परिवार रतलाम शादी समारोह में गया हुवा था कि चोरों ने धावा बोला और लाखों रुपये के जेवर,एवं नगदी ले उड़े।शर्मा ने थाना प्रभारी इवने जी से चर्चा की एवं चोरी का शीघ्र पता लगाने की मांग की शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक से मिलकर पुलिस थाने पर पुलिस बल बढाने की भी मांग करेगा।

सड़क हादसे में तीन की जान गई, वाहन चालकों पर प्रकरण दर्ज

मंदसौर। जिले के तीन थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में तीन व्यक्तियों की जान चली गई। पुलिस ने बुधवार को जांच पर संबंधित थानों में आरोपी वाहन चालकों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के गरोठ थाना क्षेत्र के देथली बुजुर्ग किराना दुकान के सामने बस स्टैंड पर आरोपी चालक ने ट्रैक्टर को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर प्रदीप पिता प्रभुलाल निवासी देथली बुजुर्ग को टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक निलेश पिता धीरज निवासी ग्राम जमुनिया के खिलाफ मामला दर्ज किया। इसी प्रकार जिले के भानपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम ढाबला माधोसिंह के पास 8 लाइन दिल्ली मुंबई हाईवे पर ट्रक क्र. डब्ल्यूबी 23 डी 6641 के अज्ञात चाहक के द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन खड़ा होने से ट्रक क्र. एचआर 55 बी 1795 के टकराने से चालक अभय ठाकुर की मृत्यु हो गई। एक अन्य हादसा सुवासरा थाना क्षेत्र के शामगढ़ मेन रोड़ नईआबादी पुलिया के पास धलपट थाना सुवासरा पर कार नं. एमपी 13 एके 3872 के अज्ञात चालक द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर बाइक सवार कमल पिता अमरसिंह सिसौदिया निवासी काटिया को टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने कार चालक पर मामला दर्ज किया।

पटाखों के अस्थायी लाइसेंस हेतु 15 से 22 अक्टूबर तक आवेदन करें

नीमच,। दीपावली पर्व पर पटाखों के क्रय-विक्रय के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी करने हेतु ऑनलाइन आवेदन 15 से 22 अक्टूबर तक किए जा सकेंगे। इस संबंध में अनुविभागीय दंडाधिकारी, उपखंड नीमच द्वारा संशोधित विज्ञप्ति जारी की गई है। पात्र आवेदकों को 2 नवंबर से 11 नवंबर तक की अवधि के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी किए जाएंगे। पटाखों की अस्थायी दुकानें नीमच में स्वामी विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पीजी कॉलेज) के ग्राउंड, जीरन में दशहरा मैदान तथा ग्राम चीताखेड़ा में बस स्टैंड के पास स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड पर लगाई जाएंगी। अस्थायी लाइसेंस के लिए आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन के साथ पासपोर्ट साइज फोटो एवं आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। वर्ष 2025 में अस्थायी पटाखा लाइसेंस प्राप्त कर चुके व्यक्ति भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन कर सकेंगे। लाइसेंस नगर पुलिस अधीक्षक के चरित्र सत्यापन एवं टीप के आधार पर जारी किए जाएंगे। लाइसेंसधारियों को निर्धारित स्थान पर ही दुकान संचालित करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक दुकान पर रेत, पानी एवं अग्निशमन यंत्रों की पर्याप्त व्यवस्था करनी होगी। दुकान के बाहर लाइसेंसधारी का नाम, पिता/पति का नाम, मोबाइल नंबर एवं लाइसेंस प्रदर्शित करना अनिवार्य रहेगा। साथ ही, लाइसेंसधारी को दुकान पर उपस्थित रहना होगा।

त्योहारी सीजन में ऑनलाइन शॉपिंग करते समय रहें सावधान

रतलाम। नवरात्रि, दशहरा और आगामी त्योहारी सीजन में ऑनलाइन खरीदारी का दौर शुरू हो गया है। कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल और घरेलू सामान की ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान साइबर अपराधियों ने भी सक्रिय होना शुरू कर दिया है। फर्जी डिस्काउंट, नकली शॉपिंग वेबसाइट, फर्जी डिलीवरी लिंक और क्यूआर कोड के जरिए लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है।

ओबीसी महासभा 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर सौपेंगी ज्ञापन

राजगढ़। ओबीसी भारतीय ओबीसी महासभा राजगढ़ के तत्वाधान में 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर 15 अक्टूबर गुरुवार को महामहिम राष्टपति और महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर राजगढ़ को सौपा जाएगा ' उक्त जानकारी देते हुए अखिल भारतीय ओबीसी महासभा मध्यप्रदेश के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बद्रीलाल तंवर रसभरी ने बताया कि अखिल भारतीय ओबीसी महासभा एससी, एसटी मोर्चा किसान सेवा भारत संगठन के तत्वाधान में मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग के साथ ही जनगणना 2027 में ओबीसी का कॉलम अलग से देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर यह ज्ञापन दिया जाएगा।

क्षितिज जैन का शासकीय एमबीबीएस कॉलेज में चयन

सुसनेर। नगर के होनहार विद्यार्थी



क्षितिज जैन पिता संजय जैन निवासी विनायक नगर वार्ड क्रमांक 13 सुसनेर का शासकीय एमबीबीएस कॉलेज रतलाम में चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए एक बेहद गौरवपूर्ण और हर्ष का विषय है। यह सफलता छात्र की कड़ी मेहनत, लगन और उनके परिवार व शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उनके रतलाम के शासकीय एमबीबीएस कॉलेज में चयन होने पर उनके पिता संजय जैन सहित इष्ट मित्रों एवं परिवार जनों ने हर्ष व्यक्त कर क्षितिज जैन को नगर का गौरव बढ़ाने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विद्यालय की अतिथि शिक्षिका पर भेदभाव का आरोप



बड़नगर। नगर के सीएम सांदीपनि विद्यालय बड़नगर की अतिथि शिक्षिका प्रियंका उपाध्याय पर मुस्लिम छात्रों के साथ भेदभाव और अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए मुस्लिम समाज बड़नगर ने बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी धीरेन्द्र पाराशर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि घटना 7 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे की है, जब 9वीं-ई कक्षा में 9 मुस्लिम विद्यार्थी क्लास रूम में थे। आरोप है कि शिक्षिका ने वहां आकर विद्यार्थियों के नाम पूछने के बाद उन्हें लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की। समाज ने ज्ञापन में कहा कि इस तरह की टिप्पणियां शिक्षा के मंदिर को कलंकित करने वाली, धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली हैं। इससे मुस्लिम बच्चों में डर का माहौल है और वे स्कूल जाने से डर रहे हैं।

नरसिंहगढ़ में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण



ब्यावरा-राजगढ़ । कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं खाद्य पदार्थों के नमूना संग्रहण की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. खत्री द्वारा बुधवार को शाजापुर वाला चौराहा, नरसिंहगढ़ स्थित सांवलिया स्वीट्स एवं अयोध्या डेयरी एंड स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सांवलिया स्वीट्स से लौंग सेव एवं मावा रोल तथा अयोध्या डेयरी एंड स्वीट्स से मावा एवं अन्य मिठाइयों के नमूने जांच के लिए लिए गए। सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। निरीक्षण के दौरान सांवलिया स्वीट्स में सेव नमकीन का निर्माण किया जा रहा था। यहां कढ़ाई में कॉटन सीड ऑयल का जला हुआ तेल उपयोग में लिया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के निर्देश पर मौके पर ही लगभग 20 किलोग्राम जला हुआ तेल, जिसकी अनुमानित कीमत 4 हजार रुपये है नष्ट कराया गया।

जीआरपी थाना ब्यावरा ने

ट्रेनों में चाँदी के जेवरात चोरी करने वाली अन्तर्राज्यीय गैंग को गिरफ्तार किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



जीआरपी थाना ब्यावरा ने ट्रेनों में सोने चांदी के जेवरात चोरी करने वाला अन्तर्राज्यीय गिरोह के आरोपियों को गिरफ्तार कर सोने चांदी के जेवरात बरामद किये है। विगत दिनों कोलारस निवासी फरियादिया अपने भाई की शादी में आनें के लिए गुना से पचोर की यात्रा अपने भाई के साथ ट्रेन 19342 बीना नागदा पेसेन्जर में भाई एवं अपने बच्चों के साथ के आगे के जनरल कोच में बैठकर यात्रा कर रही थी । यात्रा के दौरान फरियादिया ने अपने सोने चांदी के सभी जेवरात कुल कीमत 4,57,600 रुपये का एक ट्राली बैग में रख रखे थे। यात्रा के दौरान रेलवे स्टेशन गुना से रेलवे स्टेशन पचोर के मध्य अज्ञात चोरो ने फरियादी के जेवरात पिन से बैग की चेन खोलकर चोरी कर लिये। जिस पर से थाना जीआपी ब्यावरा प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया।

आरोपी ओमपाल पिता रशपाल यादव 29 निवासी इंद्रा नगर थाना देहली गेट जिला अलीगढ़ (उ.प्र.), अवधेश उर्फ बंटू पिता फौजदार सिंह यादव 35 निवाशी पला सायबाबाद श्री बाबा धाम मंदिर थाना शासनी गेट जिला अलीगढ़ (उ.प्र), चेतन यादव पिता अनवर सिंह यादव उम्र 26 साल निवासी नगला महासिग थाना सिकन्दरा राऊ जिला हाथरस (उ.प्र.), धीरेन्द्र पिता रामसरन यादव उम्र 38 साल निवासी ग्राम गदाई नगला मीरा पोस्ट मीसोली थाना जलेसर जिला एटा (उ.प्र.) को गिरफ्तार कर आरोपियों से सोने की एक जेन्स चेन वजन करीवन 1 तोला कीमती करीवन 1,40,000 रुपये , सोने के मंगलसूत्र के दो पेंडिल वजन करीवन 5 से 6 ग्राम अलग अलग कुल कीमती 1,40,000 रुपये, चांदी की एक जोड पायल वजन करीवन 100 ग्राम कीमती करीवन 22,000 रुपये, चांदी की एक जोड विछिया कीमती करीवन 2000 रुपये, चांदी की छोटी बच्ची की चेन कीमती करीवन 1600 रुपये कुल कीमती 3,05,600 रुपये बरामद किये आरोपी आमतौर पर ट्रेनों में जनरल कोच में यात्रा करते है , आरोपी भीड भाड का फायदा उठाकर वे स्वयं यात्री बनकर ऊपर की सीटों पर रखे बैगो को निशाना बनाते है।

प्रकरण में चोरी गये जेवरातों को मद्देनजर रखते हुये पुलिस अधीक्षक यशपाल सिहं राजपूत रेल इकाई इंदौर के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमन्त चौहान एवं उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया विवेचना के दौरान तकनीकी सहायता और मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुये उत्तर प्रदेश से गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया दो को पुर्व में ही गिरफ्तार कर जिला जेल राजगढ भेजा गया है। शेष तीन फरार आरोपियों की एवं चोरी गये शेष माल की तलाश जारी है ।



पंचायत सचिव जाट ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय नौगावा में टेबल-बेंच भेंट की

तराना। स्थानीय एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय नौगावा में विद्यार्थियों की सुविधा हेतु टेबल-बेंच वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत सचिव विक्रम सिंह जाट ने पहल करते हुए अपने निजी व्यय से विद्यालय के बच्चों के लिए टेबल-बेंच उपलब्ध कराईं, जिससे अब विद्यार्थियों को बैठने के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार गहलोत रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कवि सुनील गाइड, सरपंच रमेशचंद्र परिहार एवं पटवारी दीपसिंह परिहार उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य हरिओम पाटीदार, भगवानसिंह पाटीदार एवं संजय जाट भी विशेष रूप से मौजूद रहे।समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने सचिव विक्रम सिंह जाट के इस सामाजिक सरोकार की मुक्तकंठ से सराहना की और कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जनसहयोग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करता है। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्रधान अजय चूड़िया सहित विद्यालय के सभी शिक्षक साथी कालूराम सोलंकी, बाबूलाल मालवीय, भगत सिंह चौधरी एवं पूजा थावलिया उपस्थित रहे। संस्था परिवार व बच्चों ने इस पुनीत कार्य के लिए सचिव महोदय का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का सफल संचालन चेतन शर्मा और पूजा सोनी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का सम्मान कर आभार प्रदर्शन किया गया। उक्त जानकारी संस्था प्रधान अजय चूड़िया द्वारा दी गई।

विद्यालय में वर्षा जल संचयन प्रणाली एवं शौचालय का सहयोग से जीर्णोद्धार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौंरासा



सोनकच्छ तहसील के ग्राम भौंरासा स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौंरासा एवं शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय में टीएसीसी लिमिटेड के सहयोग से विद्यालय में आवश्यक सुविधाओं के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौंरासा में वर्षा जल संचयन प्रणाली का निर्माण करवाया गया, वहीं शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय में शौचालय का जीर्णोद्धार करवाया गया।

इस पहल का उद्देश्य वर्षा जल के संरक्षण को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में सहयोग करना है। वर्षा जल संचयन प्रणाली के माध्यम से वर्षा के जल को संरक्षित करने के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

इस अवसर पर टीएसीसी लिमिटेड की ओर से किए गए इस सहयोग को सामाजिक पर्यावरणीय उत्तरदायित्व (सीईआर) तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया गया। इस पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के महत्व को भी रेखांकित किया गया।

विद्यालय परिवार की ओर से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती नीता पंवार और बालक माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजेंद्र यादव तथा अन्य शिक्षकगण ने टीएसीसी लिमिटेड के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अधिकारियों का स्वागत कर उन्हें अभिनंदन पत्र भेंट किया।

राठी के निधन पर गॉर्ड ऑफ आनर के साथ अंतिम विदाई दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

नगर के लोकतंत्र सेनानी वरिष्ठ अधिवक्ता आ.ज.पा. नेता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सरस्वती शिशु मंदिर के सक्रिय कार्यकर्ता नगर पालिका एल्डरमैन कमल राठी के पिता श्री कांतिलाल राठी का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। निधन के समाचार सुन संघ के कार्यकर्ता, अधिवक्ता व परिवारजन उनके निवास स्थान पर एकत्र होने लगे। उनके निवास स्थान के बाहर अनुविभागीय अधिकारी अजय हिंगे व तहसीलदार संतुष्टि पाल की उपस्थिति में महिदपुर पुलिस द्वारा गॉर्ड ऑफ आनर दिया गया। इसके पश्चात उमा पाण्डे ने माल्यार्पण कर भा.ज.पा. ध्वज अर्पित किया। पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, भा.ज.पा. जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने माल्यार्पण किया। फूलों से सजी ट्रॉली में अंतिम यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई सत्या श्मशान पहुँची। अंतिम यात्रा मार्ग पर पटाखे फोड़े गये और पुष्प वर्षा की गई।

सत्याश्रम धाम में परिवारजनों ने मुखाग्नि दी। पश्चात लोकतंत्र सेनानी डॉ. मनोहर सोनी की अध्यक्षता में शोक सभा हुई जिसमे लोकतंत्र सेनानी नरेन्द्र कुमार चौधरी, पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हाकम डोडिया, पत्रकार शांतिलाल छजलानी, वरिष्ठ अधिवक्ता भगवानसिंह पंवार, अरुण बुरड़, आदि वक्ताओं ने स्व. राठी के जीवन, समर्पण पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

झोंकर मंडलम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती से किसान परेशान



मक्सी। झोंकर, लालपुरा, सूरजपुर, उपडा, बेसरापुर, पलसावद सोन, खोकरिया, हनोती, बड़नपुर, भंवरी, रूल्की, कपालिया, सिरोलिया, पीर उमरोद एवं सामंगी सहित आसपास के गांवों में बिजली की अनियमित आपूर्ति से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ हमारा क्षेत्र पहले से ही जल संकट से जूझ रहा है, वहीं दूसरी तरफ किसानों को खेती के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। ऐसे में किसान अपनी फसल और अगली पैदावार को लेकर चिंतित हैं। आमजन भी बिजली कटौती से परेशान हैं। इसी जनसमस्या को लेकर आज मक्सी विद्युत मंडल पहुंचकर सहायक अभियंता (अ.ए.) साहब से मुलाकात की और ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को मजबूती से उनके सामने रखा। अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि आगे से हमारे क्षेत्र में बिजली कटौती नहीं होने दी जाएगी।

श्यामपुरा के विद्यार्थियों ने किया आईटीआई का शैक्षणिक भ्रमण

छात्र-छात्राओं ने जानी तकनीकी शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार की संभावनाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुरा की कक्षा 9वीं एवं 11वीं के लगभग 120 से 130 छात्र-छात्राओं ने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सुसनेर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न तकनीकी ट्रेडों, व्यावसायिक प्रशिक्षण, रोजगार के अवसरों और स्वरोजगार की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आईटीआई की विभिन्न प्रशिक्षण कार्यशालाओं, मशीनों, उपकरणों और व्यावहारिक प्रशिक्षण गतिविधियों का अवलोकन किया। प्रशिक्षण अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में तकनीकी एवं कौशल आधारित शिक्षा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा विभिन्न उद्योगों में रोजगार हासिल करने के साथ स्वयं का व्यवसाय भी स्थापित कर सकते हैं। प्रशिक्षकों ने विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश प्रक्रिया, प्रशिक्षण के दौरान दिए जाने वाले व्यावहारिक ज्ञान तथा प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने तकनीकी शिक्षा से जुड़े विषयों पर प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में शासन की योजना के अंतर्गत पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या रहे। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष अजब सिंह देवड़ा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष अमित राठौर एवं युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष अंकित पाटोदी मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना तथा अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा समस्त अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर आकांक्षा शर्मा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अतिथियों के कर-कमलों द्वारा पात्र छात्राओं को नवीन साइकिलों का वितरण किया गया।

छात्राओं को आवागमन में सुविधा होगी- पण्ड्या

संबोधन के दौरान मुख्य अतिथि विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या ने कहा कि दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को आवागमन में सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा यह योजना चलाई जा रही है। साइकिल मिलने से छात्राओं का समय बचेगा और वे अपनी पढ़ाई पर बेहतर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी।

ई स्कूटी पाकर खिले स्कूली छात्र छात्राओं के चेहरे- समारोह पूर्वक ई स्कूटियों का वितरण



महिदपुर रोड। नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूली छात्र-छात्राओं को प्रदेश शासन की स्कूली बच्चों को बोर्ड स्तर की वार्षिक परीक्षा ओं में अच्छे अंकों से सफलता प्रा स करने के लिये प्रोत्साहन स्व रूप दी जाने वाली स्कूटियों का सोमवार को तीन छात्रों को आज एक कार्यक्रम के अंतर्गत वितरण किया गया। प्राचार्य शिवनारायण बाम निया ने इन तीनों छात्र-छात्राओं में अंतिम बालू सिंह कला संकाय की छात्रा होकर पास के गांव से अध्यापन करने नगर के हायर सेकेंडरी स्कूल में आती थी वही दो अन्य छात्र भरत सुखराम भी मावत मनीष हिम्मत लाल भी ग्रामीण अंचल से यहां रोजाना अध्यापन करने आते थे। विद्यालय के शिक्षकों स्कूली से शिक्षक शिक्षिकाओं की उप स्थिति में इन तीनु छात्र छात्राओं को माला पहनाकर स्कूटी की चाबी प्रदान की गई इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक अशोक पोरवा ल ,बंसीलाल सौलंकी, गीता रावत, हरीश सौलंकी ,मुकेश दपकरा, अरुण सिंह आदि शिक्षक शिक्षि काऐं उपस्थित रहे।

जन शिक्षक कादरा का विदाई समारोह

सुसनेर। विकासखंड के समीपस्थ जन शिक्षा केंद्र मोड़ी के जन शिक्षक शिवनारायण कादरा का सभी जन शिक्षा केंद्र के शिक्षकों द्वारा सम्मानपूर्वक समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी बीआरसी राधेश्याम पाटीदार संकुल प्राचार्य बालचंद बागरी पूर्व प्राचार्य गिरिराज बंसिया, शिक्षाविद भेरूलाल शर्मा, बीएससी रामदयाल गुर्जर, एम आरसीओम प्रकाश बोहरा, जन शिक्षक जगदीश पाटीदार , गोवर्धन बोहरा आदी के द्वारा माता सरस्वती के दीप प्रज्वलनएवं माल्यार्पण के साथ में हुआ । सभी अतिथियों एवं जन शिक्षा केंद्र के शिक्षकों द्वारा शाल श्रीफल एवं पुष्प मालाओं के द्वारा स्वागत सत्कार किया गया । विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी द्वारा उनके कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उन्होंने समर्पित भाव से शिक्षा विभाग की सेवा करते हुए अपने कर्तव्यों का उनका निर्वहन किया है।

लोकार्पण : नपा को मिली नवीन फायर वाहन की सौगात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

नगर पालिका परिसर में बुधवार को विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या के मुख्य आतिथ्य में नवीन फायर वाहन का विधिवत पूजन कर लोकार्पण किया गया।

विधायक पण्ड्या ने फायर वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि नगर की सुरक्षा और आपातकालीन सेवा के लिए यह आधुनिक फायर वाहन मील का पत्थर साबित होगा। अब आगजनी जैसी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव होगी। नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या ने बताया कि लंबे समय से नवीन फायर वाहन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, इस वाहन के आने से न केवल नगर बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी आपातकालीन सेवाएं सुदृढ़ होंगी।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष नवीन राठौड़, जिला महामंत्री श्याम शर्मा, जिला मंत्री विजय चौधरी, अंकित त्रिवेदी, अंकित पाटोदी, जल सभापति अजय दौराया, एल्डरमेन किशोर पांचाल, मधुसुदन गुर्जर, महेश सेन, अशोक शाह, राजकुमारी निम्बोला, पार्षद प्रतिनिधि लालबहादुर बादशाह, रवि हिंडोलिया सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, पार्षदगण एवं नगर पालिका स्टाफ उपस्थित रहा।

सेवा संकल्प अभियान के तहत जन शिक्षा केंद्र के शिक्षकों की बैठक आयोजित



बडौद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुदवास में जन शिक्षा केंद्र के शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के उद्देश्यों, शैक्षणिक गतिविधियों तथा विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के बीच समन्वय स्थापित करना, विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाना तथा शासन की शैक्षणिक योजनाओं और निदेशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर शिक्षकों ने शैक्षणिक कार्यों को बेहतर बनाने, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में विचार-विमर्श किया। साथ ही, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया गया।

एक गांव बनेगा हेलमेट युक्त, शोरूम से दो हेलमेट देने की अपील करेंगे एएसपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर ने पदभार ग्रहण करने के बाद बुधवार शाम अकोदिया थाने में शांति समिति की बैठक ली। बैठक में यातायात सुरक्षा, ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं और सामाजिक व्यवस्थाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। एएसपी ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एक गांव को गोद लेकर उसे पूरी तरह हेलमेट युक्त गांव बनाने की पहल की घोषणा की।

एएसपी तारणेकर ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट नहीं पहनना और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करना दुर्घटनाओं में गंभीर चोट और मौत का बड़ा कारण बनता है। यातायात नियमों का पालन केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी और दूसरों की जान बचाने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोगों को यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। साथ ही, बाइक शोरूम संचालकों से



अपील की जाएगी कि वे नई बाइक बेचते समय ग्राहकों को दो हेलमेट उपलब्ध कराएं, ताकि चालक के साथ पीछे बैठने वाला व्यक्ति भी सुरक्षित रहे।

एएसपी ने शुजालपुर क्षेत्र से अपने पुराने जुड़ाव का जिक्र करते हुए स्थानीय लोगों से संवाद किया। उन्होंने बिजली पर निर्भरता कम करने और ऊर्जा संरक्षण के लिए सौर ऊर्जा के अधिकाधिक उपयोग की अपील भी की।

किसानों से वसूली के मामले में सख्त रुख

बैठक में कंजर समुदाय के कुछ लोगों को नेपा के नाम पर पैसे देने की प्रथा का मुद्दा भी उठा। बताया गया कि कुछ किसान खेतों और फसलों को नुकसान से बचाने की आशंका के चलते पैसे देते हैं, जबकि पैसे नहीं देने वाले किसानों के खेतों को नुकसान पहुंचाए जाने की शिकायतें भी सामने आती हैं। इस पर एएसपी ने स्पष्ट किया कि अवैध वसूली या किसी को डराने-धमकाने जैसी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

रश्मिका मंदाना ने 400 परिवारों को लिया गोद...

रश्मिका मंदाना और उनके पति विजय देवरकोंडा की फिल्म 'रणबाली' रिलीज के लिए तैयार है। रश्मिका इसमें जयम्मा के रोल में दिखेंगी। फिल्म की रिलीज से पहले रश्मिका ने एक ऐसा काम किया है, जिसकी वजह से वह सुर्खियों में आ गई हैं। उन्होंने 400 परिवारों को गोद लिया है। एक्ट्रेस ने अपनी इस सामाजिक सेवा की जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की है। उन्होंने लिखा, आप जिन किरदारों को निभाते हैं, उनमें कुछ ऐसा होता है जो आपको प्रभावित करता है। लोग मुझसे पूछते हैं कि क्या जयम्मा और मुझमें कोई समानता है? मेरा जवाब है-हां। आज मैंने 400 परिवारों को गोद लिया है और मैं एक बार में उनकी 3 महीने तक मदद करना चाहती हूं और अगले एक साल तक इसे जारी रखना चाहती हूं। उम्मीद है कि वे किराने के सामान पर होने वाले खर्च को बचाकर अपने भविष्य की बेहतर योजना बना सकेंगे।₹ रश्मिका ने फैंस को प्रेरित करते हुए आगे कहा कि छोटा सा नेक काम किसी के जीवन को बदल सकता है।





एक अनुभव से बदल गया करियर

सारा अली खान ने साल 2018 में 'केदारनाथ' से डेब्यू किया था। फिर लगातार कई अच्छी फिल्मों में काम करके वह नई पीढ़ी की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक बन गईं। हालांकि, फिल्मों में आने से पहले सारा की जिंदगी कुछ अलग थी। वह कोलंबिया यूनिवर्सिटी में इतिहास की पढ़ाई कर रही थीं। आगे कानून की डिग्री हासिल करके अलग ही क्षेत्र में करियर बनाना चाहती थीं। लेकिन यूनिवर्सिटी में आए एक अनुभव ने उनकी दिशा ही बदल दी। हाल ही में अनिल कपूर के शो 'इंडिया के टॉप 1 पर्सेंट' में सारा ने बताया कि कोलंबिया यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के दौरान उन्होंने थिएटर का कोर्स किया था। उन्हें मंच पर अभिनय करने का मौका मिला। इसी दौरान एहसास हुआ कि अभिनय के प्रति उनका बचपन का जुनून आज भी बरकरार है। उन्होंने इसे नजरअंदाज करने के बजाय तय किया कि उन्हें कम से कम एक बार अभिनय की दुनिया में किस्मत जरूर आजमानी चाहिए। यही अनुभव उनके फिल्मी करियर की शुरूआत की वजह बना। सारा ने बताया कि फिल्मों में आने से पहले उनका वजन करीब 100 किलो था। उस समय वह अपनी फिटनेस को लेकर ज्यादा सतर्क नहीं थीं। बॉलीवुड में कदम रखने से पहले उन्होंने अपनी फिटनेस पर काफी मेहनत की और खुद को पूरी तरह बदल दिया।

पहली बार असली डर दिखाएंगी कृति सैनन

कृति सैनन ने अपने अब तक के करियर में कई तरह के किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीता है। 'कॉकटेल 2' की ग्लैमरस ऐली अब बड़े पर्दे पर खौफ पैदा करने की तैयारी में हैं। खबर है कि पहली बार वह पूरी तरह हॉरर जॉनर की फिल्म में काम करने जा रही हैं। यह हॉरर-कॉमेडी फिल्मों के लिए मशहूर मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली एक बड़े बजट की हॉरर फिल्म होगी। इसका प्री-प्रोडक्शन वर्क भी शुरू हो गया है। मैडॉक की 'भेड़िया' और 'कॉकटेल 2' में काम कर चुकीं कृति की इस नई फिल्म का नाम फिलहाल तय नहीं हुआ है। कुछ दिनों पहले एक्ट्रेस ने कहा था कि उन्हें हॉरर फिल्में देखना पसंद नहीं हैं, लेकिन बतौर अभिनेत्री खुद को चुनौती देने के लिए उन्होंने इस शैली को आजमाने की प्रबल इच्छा जताई थी।



द डर्टी पिक्चर 2 पर विद्या ने तोड़ी चुप्पी

विद्या बालन की साल 2011 में आई 'द डर्टी पिक्चर' के लिए बड़ी तारीफ हुई थी। साउथ की लोकप्रिय एक्ट्रेस सिल्क स्मिता पर आधारित इस फिल्म में उन्होंने लीड रोल निभाया था। विद्या को इसके लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला था। निमार्ता एकता कपूर ने इस फिल्म का सीक्वल बनाने की हाल ही में घोषणा की है। फैंस के मन में सवाल यह है कि क्या सीक्वल में विद्या बालन ही एक बार फिर लीड रोल में नजर आएंगी? विद्या ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। इन दिनों फिल्म 'जेलर 2' को लेकर चर्चा में चल रहीं विद्या ने कहा, ₹अब 'सिल्क' को जीवित कैसे करें? मुझे सच में नहीं पता कि एकता क्या प्लान कर रही हैं। 15 साल हो गए हैं। उम्मीद है कि एकता ने कुछ अच्छी कहानी ढूंढ़ी होगी। मैं चैन्नई में हूं। किसी ने मुझे एक आर्टिकल भेजा है। वहीं से मुझे पता चला। सच कहूं तो मुझे बहुत अच्छा लगा। अगर सचमुच सीक्वल आ रहा है तो सच में अच्छी बात है।



रजनी के आगे सब फीके

विद्या बालन अब रजनीकांत की 'जेलर 2' में नजर आएंगी। उनका 'कांता' का किरदार काफी दिलचस्प होने वाला है। बीते दिनों विद्या के किरदार की झलक साझा की गई थी, जिसमें वह सिगरेट फूंकती नजर आ रही थी। 15 अक्तूबर को रिलीज हो रहीं 'जेलर 2' को लेकर विद्या ने कहा, ₹मैंने रजनीकांत की 'जेलर' देखी है। मुझे यह बेहद पसंद आई थी। रजनीकांत की फिल्म तो रजनीकांत की ही होती है। मुझे खुशी है कि डायरेक्टर नेल्सन ने 'कांता' जैसे दिलचस्प किरदार के लिए मुझे चुना। रजनी सर के साथ स्क्रीन शेयर करना मेरे लिए बहुत बड़े सम्मान और गर्व की बात है। अपने किरदार पर एक्ट्रेस ने कहा, ₹कांता मेरे लिए बेहद दिलचस्प किरदार है।

प्रेम कीटाणु फ्लॉप अब आफिया चलीं साउथ

वीर पहाड़िया की फिल्म 'प्रेम कीटाणु' इसी महीने की शुरूआत में रिलीज हुई थी। इसमें उनके साथ आफिया सैयद ने एक्टिंग डेब्यू किया था। आफिया, दिग्गज फिल्म निमार्ता साजिद नाडियाडवाला की भांजी हैं। पहली हिंदी फिल्म फ्लॉप हुई। अब आफिया 'एलियास रुक्मिणी' से तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं। इस फिल्म में वह निथिन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। टॉलीवुड में कदम रखने को लेकर खुशी जाहिर करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि



Sport

होप ने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा; अभिषेक-सैमसन से भिड़े वेस्टइंडीज के प्लेयर्स

क्रिकेटः भारत ने टी-20 में 2000 छक्के पूरे किए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वेस्टइंडीज ने चौथे टी-20 मैच में भारत को 24 रन से हरा दिया। हैदराबाद में खेले गए इस मैच के दौरान भारत ने टी-20 इंटरनेशनल में 2 हजार छक्के पूरे किए। शाई होप ने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वे वेस्टइंडीज के लिए टी-20 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। भारत ने 2 हजार छक्के पूरे कर लिए हैं। वह यह मुकाम हासिल करने वाली दुनिया की दूसरी टीम बन गई। टीम के नाम अब 2010 छक्के हैं। वेस्टइंडीज 2,026 छक्कों के साथ पहले स्थान पर है।

होप वेस्टइंडीज के लिए टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने क्रिस गेल और इविन लुईस के 2-2 शतक को पीछे छोड़ा। होप ने टी-20 इंटरनेशनल में 16वां 50+ स्कोर बनाया। उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा फिफ्टी या उससे ज्यादा का स्कोर बनाने में क्रिसे गेल की बराबरी की। दोनों ने 16-16 बार कारनामा किया। वेस्टइंडीज ने हैदराबाद में पावरप्ले में 1 विकेट खोकर 79 रन बनाए। यह भारत के



खिलाफ वेस्टइंडीज का सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। इससे पहले टीम ने 2016 में लॉडरहिल में बिना विकेट खोए 78 रन बनाए थे। कीमो पॉल ने हैदराबाद में 41 रन देकर 5 विकेट लिए। वे भारत के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल में 5 विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं। उनसे पहले वेस्टइंडीज के ही ओबेड मैकॉय 2022 में यह कारनामा किया था।

मयंक ने रदरफोर्ड का छोड़ा कैच

19वें ओवर में शेरफेन रदरफोर्ड का कैच छूटा। प्रिंस यादव ने ओवर की पांचवी गेंद तेज शॉर्ट डाली। इस पर रदरफोर्ड ने आगे बढ़कर शॉट खेलने की कोशिश की। गेंद शॉर्ट फाइन लेग की ओर गई, जहां मयंक खड़े थे। उन्हें लगा कि वे आसानी से कैच पकड़ लेंगे, लेकिन वे गेंद की लाइन में ही नहीं आ पाए और कैच छूट गया।

तिलक के कैच छोड़ने पर होप का शतक पूरा हुआ- पहली पारी की आखिरी गेंद पर तिलक वर्मा ने होप का कैच छोड़ दिया। 96 रन बनाकर खेल रहे होप ने नितीश रेड्डी की गेंद पर लॉन्ग-ऑन की ओर शॉट खेला। तिलक कैच पकड़ने के लिए बाईं ओर गए, लेकिन फ्लडलाइट्स में गेंद ठीक से नहीं देख सके और कैच छूट गया।

जिम्नास्टिक कोच को 90 साल की जेल

वाशिंगटन। अमेरिका में 39 साल को जिम्नास्टिक्स कोच सीन गार्डनर को 90 साल जेल की सजा सुनाई गई है। यूएस डिस्ट्रिक्ट जज क्रिस्टी जॉनसन ने यह सजा सुनाई। 2025 में गार्डनर को एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। गार्डनर ने दिसंबर 2017 से अप्रैल 2018 के बीच 10 से ज्यादा नाबालिग छात्राओं के न्यूड वीडियो बनाया था। उसने जिम के बाथरूम में हिडेन कैमरा लगाया था। ये सभी वीडियो कई साल बाद गार्डनर के कंप्यूटर से मिले थे। कोर्ट ने गार्डनर को तीन मामलों में दोषी करार दिया। जज ने गार्डनर को हर आरोप में 30 साल जेल की अधिकतम सजा दी। गार्डनर आयोवा के वेस्ट डेस मोइनेस स्थित चाउज जिम्नास्टिक्स एंड डांस इंस्टीट्यूट में भी कोच रह चुका था। वहां ट्रेनिंग लेने वाली कई पूर्व छात्राओं ने उस पर यौन शोषण के आरोप लगाए हैं।

बुमराह न्यूजीलैंड वनडे सीरीज से बाहर रह सकते हैं

नई दिल्ली। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज से बाहर रह सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, टीम मैनेजमेंट उन्हें वनडे के बजाय टेस्ट सीरीज के लिए तैयार रखना चाहता है। बुमराह अहमदाबाद में टेस्ट की तैयारी शुरू कर चुके हैं। इस महीने के आखिर में उनके इउउक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचने की संभावना है। इसके बाद वे न्यूजीलैंड रवाना हो सकते हैं। पहला टेस्ट 19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होना है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, लंबे दौरे को देखते हुए टीम बुमराह के वर्कलोड को प्राथमिकता देना चाहती है।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **आनंदकुमार ने जीता रजत पदक-** भारत के आनंदकुमार वेलकुमार ने पैराग्वे में आयोजित वर्ल्ड स्केटिंग गेम्स में पुरुषों की 1000 मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में रजत पदक जीता। वह स्वर्ण पदक से मामूली अंतर से चूके।
- **डेनमार्क ओपन में सिंधु की चुनौती-** बैडमिंटन के डेनमार्क ओपन में पीवी सिंधु महिला एकल के मुकाबले में जर्मनी की यवोन ली से भिड़ने वाली हैं। भारतीय खिलाड़ी टूर्नामेंट में मजबूत प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगी।
- **फीफा ई-फाइनल्स स्थगित हुए-** सऊदी अरब में सुरक्षा चिंताओं के कारण फीफा ई-फाइनल्स 2026 स्थगित कर दिए गए हैं। टूर्नामेंट जेद्दा में 16 से 25 अक्टूबर तक आयोजित होना था। नई तारीखों की घोषणा बाद में होगी।
- **दक्षिण अफ्रीका को वापसी की उम्मीद-** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में 214 रन से हार के बाद दक्षिण अफ्रीका के कोच शुक्री कॉनराड ने टीम से संयम और बेहतर बल्लेबाजी करने की अपील की।
- **भारत की अगली टी-20 भिड़ंत शनिवार-** भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांचवां टी-20 मुकाबला 17 अक्टूबर को बेंगलुरु में खेला जाएगा। चौथे मैच में हार के बाद भारतीय टीम सीरीज जीतने के लिए मैदान पर उतरेगी।
- **अभिषेक शर्मा ने बनाया विश्व रिकॉर्ड-** वेस्टइंडीज के खिलाफ चौथे टी-20 मुकाबले में अभिषेक शर्मा ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया।

कैरेबियाई पेसर की खेल भावना पर सवाल उठाए

भारत की हार पर भड़के सुनील गावस्कर:फुलटॉस डालकर पिच को दोष न दें

एजेंसी ▸▸ मुंबई

दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर चौथे टी-20 में टीम इंडिया की हार पर भड़क गए। उन्होंने कहा- ह्यभारत की हार की वजह खराब गेंदबाजी थी, पिच नहीं।ह्व

गावस्कर ने कहा कि भारतीय गेंदबाजों ने कई फुलटॉस और खराब लेंथ की गेंदें डालीं। उन्होंने कहा कि गेंदबाज अपने प्लान को एक्सिक्यूट नहीं कर पाएं, तो पिच को दोष नहीं दे सकते। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी माना कि गेंदबाजी में प्लान को सही तरह लागू नहीं करना भारी पड़ा। बुधवार को भारतीय टीम को हैदराबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ 24 रन से हार मिली।

इससे पहले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी बल्लेबाज और गेंद के बीच बेहतर मुकाबला कराने वाली पिचों की मांग कर चुके हैं। गावस्कर ने



जियोहॉटस्टार पर कहा कि भारत की गेंदबाजी की कमियों के कारण वेस्टइंडीज ने बड़ा स्कोर बनाया। हम अक्सर पिचों की बात करते हैं और उन्हें दोष देते हैं। कहते हैं कि पिच गेंदबाजों की मदद नहीं करती। लेकिन अगर आप फुलटॉस डालते हैं, तो पिच को दोष नहीं दिया जा सकता।

प्लेयर्स ने बताया कि गेंद पिच पर रुककर आ रही थी

राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम की दोबारा बिछाई गई पिच से गेंदबाजों को कुछ मदद मिली। खिलाड़ियों ने बताया कि गेंद कभी-कभी पिच पर रुककर आई और उछाल भी दिखा। हालांकि, गावस्कर का कहना था कि गेंदबाजों को इन परिस्थितियों का बेहतर इस्तेमाल करना चाहिए था। गावस्कर ने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ की खेल भावना पर भी सवाल उठाए। मैच के दौरान शमार ने अर्शदीप सिंह को बाउंसर मारी, जोकि उनके कंधे पर लगी। इसके बाद अर्शदीप विकेट छोड़कर बल्लेबाजी करने लगे। इसके बावजूद शमार ने अर्शदीप की बॉडीलाइन पर गेंदबाजी जारी रखी। उन्होंने एक और बाउंसर मारी।

गावस्कर ने कहा कि गेंदबाजों को पिच का फायदा उठाने के लिए सही जगह गेंद डालनी होगी। फुलटॉस और पिच के बीच में पड़ने वाली गेंदों से बल्लेबाजों को रन बनाने का मौका नहीं देना चाहिए। गावस्कर ने कहा कि वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने बाद में सही लेंथ और यॉर्कर डाली।

न्यूज कॉलम

प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी सड़क की हालत खराब

धार। जिले की सरदारपुर तहसील में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क की हालत खराब होने लगी है। सरदारपुर-बदनावर मार्ग से मोलाना तक करीब 2 किलोमीटर लंबी सड़क पर कई जगह गिट्टियां उखड़ गई हैं। वाहन गुजरने पर गिट्टियां उछलकर चालकों को लगने का खतरा बना रहता है। सड़क की संधारण अवधि जारी होने के बावजूद मरम्मत नहीं होने से निर्माण गुणवत्ता और विभागीय निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं। सड़क के शुरूआती करीब आधा किलोमीटर हिस्से को देखकर लगता है कि इसका निर्माण कुछ महीने पहले ही हुआ है।


आलीराजपुर जिले के चांदपुर में 1.62 करोड़ की शराब पकड़ी

आलीराजपुर। आलीराजपुर जिले के चांदपुर में 11 अक्टूबर को 1.62 करोड़ रुपए की शराब पकड़े जाने के बाद पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश पटेल ने पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा कि 138 सीसीटीवी कैमरे और 27 संवेदनशील स्थानों पर निगरानी के बावजूद शराब से भरा ट्रक नानपुर और आलीराजपुर थाना क्षेत्रों से होकर कैसे गुजर गया। वहीं एसपी रघुवंश सिंह भदौरिया ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

धार में निकलेगी 22वीं सर्वधर्म सद्भाव चुनरी कलश यात्रा

धार। शारदीय नवरात्रि की छठी तिथि पर 16 अक्टूबर को धार शहर में 22वीं सर्वधर्म सद्भाव चुनरी कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में 7 हजार से अधिक कलशधारी मातृशक्ति सहित हजारों माता भक्त शामिल होंगे। यात्रा की शुरूआत लकी चौराहा से होगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गढ़ कालिका माता मंदिर पहुंचेगी। यहां यात्रा का समापन होगा। पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्वर्गीय मोहन सिंह बुंदेला के नेतृत्व में 22 वर्ष पहले शुरू हुई इस यात्रा का उद्देश्य नगर, जिले और देश में सुख-शांति, सांप्रदायिक सद्भावना और खुशहाली की कामना करना है।

धार में वाहन पलटने से 7 बच्चों समेत 11 घायल



15 लोग सवार थे, दूसरे वाहन को बचाने में हुआ हादसा, एक महिला की हालत गंभीर

धार। नौगांव थाना क्षेत्र के नागदा गुजरी मार्ग के ग्राम मलगांव फाटे के पास गुरुवार को सड़क हादसा हो गया। सेंधवा से रतलाम जिले के अंबा गांव जा रहा महिला, पुरुष और बच्चों से भरा 407 जुगाड़ वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में करीब 11 लोग घायल हुए हैं, जिनमें सात बच्चे भी शामिल हैं। वाहन में 3 से 4 महिलाएं भी सवार थीं। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से धार जिला अस्पताल पहुंचाया गया। एक महिला की हालत गंभीर होने पर उसे आईसीयू में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार, वाहन में करीब 15 लोग सवार थे। सभी एक ही गांव के रहने वाले हैं और मेलों में खेलकूद के आयोजन करते हैं। ये लोग मेलों में रस्सी पर चलने के करतब दिखाने का काम करते हैं। सभी सेंधवा से रतलाम जिले के अंबा गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मलगांव फाटे के पास सामने आए एक चार पहिया वाहन को बचाने के प्रयास में ड्राइवर वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद 407 जुगाड़ वाहन सड़क पर पलट गया।

नैनो न्यूज

- **किराना बाजार में मांग का नया रुझान-** इंदौर के किराना कारोबार में ग्राहकों की खरीदारी सूची बदली है। व्यापारी अब छोटे पैक और किफायती उत्पादों का स्टॉक बढ़ा रहे हैं।
- **ऑटोमोबाइल बाजार में सर्विसिंग बढ़ी-** शहर के वाहन सर्विस सेंटरों पर नियमित मेंटेनेंस और पुराने वाहनों की मरम्मत का काम बढ़ा है। इससे स्पेयर पार्ट्स कारोबार को सहारा मिल रहा है।
- **रेडीमेड कपड़ों में नए डिजाइन-** इंदौर के रेडीमेड कपड़ा बाजार में नए डिजाइन और आरामदायक परिधानों की मांग पर कारोबारी ध्यान दे रहे हैं। दुकानदार सीमित मात्रा में नए स्टॉक मंगा रहे हैं।
- **होटल कारोबार में नई रणनीति-** होटल संचालक कॉर्पोरेट बुकिंग, पारिवारिक समारोह और छोटे आयोजनों पर ध्यान दे रहे हैं। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए सुविधाओं में बदलाव किए जा रहे हैं।
- **प्रॉपर्टी बाजार में प्लॉट पूछताछ-** इंदौर के बाहरी क्षेत्रों में आवासीय प्लॉट खरीदने के इच्छुक लोग सड़क, पानी और भविष्य की कनेक्टिविटी संबंधी जानकारी जुटा रहे हैं।
- **थोक बाजार में पैकिंग की अहमियत-** इंदौर के थोक व्यापारियों के बीच सुरक्षित पैकिंग और समय पर माल पहुंचाने का महत्व बढ़ा है। दुकानदार अब सप्लायर चुनते समय इन बातों पर ध्यान दे रहे हैं।
- **फर्नीचर बाजार में मॉड्यूलर विकल्प-** शहर के फर्नीचर कारोबार में जगह बचाने वाले मॉड्यूलर डिजाइन की पूछताछ हो रही है।

17 खातों में मिले 10 लाख, अधिकारियों की गाड़ियां चलाता था; अब करोड़ों की संपत्ति की हो रही जांच

हेड कॉन्स्टेबल के 22 बैंक खाते लोकायुक्त की जांच के दायरे में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पुलिस विभाग में आरक्षक के रूप में भर्ती होकर अधिकारियों की गाड़ियां चलाने वाले हेड कॉन्सटेबल फिरोज खान की संपत्तियों को लेकर लोकायुक्त की जांच में कई अहम जानकारियां सामने आई हैं।

लोकायुक्त के मुताबिक, अब तक की जांच में फिरोज खान द्वारा चल-अचल संपत्तियों पर करीब 13.08 करोड़ रुपए खर्च किए जाने का पता चला है। यह राशि उसकी आय की तुलना में 575% अनुपातहीन बताई गई है। 14 अक्टूबर को लोकायुक्त ने इंदौर में फिरोज खान के विभिन्न आवासों और अन्य ठिकानों पर सर्च कार्रवाई की थी। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ाते हुए बैंक खातों, संपत्ति के दस्तावेजों, आरटीओ रिकॉर्ड और शेयर बाजार व म्यूचुअल फंड में निवेश से जुड़ी जानकारी जुटाई जा रही है। जांच में देवास में उसकी लंबी पदस्थापना और वहां रियल एस्टेट में किए गए निवेश की भी पड़ताल की जा रही है।

लोकायुक्त की आधिकारिक जानकारी के अनुसार, अब तक सामने आए 22 बैंक खातों का ब्योरा जुटाने के लिए संबंधित बैंकों को पत्र भेजे गए हैं। इनमें से 17 खातों की जानकारी



मिल चुकी है। इन खातों में अंतिम शेष राशि के रूप में कुल 10 लाख रु. से ज्यादा जमा पाए गए हैं। बाकी पांच खातों की जानकारी अभी जुटाई जा रही है।

जांच एजेंसी ने खातों से राशि निकालने पर रोक लगाने और खातों में उपलब्ध अंतिम शेष राशि का ब्योरा देने के लिए भी बैंकों को पत्र भेजे हैं। शेयर बाजार और म्यूचुअल फंड में निवेश की जानकारी लेने के लिए संबंधित संस्थाओं को पत्र लिखे गए हैं। आरटीओ सहित अन्य विभागों से भी रिकॉर्ड मांगे गए हैं। अभी तक की जांच में किसी बैंक लॉकर की जानकारी सामने नहीं आई है।

रियल एस्टेट में निवेश अलग-अलग नामों पर संपत्तियों की पड़ताल

जांच से जुड़ी जानकारी के अनुसार, देवास के इटावा क्षेत्र और आसपास के इलाकों में कृषि भूमि, प्लॉट और मकानों की खरीद की पड़ताल की जा रही है। संपत्तियां केवल फिरोज खान या उसके परिवार के नाम पर ही नहीं, बल्कि रिश्तेदारों और परिचित महिलाओं के नाम पर खरीदे जाने की जानकारी भी जांच के दायरे में है।

इंदौर में बिल्डिंग के ऊपरी फ्लोर पर परिचित महिला का निवास

लोकायुक्त अब संपत्तियों के दस्तावेज, रजिस्ट्री में दर्ज कीमत, भुगतान के सोर्स और वास्तविक निवेशक की भूमिका का मिलान कर रही है। इंदौर के स्कीम-94 स्थित एक बहुमंजिला इमारत को लेकर भी जानकारी सामने आई है। बताया गया है कि इमारत का ऊपरी हिस्सा फिरोज खान की एक परिचित महिला निवासरत है, जबकि ग्राउंड फ्लोर सहित दो मंजिलों का हिस्सा एक कंपनी को किराए पर दिया गया है।

देवास में लंबे समय तक पदस्थापना, तबादलों के बावजूद बना रहा जुड़ाव- फिरोज खान मूल रूप से उज्जैन का रहने वाला है। उसके पिता पुलिस विभाग में पदस्थ थे। पिता के तबादले के बाद परिवार देवास आ गया, जहां फिरोज की पढ़ाई हुई। वर्ष 2002 में पुलिस विभाग में भर्ती होने के बाद उसकी पोस्टिंग देवास में हुई थी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, उसके सेवाकाल का बड़ा हिस्सा देवास में बीता। बीच में तबादले होने के बावजूद वह अधिकारियों के साथ अटैचमेंट और चालक की ड्यूटी के चलते लंबे समय तक देवास में रहा। वह सीएसपी स्तर के अधिकारियों सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के वाहन चलाता रहा। करीब दो साल पहले उसकी पदस्थापना इंदौर में हुई थी। अब जांच में उसकी लंबे समय तक रही पदस्थापना के दौरान अर्जित संपत्तियों, निवेश और आय के स्रोतों का मिलान किया जा रहा है।

लकड़ी के कारोबार से रियल एस्टेट तक पहुंचने के दावों की भी जांच- जांच से जुड़े इनपुट में फिरोज खान के शुरूआती दौर में लकड़ी के कारोबार से जुड़ने और बाद में रियल एस्टेट में निवेश करने की बात भी सामने आई है। जांच का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि करीब 24 साल के सेवाकाल में उसकी वैध आय कितनी रही और इस दौरान उसके तथा उससे जुड़े लोगों के नाम पर कितनी संपत्तियां खरीदी गईं। अलग-अलग नामों पर दर्ज जमीनों और मकानों के पीछे वास्तविक निवेश किसका था, यह दस्तावेजों और वित्तीय लेन-देन की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। लोकायुक्त की ओर से बताया गया है कि मामले में केस दर्ज होने की सूचना पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर और अन्य वरिष्ठ कार्यालयों को भेज दी गई है। फिलहाल जांच एजेंसी बैंक खातों, निवेश, संपत्तियों और संबंधित विभागों से मिले रिकॉर्ड का मिलान कर रही है।

जलसंकट, महापौर ने 50 करोड़ का पैकेज मांगा

मंत्री विजयवर्गीय-सिलावट की अफसरों संग बैठक, 40 लाख आबादी को रोज 800 एमएलडी पानी की जरूरत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश में कमजोर मानसून ने जल संकट की आशंका बढ़ा दी है। प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में सामान्य तौर पर होने वाली करीब 37 इंच बारिश के मुकाबले इस बार 23 इंच पानी ही बरसा है। इसके मद्देनजर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जल प्रबंधन के लिए 50 करोड़ रुपए के पैकेज की मांग की है।

इंदौर में जलसंकट से निपटने के उपायों पर चर्चा के लिए गुरुवार सुबह



नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, इंदौर नगर निगम समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।

इंदौर में 2008 में भी करीब 20 इंच ही बारिश हुई थी, उस समय भी जल संकट की स्थिति बनी थी। अब 18 साल बाद कम बारिश के कारण एक बार फिर गर्मी में पानी की उपलब्धता को लेकर चिंता बढ़ रही है। शहर की आबादी करीब 40 लाख है। घरेलू जरूरतों के लिए रोज करीब 620 एमएलडी (मिलियन लीटर पर डे) पानी की जरूरत होती है। औद्योगिक, व्यावसायिक, संस्थागत और अन्य उपयोग जोड़ने पर कुल मांग 750 से 800 एमएलडी तक पहुंच जाती है।

डीमार्ट के पास नर्मदा पाइपलाइन फूटी

इसी बीच गुरुवार सुबह इंदौर में ही बंगाली चौराहे से बायपास के बीच डीमार्ट के पास नर्मदा की पाइपलाइन फूट गई। फव्वारा इतनी तेजी से फूटा कि जाम लग गया। पानी भरने से अंडरपास भी बंद हो गया। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, शहर की बड़ी आबादी नर्मदा जलापूर्ति पर निर्भर है। इससे रोज करीब 440 एमएलडी पानी शहरवासियों को मिलता है।

धर्मांतरण मामले में धमकाने का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

महिला थाना में दर्ज धर्मांतरण के एक मामले में पीड़िता को धमकाने और गवाही बदलने के लिए 1 लाख रुपए देने की पेशकश का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी के पिता ने युवती को कोर्ट में अपने बेटे के पक्ष में बयान देने के लिए रुपए देने की बात कही। इनकार करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने घटना का वीडियो बना लिया और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने वीडियो सामने आने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

डीएवीवी में होगी गर्भ संस्कार की पढ़ाई, 30 छात्रों को मिलेगा एडमिशन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

गर्भावस्था के दौरान मां का स्वास्थ्य अच्छा रहे और बच्चे का जन्म सुरक्षित तरीके से हो, इसके लिए सही पोषण, नियमित स्वास्थ्य जांच, तनाव प्रबंधन और सुरक्षित शारीरिक गतिविधियों की अहम भूमिका होती है। इन्हीं पहलुओं को अब विश्वविद्यालय स्तर पर पढ़ाने की तैयारी है। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन के स्कूल ऑफ योगा में गर्भ संस्कार पर पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स शुरू किया जाएगा।

गर्भ संस्कार पर केंद्रित यह अपनी तरह का पहला कोर्स होगा। जुलाई 2026-27 सत्र से इसे शुरू करने की योजना है। पहले बैच में 30 विद्यार्थियों को प्रवेश देने का प्रस्ताव है। इस पाठ्यक्रम में भारतीय परंपरा में प्रचलित गर्भ संस्कार की अवधारणा को आधुनिक गर्भावस्था देखभाल से जोड़ने की कोशिश की जाएगी। विद्यार्थियों को गर्भधारण से लेकर प्रसव तक महिला के शरीर में होने वाले बदलावों, भ्रूण के विकास, संतुलित पोषण, योग, प्राणायाम, ध्यान और मां तथा गर्भस्थ शिशु के बीच भावनात्मक जुड़ाव जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे। इसके साथ ही गर्भावस्था के अलग-अलग चरणों में सुरक्षित शारीरिक गतिविधियों और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं की जानकारी भी दी जाएगी।

ढोली तारा गरबा की अनुमति निरस्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

तिलक नगर थाना क्षेत्र में रिंग रोड स्थित होटल एसेंशिया देवा के पास आयोजित किए जा रहे ढोली तारा गरबा महोत्सव की अनुमति पुलिस ने निरस्त कर दी है। आयोजकों पर अनुमति की शर्तों का उल्लंघन करने, पर्याप्त पार्किंग और बैरिकेडिंग की व्यवस्था नहीं करने तथा रिंग रोड पर यातायात बाधित कर आम लोगों की सुरक्षा खतरे में डालने का आरोप है। बुधवार को निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाएं सामने आने के बाद पुलिस ने प्रतिवेदन तैयार किया। इसके आधार पर गुरुवार को एसीपी खजराना, जोन-2 ने आयोजन की अनुमति तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी। आयोजकों ने करीब 3 हजार लोगों की उपस्थिति का उल्लेख करते हुए एसीपी खजराना से अनुमति प्राप्त की थी।

झोलाछाप डॉक्टरों पर गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में कथित झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही के कारण 10 साल की बच्ची की मौत के मामले में पुलिस ने क्लीनिक संचालकों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

खातीवाला टैंक स्थित हर्ष क्लीनिक को स्वास्थ्य विभाग पहले ही सील कर चुका था, लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद संचालकों ने क्लीनिक खोलकर इलाज शुरू कर दिया था। बच्ची को बुखार और खांसी की शिकायत पर यहां लाया गया था। इलाज के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और एमवाय अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

जूनी इंदौर थाना पुलिस के अनुसार खंडवा नाका क्षेत्र में गणेश नगर फोर्स एकेडमी के पास रहने वाले मनोज सोलंकी की 10 वर्षीय बेटी दिव्यांशी को बुखार और खांसी की शिकायत थी।

एलआईसी ने लॉन्च कीं तीन नई बीमा योजनाएं

नई जीवन धारा-टू, हेल्थ शील्ड और नई कैंसर कवर



दैनिक अवन्तिका ▸▸ मुंबई

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक श्री आर. दुरैस्वामी ने तीन नई बीमा योजनाओं का शुभारंभ किया है। इनमें एलआईसी की नई जीवन धारा-II (योजना 892), हेल्थ शील्ड (योजना 907) तथा नई कैंसर कवर (योजना 908) शामिल हैं। ये सभी योजनाएं 19 अक्टूबर, 2026 से एजेंटों व वेबसाइट के माध्यम से खरीद के लिए उपलब्ध होंगी।

1. नई जीवन धारा-II (योजना 892): यह एक व्यक्तिगत, बचत एवं आस्थगित वार्षिकी योजना है, जो सेवानिवृत्ति के बाद गारंटीकृत आय प्रदान करती है। इसमें आस्थगन अवधि पूरी होने के बाद जीवनपर्यंत वार्षिकी भुगतान किया जाता है। पॉलिसी लेते समय ही वार्षिकी दरों की गारंटी दी जाती है। इसमें टॉप-अप वार्षिकी का विकल्प भी उपलब्ध है। प्रवेश की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम 65/70 वर्ष है।

2. हेल्थ शील्ड (योजना 907): यह योजना पूरे परिवार को व्यापक स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा देती है। इसमें अस्पताल में भर्ती होने पर दैनिक नकद लाभ और प्रमुख शल्य चिकित्सा व गंभीर बीमारियों के लिए एकमुश्त राशि का भुगतान किया जाता है। मुख्य बीमित व्यक्ति की आयु 18 से 65 वर्ष के बीच होनी चाहिए, जबकि बच्चों को 90 दिन से 20 वर्ष तक कवर किया जा सकता है। दावा न करने पर स्वास्थ्य बीमा कवर बढ़ाने की सुविधा भी है।

3. नई कैंसर कवर (योजना 908): यह योजना बीमित व्यक्ति को कैंसर का निदान होने पर वास्तविक उपचार लागत से स्वतंत्र निश्चित वित्तीय लाभ देती है। प्रारंभिक अवस्था के कैंसर पर बीमित राशि का 25% और प्रमुख अवस्था पर 100% देय होगा। प्रमुख अवस्था में 10 वर्षों तक लागू बीमित राशि का 1% प्रतिमाह आय लाभ के रूप में भी दिया जाएगा।

PRASHANTI INSTITUTE OF LAW COLLEGE
Approved by BCI & Affiliated to Samrat Vikramaditya Vishvavidhyalay, Ujjain
A Unit of Prashanti Group of Institutions
Inviting applications from qualified, experienced & enthusiastic professionals for:
WE'RE HIRING!
Professor | Associate Professor | Assistant Professor | Librarian
(For Law & Social Science subjects as per BCI & UGC norms)
QUALIFICATIONS & ELIGIBILITY CRITERIA: As per BCI & UGC Norms. (Applicable for Professor, Associate Professor, Assistant Professor and Librarian posts)
SELECTION PROCEDURE: Selection will be conducted under the applicable university statute and regulations.
HOW TO APPLY: Interested candidates are requested to send their latest CV along with self-attested copies of educational qualifications, experience certificates and other relevant documents before 25th Oct. 2026 to: hr@prashantiinstitute.com
CAMPUS: Nr. Mahaveer Tapobhumi, Indore Road, Ujjain (M.P.)
CITY OFFICE: 9, Saket Nagar, Sanwer Road, Ujjain (M.P.)
092327 03637

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com